दैनिक जागरण

अंत:करण की शुद्धता के अभाव में साधना संभव नहीं

# रोजगार की चुनौती

प्रधानमंत्री ने बीसवें रोजगार मेले में इक्यावन हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए यह प्रतिबद्धता जताई कि उनकी सरकार रोजगार बढ़ाने के लिए हर मोर्चे पर काम कर रही है। यह सही है कि मोदी सरकार ने 2022 में पहले रोजगार मेले की शुरुआत करते हुए 2023 के अंत तक दस लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य तय किया था और अभी तक 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। यह स्वाभाविक है कि यह सिलसिला कायम रहेगा, लेकिन सच्चाई यह भी है कि सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं। वास्तव में कोई भी सरकार हो, वह नौकरी के आकांक्षी सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां चाहकर भी नहीं दे सकती। इन स्थितियों में यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि ऐसी परिस्थितियां पैदा की जाएं, जिनसे निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित हो सकें। चूंकि नई तकनीक के आगमन और विशेष रूप से एआइ के कारण नौकरियों की प्रकृति बदल रही है, इसलिए निजी क्षेत्र में भी रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करना एक चुनौती बन गया है। आने वाले समय में यह चुनौती और बढ़ सकती है। यह सही है कि एआइ के चलते नौकरियों के जो परंपरागत अवसर खत्म होंगे, उनके स्थान पर नए अवसर उत्पन्न होंगे, लेकिन इन नए अवसरों को भुनाने के लिए शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने की जो आवश्यकता है, उसकी पूर्ति तो प्राथमिकता के आधार पर की ही जानी चाहिए।

यह ठीक नहीं कि वर्तमान में बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा संस्थानों से ऐसी डिग्रियां लेकर निकल रहे हैं, जिनकी उपयोगिता कम होती चली जा रही है। आने वाले समय में सामान्य डिग्रीधारी छात्रों के लिए रोजगार के अवसर और कम हो सकते हैं। इसे देखते हुए सरकार को शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन के लिए तेजी के साथ कदम उठाने होंगे। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि हाल ही में नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि आठ करोड़ से अधिक युवा ऐसे हैं, जो न तो पढ़ाई कर रहे हैं और न ही कोई कार्य और न ही किसी तरह का प्रशिक्षण ले रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट यह भी कहती है कि केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही ऐसे काम में लगे हैं, जो उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप है। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने बढ़ते स्टार्टअप और कौशल विकास कार्यक्रमों की चर्चा की, लेकिन नीति आयोग के इस आकलन की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि व्यावसायिक शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण की कमी के कारण युवाओं की रोजगार क्षमता प्रभावित हो रही है। इसे देखते हुए नीति आयोग के सुझाव के अनुसार रोजगार की क्षमता बढ़ाने के लिए छठी कक्षा से ही छात्रों की अभिरुचि एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# किसानों को राहत

झारखंड में धान उत्पादन करने वाले किसानों के लिए सरकार की धान खरीद योजना राहत देने वाली है। धान खरीद की प्रक्रिया शुरू करने के साथ समय सीमा निर्धारित करना और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर दिलाने को प्राथमिकता देना सराहनीय कदम है। खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जमीन का सत्यापन करने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है। इससे बिचौलियों की भूमिका सीमित करने और वास्तविक किसानों से ही खरीद सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है। सरकारी स्तर पर धान खरीद में कालाबाजारी और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में धान की उपज से लेकर मिल तक पहुंचने की प्रक्रिया की आनलाइन निगरानी व्यवस्था लागू करना जरूरी है। इससे खरीद, परिवहन और भंडारण में होने वाली गड़बड़ियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। हालांकि, तकनीकी व्यवस्था तभी प्रभावी होगी, जब उसकी नियमित निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो। धान के भंडारण के लिए उच्च क्षमता वाले गोदामों के निर्माण का लक्ष्य भी स्वागतयोग्य है। किसानों की मेहनत का उचित प्रतिफल तभी सुनिश्चित होगा, जब खरीद सुचारु हो, भुगतान समय पर मिले और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे। सरकार को इन तीनों बिंदुओं पर लगातार निगरानी रखनी होगी।

> सरकार ने किसानों से धान खरीद की योजना बनाई है। इसमें पारदर्शिता के साथ समय पर भुगतान को प्राथमिकता दी गई है

# राष्ट्र की राह रोकती न्यायिक शिथिलता



संजय गुप्त

**यदि न्यायपालिका और कार्यपालिका समय पर न्याय देने के उपायों को लेकर सहमति नहीं कायम कर पातीं तो न्यायिक तंत्र में सुधार होना कठिन ही है**

सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या का विवरण रह-रहकर सामने आता ही रहता है। जब ऐसा होता है तो किसी न किसी स्तर पर चिंता व्यक्त की जाती है और फिर सब कुछ पहले की तरह ही चलने लगता है। देखना है कि हाल में आई एक रिपोर्ट पर देश के नीति-नियंता केवल प्रतिक्रिया ही व्यक्त करते हैं या फिर स्थितियों में सुधार के लिए कोई ठोस प्रयत्न भी करेंगे? इस रिपोर्ट के अनुसार देश के उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 65 लाख से अधिक हो गई है। उच्च न्यायालयों में इतनी बड़ी संख्या में मुकदमों के लंबित होने का मतलब है कि हमारी न्यायिक व्यवस्था देश की प्रगति में आड़े आ रही है। यह सभी को विदित होना चाहिए कि किसी भी देश और विशेष रूप से विकासशील देश में यदि त्वरित न्याय नहीं होगा तो सामाजिक स्तर पर तो कुंठा बढ़ेगी ही, नियम-कानूनों का समय पर सही तरह पालन भी नहीं हो पाएगा। यह स्थिति केवल जनता को निराश करने का ही काम नहीं करती, बल्कि आर्थिक प्रगति में अवरोध भी बनती है। समस्या केवल यह नहीं है कि उच्च न्यायालयों में बड़ी संख्या में मुकदमे लंबित हैं, समस्या यह भी है कि उच्चतम न्यायालय में भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है और निचली अदालतों में भी। एक और विडंबना यह है कि एनसीएलटी और न्यायाधिकरणों मे भी लंबित मामले बढ़ रहे हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि इनमें सरकार और कंपनियों अथवा शेयरधारकों के बीच के विवादित मसले जिस तरह उलझते और लंबे खिंचते रहते हैं, उससे भी स्थितियां बद से बदतर होती दिख रही हैं। कुल मिलाकर न्याय के किसी भी मंच पर समय पर न्याय मिलता कठिन होता जा रहा है।

हाई कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या रेखांकित करने वाली रिपोर्ट के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में ऐसी याचिकाएं आती रहती हैं, जिनमें उच्च न्यायालयों को मामले के शीघ्र निस्तारण का निर्देश देने की मांग की गई होती है। यह रिपोर्ट यह भी बता रही है कि उच्च न्यायालयों में सबसे अधिक लंबित मामले इलाहाबाद हाई कोर्ट और राजस्थान हाई कोर्ट में हैं। कुछ ऐसा ही हाल बंबई, मद्रास, कर्नाटक और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट समेत अन्य उच्च न्यायालयों का भी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रत्येक न्यायाधीश की बेंच को औसतन डेढ़-दो सौ मामलों की सुनवाई करनी होती है, लेकिन लंबित मामलों की भारी संख्या एक समस्या बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट की समस्या यह है कि वह उच्च न्यायालयों को किसी मामले की शीघ्र सुनवाई के लिए निर्देश नहीं दे सकता। इसका कारण यह है कि यदि वह कुछ मामलों में ऐसा करेगा तो उसके यहां ऐसी याचिकाओं का तांता लग जाएगा, जिनमें मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की जाएगी।



अवधेश राजपूत

अच्छा होगा कि हमारे नीति-नियंता यह समझें कि वर्तमान न्याय प्रणाली आम जनता से लेकर कारपोरेट जगत और यहां तक कि शासन-प्रशासन की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। समस्या केवल इतनी ही नहीं है कि न्यायाधीशों की कमी है। समस्या न्यायालयों में संसाधनों के अभाव की भी है। एक अन्य समस्या न्यायिक तौर-तरीकों की भी है। इन तरीकों के चलते ही तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम हो जाता है। इस समस्या का समाधान तब तक नहीं होगा, जब तक सरकार, न्यायाधीश और वकील उसके निस्तारण के लिए आपस में मिलकर सक्रिय नहीं होते। इस समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीशों के साथ कार्यपालिका और विधायिका के शीर्ष पदों पर बैठे लोग भी अपनी चिंता व्यक्त कर चुके हैं, लेकिन देश की व्यवस्था से जुड़े तीनों अंग अर्थात न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच समस्या के समाधान के उपायों पर सहमति नहीं बन पा रही है। सभी को समय पर न्याय सुलभ कराने में धन के अभाव से अधिक राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव जिम्मेदार है। यदि न्यायपालिका और कार्यपालिका समय पर न्याय देने के उपायों को लेकर सहमति नहीं कायम कर पातीं तो न्यायिक तंत्र में सुधार होना कठिन ही है।

आज जब देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और मोदी सरकार ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का एक लक्ष्य रखा है, तब त्वरित न्याय देने वाली प्रक्रिया का निर्माण किया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। न्याय प्रणाली में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि ऐसे लंबित मामलों की संख्या भी बढ़ रही है, जो एक-डेढ़ या दो दशक पुराने हैं। कई मामलों में यह सामने आ चुका है कि लोग बिना दोषसिद्धि के ही वर्षों तक जेल में बंद रहते हैं और बाद में निर्दोष साबित होते हैं। कुछ चर्चित मामले भी वर्षों तक लंबित बने रहते हैं। उनके निस्तारण में देरी का मामला रह-रहकर चर्चा में भी आता है, लेकिन अंतिम फैसले की कोई सूरत नहीं नजर आती। इसका कोई औचित्य नहीं कि एक गंभीर समस्या को लेकर हर स्तर पर चिंता तो जताई जाए, लेकिन उसका कोई समाधान न निकले। यह एक तथ्य है कि लंबित मुकदमों के बोझ को लेकर चिंता जताने का सिलसिला पिछले लगभग दो दशकों से कायम है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही है। यह सच्चाई चिंतित करने वाली है कि सभी अदालतों और न्यायाधिकरणों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ते-बढ़ते पांच करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। यदि किसी मामले से पांच लोग भी जुड़े हों तो इसका मतलब है कि लगभग 25 करोड़ मुकदमेबाजी में फंसे हैं। तथ्य यह भी है कि तमाम लंबित मामलों और खासकर न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों में लाखों करोड़ रुपये की धनराशि भी फंसी हुई है।

देश और समाज के हित में न्यायपालिका और कार्यपालिका को मिलकर बिना किसी देरी के कोई ऐसा ठोस रास्ता निकालना होगा, जिससे लंबित मुकदमे जल्दी निपटें। मुकदमों के एक निश्चित समयसीमा में निस्तारण करने की किसी व्यवस्था का निर्माण आज की अनिवार्य आवश्यकता है। यह समझा जाना चाहिए कि यदि न्याय मिलने में देरी का सिलसिला कायम रहता है तो इससे हर स्तर पर समस्याएं बढ़ेंगी और वे देश का मार्ग अवरुद्ध कर भारत के विकसित राष्ट्र बनने में बाधाएं भी खड़ी करेंगी।

response@jagran.com

# नाराजगी से फूफाओं का नाता

हास्य-व्यंग्य



केदार शर्मा

**चाहे जितना भी बड़ा और व्यवस्थित आयोजन क्यों न हो, लेकिन उसमें कोई न कोई फूफा नाराज हो ही जाता है**

हमारे राष्ट्र-समाज में फूफा होना अब महज रिश्तेदारी तक सीमित नहीं रहा। फूफा रिश्तों के दायरे से निकलकर एक प्रवृत्ति, एक प्रतीक और जरूरत पड़ने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कला भी बन चुका है। किसी समय कोई भी नाराज फूफा किसी भी कोने में मुंह फुलाकर बैठ जाया करते थे, ताकि सबको पता चल जाए कि समारोह का कोई न कोई सिस्टम उनके मनोनुकूल नहीं है। उनके आसपास के कुछ लोग इसी फिराक में रहते थे कि उनकी नाराजगी को परवान चढ़ाने में कोई कोर-कसर बाकी न रह जाए। वे आवाज उठाते थे। कभी फूफा के कहने के बावजूद रायते में दही कम डाला गया या उनको सम्मानजनक शगुन देने में कंजूसी बरती गई। तुनकमिजाजी के ऐसे उदाहरणों की एक अंतहीन सी सूची है।

समय बीतने के साथ-साथ उपर्युक्त 'फूफा-दर्शन' भी सर्वजनीन और सर्वसुलभ होता गया। फैमिली के अतिरिक्त समाज, पालिटिक्स, बिजनेस, सभी जगह फूफा अनेक रूपों में दर्शन देने लगे। राजनीति में वे कुछ ज्यादा ही सुलभ हैं। यह 'दर्शन' किसी भी गैर-जरूरी मुद्दे पर सबका ध्यान खींचने का माध्यम बन गया। राजनीति में तो फूफा-दर्शन ने पांव पसार लिए हैं। राजनीति में इसका नया नाम है-'फूफा पालिटिक्स'। राजनीति में फूफा पालिटिक्स अपना स्थायी मुकाम बनाती जा रही है। टिकट वितरण हो, पदों का बंटवारा हो, मंत्रिमंडल का गठन हो या विपक्ष में भूमिका तय करने का समय, हर जगह यह चिंता दिखाई देती है कि कहीं कोई नाराज फूफा कुकुरमुत्ते की तरह न उग आए। राजनीति के संसार में फूफा ऐसे पनपते भी हैं, जैसे बरसात में कुकुरमुत्ते। बस अंतर इतना है कि कुकुरमुत्ते मौसम में उगते हैं और फूफा मौका देखकर।

सरकार बनाना शायद उतना कठिन न हो, लेकिन रूठे फूफाओं को मनाना उससे कठिन जरूर हो सकता है। फैमिली फूफा तब नाराज होते थे, जब उनके बनाए गए मेन्यू को अनदेखा किया जाता था। पालिटिकल फूफागण इसलिए नाराज हो सकते हैं कि किसी मेन्यू में देश में विद्यमान विविधता के तथ्य को नजरअंदाज किया जा रहा हो। भले ही मेहमान बिना शिकवा-शिकायत के विविध व्यंजनों के चटकारे लेकर विदा हो जाएं, मगर इधर नाराज फूफा, बातों के चटकारे के लिए कोई न कोई शिगूफा छोड़ ही जाते हैं। वैसे भी नाराज फूफा की नाराजगी के अपने अलग से तर्क हुआ करते हैं। वे इस बात को बयां नहीं करते कि कार्यक्रम में क्या-क्या अच्छा हुआ? इनको समस्या यह होती है कि हमसे कुछ भी क्यों नहीं पूछा गया? पूछा गया तो वैसा किया क्यों नहीं गया?

आज इंटरनेट मीडिया की मेहरबानी से तो नाराज फूफाओं को एक से बढ़कर मिल गए हैं। पहले जहां फैमिली फूफा किसी कमरे के कोने में बैठकर रिश्तेदारों को अपनी नाराजगी बयान करते थे, वहीं आज के फूफाओं के पास इंटरनेट का दायरा है। किसी प्लेटफार्म पर एक वाक्य लिखते हैं, जिसे कुछ लोग साझा करते हैं, कुछ लोग टिप्पणी करते हैं और कुछ लोग बहस करते हैं। देखते-देखते फूफा राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन जाते हैं। कहने वाले यह भी कह सकते हैं कि नाराजगी को नाक पर रखना फूफाओं का जन्मसिद्ध अधिकार है। नाराजगी से फूफापन की शोभा में इजाफा होता है। उसमें निखार आता है। यह नाराजगी ही नाराज फूफा को असली फूफा बनाती है।

response@jagran.com

## ऊर्जा

### धैर्य

गति के इस दौर में मनुष्य की सबसे गहरी साधना उसका धैर्य ही है। हम तुरंत सफलता, तात्कालिक समाधान और त्वरित परिणाम चाहते हैं। हालांकि जीवन का शाश्वत नियम यह है कि चेतना और प्रकृति की अपनी एक आंतरिक लय होती है, जिसे जल्दबाजी के शोर से बदला नहीं जा सकता है। आध्यात्मिक परिप्रेक्ष्य में धैर्य का अर्थ निष्क्रियता या शिथिलतापूर्वक हाथ पर हाथ रखकर बैठना नहीं है। यह आत्मा की वह सजग और जागृत अवस्था है, जहां मनुष्य अपने कर्म को पूरी निष्ठा से करता है, किंतु उसके प्रतिफल के लिए अधीर नहीं होता है। जैसे भूमि में बोए गए बीज और एक छायादार वृक्ष के रूप में उसके रूपांतरण के बीच का मौन काल व्यर्थ नहीं होता है, ठीक उसी प्रकार हमारी प्रतीक्षा का समय भी निरर्थक नहीं है। यदि फल समय से पूर्व आ जाए, तो वह न तो सुपाच्य होगा और न ही उसमें मिठास होगी और न ही अपेक्षित पोषण।

मानसिक और आध्यात्मिक परिपक्वता की कसौटी यही है कि हम विलंब को विफलता न समझें। प्रायः विलंब हमें कुछ बेहतर की ओर ही ले जाता है। यह भी स्मरण रहे कि धैर्य का वास्तविक स्वरूप कर्मरत रहकर नियति और समय की गति में पूर्ण श्रद्धा रखना है। यह हमें सिखाता है कि समय केवल बाहरी परिस्थितियों को ही नहीं बदलता, बल्कि हमारे भीतर की अधीरता और कच्चेपन को तराश कर हमें अधिक गंभीर, परिपक्व और ठोस बनाता है।

इसलिए जब भी जीवन के किसी मार्ग पर रुकावट महसूस हो, तब याद रखना चाहिए कि यह ठहराव नहीं, बल्कि प्रकृति द्वारा की जा रही एक तैयारी है। जीवन का सबसे सुंदर और गहरा रहस्य यही है कि जिसे आज हम अनुचित देरी मानकर व्यथित हो रहे हैं, कल वही हमें एक सही ईश्वरीय मार्गदर्शन के रूप में समझ आएगा।

लवली आनंद




# हिंद और प्रशांत महासागरों का अनोखा रिश्ता

मुकुल व्यास

**ग्लोबल वार्मिंग अब हिंद महासागर पर पड़ने वाले प्रशांत महासागर के प्राकृतिक प्रभाव पर हावी हो रही है**

हिंद महासागर में मौसम में होने वाले बदलाव प्रशांत महासागर के बदलावों के साथ-साथ चलते रहे हैं, लेकिन अब यह रिश्ता कमजोर पड़ रहा है। पिछले 400 वर्षों में उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर में मौसम की स्थितियां आम तौर पर प्रशांत महासागर की स्थितियों के साथ-साथ बदलती रही हैं। दूसरे शब्दों में प्रशांत महासागर के मौसम में होने वाले बदलावों का हिंद महासागर पर गहरा असर होता रहा है। एक नई रिसर्च के अनुसार 1980 के दशक से, यह पुराना रिश्ता तेजी से कमजोर हुआ है। रिसर्च करने वाले विज्ञानियों का कहना है कि इंसानों की वजह से हो रही ग्लोबल वार्मिंग अब इन दोनों महासागरों के व्यवहार में बहुत बड़ा और असामान्य बदलाव ला रही है। अमेरिका के वुड्स होल ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूशन (डब्ल्यूएचओआइ) की सीनियर साइंटिस्ट कैरोलीन उमेनहोफर ने कहा कि एक अहम बात यह पता चली है कि ग्लोबल वार्मिंग और इंसानों द्वारा किए जा रहे उत्सर्जन अब हिंद महासागर पर पड़ने वाले प्रशांत महासागर के प्राकृतिक प्रभाव पर हावी हो रहे हैं।

अतीत को और गहराई से समझने के लिए विज्ञानियों ने उष्णकटिबंधीय इलाकों में कोरल (मूंगा), पेड़ों के छल्लों और स्टैलेग्माइट चट्टानों में सुरक्षित मौसम के प्राकृतिक रिकार्ड का इस्तेमाल किया। इन रिकार्ड की मदद से वे 1600 के दशक की शुरुआत तक हिंद और प्रशांत महासागरों में मौसम में होने वाले बदलावों का पता लगा पाए। उस समय के ज्यादातर हिस्से में, दोनों महासागरों के बीच गहरा रिश्ता दिखा, जिसमें हिंद महासागर का मौसम आम तौर पर प्रशांत महासागर में होने वाले बदलावों के साथ-साथ चलता रहा। उस लंबे रिकार्ड ने रिसर्च करने वालों को उन समय-अवधियों की पहचान करने में मदद की जब यह सामान्य संबंध कमजोर पड़ गया था।

लगभग 1810 और 1850 के बीच, हिंद और प्रशांत महासागर के बीच का आम संबंध कमजोर हो गया था। रिसर्चर ने इस रुकावट का संबंध उष्णकटिबंधीय इलाकों में हुए कई बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों से जोड़ा। इस असर का आकार विस्फोटों की तीव्रता और उस समय के मौसम की स्थितियों, दोनों पर निर्भर करता था। यह समझना जरूरी है कि हिंद और प्रशांत महासागर एक-दूसरे पर कैसे असर डालते हैं, क्योंकि उनका संबंध विज्ञानियों को बारिश और मौसम के दूसरे पहलुओं में भविष्य के बदलावों का अनुमान लगाने में मदद करता है। यह नया अध्ययन इस बात की बेहतर समझ देता है कि हिंद और प्रशांत महासागर एक-दूसरे पर कैसे असर डालते हैं। इस अध्ययन से जुड़े रिसर्चरों का कहना है कि हिंद महासागर गर्मी का एक बहुत बड़ा भंडार है और यह प्रशांत महासागर की गतिविधियों से अलग व्यवहार कर सकता है।

(लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

## राजरंग

### अब रुकना मुश्किल है

समान नागरिक संहिता को लेकर विपक्ष ही नहीं सत्तापक्ष के कुछ सहयोगी दलों में भी असहजता है। हालांकि उनमें स्पष्टता नहीं है कि हिचकिचाहट किस बात की है। तीन तलाक, शादी की न्यूनतम उम्र जैसे विषयों पर पहले ही कानून बन चुका है। लिव-इन को लेकर भी समाज में व्यापक चर्चा हो रही है और ऐसे मामलों में आपराधिक घटनाओं को लेकर भी चिंताएं बढ़ी हैं। मजे की बात तो यह है कि जो लोग समान नागरिक संहिता का विरोध कर रहे हैं, वे भी अमेरिका जैसे स्वतंत्र समाज की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं, जहां हर किसी के लिए एकसमान नियम हैं। माना जा रहा है कि विपक्ष समेत सत्तापक्ष के दलों से भी इस मुद्दे पर चर्चा होगी, क्योंकि जिस तरह बिहार के बाद खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह एलान किया है कि 2029 से पहले भाजपा और राजग शासित राज्यों में यूसीसी लागू होगा, उसके बाद यह तय माना जा रहा है कि समान नागरिक संहिता की राह पर अब कदम रुकने मुश्किल हैं।




### आफत के बीच राहत

ममता बनर्जी के राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़े असमंजस की स्थिति बन गई है। सिंबल की लड़ाई में उनका पासा कुछ सटीक बैठा है। पुराना चुनाव चिह्न तो फ्रीज हो गया है, लेकिन उन्होंने जो दो प्रस्ताव दिए थे, वे बंगाल की खेल संस्कृति से जुड़े हैं। उन्होंने बैट और फुटबाल खेलते खिलाड़ी के चिह्न का प्रस्ताव दिया था। ये दोनों खेल बंगाल में प्रचलित हैं और खासतौर पर फुटबाल। वही फुटबाल निशान उन्हें मिल भी गया है। ध्यान रहे कि 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने चुनाव प्रचार का आगाज फुटबाल की किक और 'खेला होबे' के नारे से किया था। ममता विरोधी गुट को चुनाव चिह्न के रूप में लिफाफा मिला है। जाहिर तौर पर लिफाफे को लेकर तंज भी हो रहा है कि आखिर उसके अंदर क्या है? यानी राजनीति के गुणा-गणित में ममता भले ही बैकफुट पर हों, लेकिन आयोग के रण में वह फ्रंटफुट पर दिख रही हैं। यानी तमाम आफतों के बीच उन्हें कुछ तो राहत मिली है।

### ज्यादा जोगी, मठ उजाड़

बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी दिन-रात रिश्ते सुधारने की कसरत कर रहे हैं, लेकिन वहां विदेश नीति पर काम करने वालों की इतनी भरमार है कि गिनता करना भी मुश्किल हो रहा है। एक पीएमओ जो हर फैसले पर मुहर लगाता है, दूसरा विदेश मंत्रालय है। फिर आती है सलाहकारों की फौज। इसके अलावा कई कैबिनेट मंत्री जो अपने मंत्रालय से ज्यादा भारत-बांग्लादेश रिश्तों पर भाषणबाजी करते हैं। एक भारतीय अफसर की टिप्पणी है कि ढाका में एक पीएमओ है, बाकी सारे कैबिनेट मंत्री अपने आपको विदेश मंत्री समझते हैं। इसी घालमेल में पीएम तारिक रहमान का भारत दौरा अधर में लटक गया। भारत ने उन्हें ब्रिक्स में बुलाया, रिश्ते सामान्य करने की कोशिश भी की, लेकिन बंग्लादेश में सलाहकारों की भीड़ में फैसला ही नहीं निकला। सम्मेलन खत्म होते ही अब संदेश आ रहा है-अब आ सकते हैं साहब! पहले ना, बाद में हां। आखिर विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी कौन देख रहा है? यही सवाल नई दिल्ली को परेशान किए हुए है।

### ज्वलनशील एथनाल

रसायन विज्ञान की बात करें तो फ्लैश प्वाइंट के आधार पर पेट्रोल से अधिक ज्वलनशील एथनाल है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में राजनीति विज्ञान ने इस सिद्धांत को बदल दिया है। सत्ता के गलियारे में वह एथनाल अधिक ज्वलनशील माना जा रहा है, जो पेट्रोल में मिलाया जा रहा है। इसका असर बड़े-बड़े अफसरों पर भी दिखाई दे रहा है। पिछले दिनों सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के कुछ बड़े अफसर मीडिया से मुखातिब थे। कई बिंदुओं पर खुलकर चर्चा की, लेकिन जैसे ही उनसे एथनाल का जिक्र किया, उन्होंने तुरंत अधूरे वाक्य पर ही पूर्ण विराम लगा दिया। खुद ही बोले कि एथनाल इतना ज्वलनशील मुद्दा है कि इस पर तो कुछ भी कहना ही खतरनाक है। कुछ भी कहा तो...। और वह रुक गए। एक अफसर के इस रुख पर बाकी अफसरों ने सहमति में सिर हिला दिया।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**1952** में बना था सिनेमैटोग्राफी एक्ट। मनोरंजन की दुनिया के बदलते स्वरूप और तकनीक के कारण बदलते समय के हिसाब से इस एक्ट में संशोधन होता रहता है।



आजकल



अनंत विजय
anant@nda.jagran.com

# सेंसर बोर्ड के समक्ष नई चुनौतियां

**नौ वर्षों के लंबे अंतराल और प्रतीक्षा के बाद हाल में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (चलन में सेंसर बोर्ड) का पुनर्गठन किया गया। नियमानुसार हर तीन साल में नया बोर्ड बनाया जाना चाहिए। सेंसर बोर्ड में सिनेमा से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी गई है। फिल्मकार, अभिनेता, लेखक और रंगमंच से जुड़े लोगों को सदस्य बनाकर सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बोर्ड के गठन को तर्कसंगत बनाया है। अब मनोरंजन की दुनिया के साथ-साथ समाज भी बदल रहा है। ऐसे में सेंसर बोर्ड के सामने फिल्मों के कंटेंट को देखने और उनके प्रमाणन आदि कई चुनौतियां हैं**



अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री



शशिशेखर वेंपति, सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष

नौ वर्षों के लंबे अंतराल और प्रतीक्षा के बाद हाल में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (चलन में सेंसर बोर्ड) का पुनर्गठन किया गया। 2017 में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड में नए सदस्यों का मनोनयन हुआ था। नियमानुसार हर तीन साल में नया बोर्ड बनाया जाना चाहिए। इस वर्ष मई में जब केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, तब चर्चा हुई थी कि सेंसर बोर्ड का नए सिरे से गठन होगा। प्रसून जोशी के बाद शशिशेखर वेंपति को सेंसर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, पर बोर्ड के नए सदस्यों की घोषणा नहीं हुई। अध्यक्ष की नियुक्ति के लगभग चार महीनों बाद बीते 16 सितंबर को सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अगले तीन वर्षों के लिए सेंसर बोर्ड के 18 नए सदस्यों के नाम की घोषणा कर दी। सेंसर बोर्ड में सिनेमा से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी गई है। फिल्मकार, अभिनेता, लेखक और रंगमंच से जुड़े लोगों को सदस्य बनाकर सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बोर्ड के गठन को तर्कसंगत बनाया है, पर प्रश्न है कि जिस बोर्ड का गठन तीन वर्षों बाद यानी 2020 में हो जाना चाहिए था, उसके गठन में इतनी देरी क्यों हुई? पिछले नौ वर्षों में सेंसर बोर्ड कई बार विवादों में घिरा था। तब के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने अपनी सूझ-बूझ से उन विवादों का हल निकाल लिया था। नए बोर्ड के सामने अब नई तरह की चुनौतियां हैं। अब फिल्मकारों में सेंसर बोर्ड को फिल्म के प्रचार के टूल के तौर पर उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। बोर्ड के गठन से ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्रालय को इन चुनौतियों का अनुमान है। इस कारण विभिन्न क्षेत्रों में फिल्मों से जुड़े लोगों को सदस्य बनाया गया है।

सेंसर बोर्ड के गठन के बाद मनोरंजन की बदलती दुनिया को दृष्टिगत रखते हुए 1952 के सिनेमैटोग्राफी एक्ट में समयानुकूल बदलाव करने की चुनौती थी। मनोरंजन की दुनिया के बदलते स्वरूप और तकनीक के कारण बदलते समय के हिसाब से एक्ट में बदलाव पर लंबे समय से विमर्श हो रहा था। कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था। सूचना और प्रसारण मंत्रालय में बैठे यथास्थितिवाद के देवता बदलावों को नोटिफाई नहीं कर पा रहे थे। जिस दिन सेंसर बोर्ड के सदस्यों के नाम घोषित किए गए, उसी दिन सरकार ने फिल्म प्रमाणन को लेकर एक नई गाइडलाइन भी जारी कर दी। 35 वर्षों बाद जारी इस गाइडलाइन में ड्रग्स और बच्चों को लेकर स्पष्टता दी गई है। दर्शकों के वर्गीकरण को और भी स्पष्ट किया गया है। 2016 में जब स्वर्गीय अरुण जेटली सूचना और प्रसारण मंत्री थे तो श्याम बेनेगल की अध्यक्षता में उन्होंने एक समिति बनाई थी। उस समिति की सिफारिशों को आंशिक रूप से समय-समय पर लागू किया जाता रहा। अब जब मनोरंजन की दुनिया के साथ-साथ समाज भी बदल रहा है तो इसमें और भी सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 35 वर्षों बाद सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। इस गाइडलाइन के आरंभ में ही कहा गया है कि कलात्मक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को बाधित नहीं किया जाएगा। प्रमाणन को सामाजिक बदलाव के अनुसार तय किया जाए। नई गाइडलाइन में अश्लीलता पर भी एक पंक्ति है। हम सब जानते हैं कि अश्लीलता को परिभाषित करना बहुत मुश्किल है। जहां जुगुप्साजनक अश्लीलता होगी, उसकी पहचान तो आसानी से की जा सकती है। बहुत लंबा चुंबन दृश्य हो या इंटीमेट सीन को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि ये कहानी की मांग है या फिर फिल्मकार की मुनाफा कमाने की मंशा।

गाइडलाइन की एक और बिंदु ने ध्यान खींचा, जिसमें लिखा गया है कि सेंसर बोर्ड फिल्म के समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करते हुए प्रमाणन का निर्णय ले। कई बार फिल्मकार बहुत चालाकी से पात्रों के नाम आदि के आधार पर यह संदेश देने की कोशिश करते हैं कि अमुक समुदाय पीड़ित है और अमुक समुदाय उसको दबा रहा है या उस पर अत्याचार कर रहा है। फिल्म 'मुक्काबाज' के एक संवाद का उदाहरण कई बार दिया जा चुका है। संवाद है-''वो आएंगे और पीट-पीटकर तुम्हारी हत्या कर देंगे और भारत माता की जय का नारा लगाकर चले जाएंगे।'' संवाद से स्पष्ट था कि फिल्मकार किसको टार्गेट कर रहे थे। इस संवाद का फिल्म की कहानी और संबंधित दृश्य से बहुत अधिक लेना-देना नहीं था। लेना-देना था तो फिल्मकार के सोच और राजनीतिक मानस एवं प्रतिबद्धता से। फिल्मों के माध्यम से राजनीति करने की, अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने की और विरोधी विचारधारा को गिराने का खेल इन दिनों काफी बढ़ गया है। बहुत सारे ऐसे फिल्मकार हैं, जो मोदी सरकार के विरोधी हैं और वे अपनी कहानी और संवाद के माध्यम से सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने के लिए फिल्म की कलात्मक और सृजनात्मक स्वतंत्रता का सहारा लेते हैं। पहले भी ऐसा होता था, पर कम।

पिछले दिनों खबरें आईं कि पंजाबी फिल्म 'दस्तार' को लेकर सेंसर बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाया था। उसमें कई कट्स लगाने की सलाह दी गई थी। इस फिल्म के दृश्य और संवाद ऐसे थे, जो कि समाज हित में नहीं थे। आतंकवादियों को लेकर गांवों में जिस तरह के दृश्य दिखाकर उनको महिमामंडित करने की कोशिश की गई थी, वह समाज और देशहित में नहीं था। इसके पहले फिल्म 'सतलुज' को पिछले चार वर्षों से सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिला था तो उसके पीछे कारण है। वह फिल्म सिस्टम पर सवाल उठाने के आवरण में देश पर प्रश्न खड़े करती है। सेंसर बोर्ड के सामने इस तरह के कंटेंट को देखना और उसका प्रमाणन बड़ी चुनौती है। सेंसर बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों को भी सुधारना होगा। वहां से पूर्व में भ्रष्टाचार की खबरें आती रही हैं। जो फिल्में क्षेत्रीय स्तर पर प्रमाणित की जाती हैं, उनमें पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता है। अकारण किसी फिल्म को रोका न जाए और कारण हो तो किसी फिल्म को प्रमाण पत्र दिया भी न जाए। चतुर फिल्म निर्माताओं ने ऐसी जुगत निकाली है कि फिल्म मुंबई में बनाओ, लेकिन सर्टिफिकेशन के लिए कोलकाता या दिल्ली में आवेदन करो। क्यों?

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के पास कई अहम जिम्मेदारियां हैं, पर एक काम अच्छा किया गया कि सेंसर बोर्ड का चेयरमैन शशिशेखर वेंपति को बनाया गया। शशिशेखर वेंपति तकनीक में माहिर हैं। उनके इस हुनर का लाभ सेंसर बोर्ड के क्रियाकलापों को और पारदर्शी बनाने में किया जाना चाहिए। हालांकि सेंसर बोर्ड का एक्स हैंडल, जो 2022 के बाद से निष्क्रिय था, उसको सक्रिय किया गया है। दरअसल फिल्म एक ऐसी विधा है, जिसका समाज पर व्यापक प्रभाव है। इस कारण लोगों की इसमें अधिक रुचि होती है। कोई फिल्म विवादित होती है तो चर्चा बटोरती है। कोई सूत्र मिल जाए तो प्रधानमंत्री तक को लपेटे में लेने का प्रयास किया जाता है। नए बोर्ड के समक्ष चुनौतियां भी हैं और अवसर भी।

फिर से

## सीखने-सिखाने की नई परंपरा

संध्या राजीव पांडेय

हमारे यहां घर ही पहली पाठशाला हुआ करता था। मां पहली गुरु और विवाह के बाद सास दूसरी गुरु। मां बेटी को गृहस्थी के गुर सिखाती थी और सास बहू को घर-परिवार चलाने की बारीकियां। समय के साथ पीढ़ियां भी बदल गईं। अब गुरु-शिष्य परंपरा का स्वरूप कुछ ऐसा हो गया है कि गुरु कौन है और शिष्य कौन, यह तय करना भी मुश्किल हो गया है! आज की जेन-जी पीढ़ी का मामला तो और भी दिलचस्प है। यह पीढ़ी सीखने में भले ही थोड़ी संकोची हो, लेकिन सिखाने में इतनी एक्सपर्ट है कि बिना मांगे भी ज्ञान बांटने को हमेशा तैयार रहती है। पहले मां के साथ रसोई में खड़े होकर बेटियां धीरे-धीरे गृहस्थी सीखती थीं।

आज की लड़की बड़े आत्मविश्वास से कहती है, 'मम्मी, ये सब यूट्यूब पर है... जब जरूरत होगी तब सीख लूंगी।' मोबाइल चलाना, आनलाइन पेमेंट करना, फोटो एडिट करना, रील बनाना और दुनिया भर की जानकारी गूगल से निकालना आज की पीढ़ी को खूब आता है। यह भी कम उपलब्धि नहीं है, लेकिन कभी-कभी लगता है कि गूगल ने जानकारी तो बहुत दे दी, बस धैर्य, सहनशीलता और रिश्ते निभाने का अपडेट अभी डाउनलोड होना बाकी है! पहले बेटियां मां से पूछती थीं- 'मां, यह कैसे होगा?' आज बेटियां कहती हैं- 'मां, आपको यह ऐसे करना चाहिए!' यानी जमाना ऐसा बदला कि मां की गोद से शुरू हुई सीखने की परंपरा अब मां को सिखाने तक पहुंच गई है।

अब आइए ससुराल की पाठशाला में। यहां का हाल तो और भी दिलचस्प है। पहले सास बड़ी धैर्यवान गुरु हुआ करती थी। बहू घर में आई नहीं कि प्रशिक्षण शुरू और बुनाई से लेकर सिलाई, खाना बनाने से लेकर घर संभालने तक, बहू को धीरे-धीरे गृहस्थी की पूरी पढ़ाई करा दी जाती थी। सास का उद्देश्य भी यही होता था कि बहू घर को अपना समझे और आने वाले समय में परिवार को अच्छी तरह संभाल सके। पहले की बहुओं के पास सास को कुछ सिखाने का खास हुनर नहीं होता था या ऐसा कहें कि साहस भी नहीं होता था, लेकिन आज की बहू कम प्रतिभाशाली नहीं है। उसने सास के लिए भी आधुनिक जीवन का पूरा कोर्स तैयार कर रखा है। 'मम्मी जी, थोड़ा खुलकर जीना सीखिए! इतना घर में मत बैठिए, किट्टी पार्टी ज्वाइन कीजिए। ये कपड़े पुराने जमाने के हैं, कुछ माडर्न पहनिए। हर चीज घर में बनाने की क्या जरूरत? बाजार में सब मिलता है। बचा हुआ खाना? अरे मम्मीजी, डस्टबिन है न!' अब सास भी मजे से सीख रही है- आनलाइन शापिंग, बाहर घूमना, पार्टी करना, किटी में जाना और हर दूसरे दिन कहना- 'आज खाना बनाने का मूड नहीं है!'

और अब जरा साठ के बाद वाली सास की हालत देखिए। उम्र भर गृहस्थी के गुर सीखने के बाद अब खुद बहू को सिखाने की बारी आ गई है। बहू को नहीं सीखना, आपसे वह बड़े प्यार से कहती है, 'मम्मीजी, अब आप आराम कीजिए, जिंदगी को एंजाय कीजिए। छोड़िए इन सब झमेलों को।' सास मन ही मन सोचती है, 'अरे! यही बात अगर किसी ने तीस साल पहले कही होती तो मैं भी तुम्हारी तरह खुश रहने का आशीर्वाद पाती!' अब सास को भी धीरे-धीरे अहसास होता है कि जिंदगी भर दूसरों को समय देने के बाद थोड़ा समय अपने लिए भी होना चाहिए। अब सास भी बहू से कह देती है- 'बहू, आज खाना तुम बना लेना... आज मेरा मूड नहीं है!' बहू कुछ पल चुप रहती है और फिर मुस्कुराकर कहती है- 'ठीक है मम्मी जी... बाहर से मंगवा लेते हैं। आखिर सीखने की शुरुआत घर से ही तो होती है!'

पोस्ट



रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ के विधेयक पर ट्रंप ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। हालांकि इसका यह अर्थ नहीं कि भारत पर स्वत: ही इतना टैरिफ लग जाएगा। इस मामले में बहुत कुछ भारत-अमेरिका रिश्तों पर भी निर्भर करेगा।
पल्लवी घोष@_pallavighosh

डूसू चुनाव में एबीवीपी की बड़ी जीत यही दर्शाती है कि जेन-जी ने राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' अभियान और काकरोचों के दाना-पानी पर किया गया सारा खर्चा बर्बाद कर दिया।
सुशांत सिन्हा@SushantBSinha

अमेरिका पर आतंकी हमले के 25 साल गुजर गए, लेकिन उसका रवैया अभी तक नहीं सुधरा। वह अभी भी पाकिस्तान, सीरिया और तुर्किये जैसे देशों को शह देने और दुलारने में लगा है। ऐसे में अमेरिका पर फिर से कोई आतंकी हमला हो जाए तो हैरानी नहीं।
प्रकाश सिंह@singh_prakash

भारतीय राजनीति में एक समय मायावती की तूती बोलती थी, लेकिन आज उन्हें अपना उत्तराधिकारी तक नहीं मिल रहा। पहले भतीजों पर भरोसा किया। फिर अविश्वास हुआ तो अधिकार छीन लिए। अब भतीजी को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। न मालूम, यह भरोसा कितने दिन टिकेगा। दरअसल परिवारवादी राजनीति का एक दिन यही हश्र होता है!
गोविंद सिंह@govind24

रचनाकर्म

## न्याय व्यवस्था को भारतीय बनाने की वकालत

अजय कुमार राय

**समय, समाज, शासन और तकनीक के बदलने के साथ न्याय की संस्थाएं, प्रक्रियाएं और उसकी सामाजिक समझ भी बदलती है। यह पुस्तक इसी परिवर्तनशील न्याय व्यवस्था को भारतीय संदर्भों में समझने का प्रयास करती है...**



**पुस्तक:** नवभारत का न्याय दर्शन-सिद्धांत, संरचना और परिवर्तन
**लेखक:** सुमित कुमार मिश्र
**प्रकाशक:** अनंग प्रकाशन
**मूल्य:** 995 रुपये

कानून वे रास्ते हैं, जो एक नागरिक को न्याय की मंजिल तक पहुंचाते हैं। दुर्भाग्य से भारत में ये दोनों बेहद जटिल और दुर्गम हैं। शायद इसकी वजह इनकी जड़ें भारतीय जीवनदर्शन एवं संस्कृति के बजाय अंग्रेजी शासनकाल के औपनिवेशिक ढांचे में निहित है। यही कारण है कि देश के लोग ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें कानून और कोर्ट-कचहरी के पचड़े में न पड़ना पड़े, क्योंकि लोगों को त्वरित, सस्ता और आसानी से न्याय नहीं मिल पाता। तारीखें जरूर मिलती रहती हैं। इसीलिए न्याय पाते-पाते उनकी एड़ियां तो घिस ही जाती हैं, कई बार पीढ़ियां भी गुजर जाती हैं। यही आज हमारी न्याय व्यवस्था की सच्चाई है। दिल्ली उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सुमित कुमार मिश्र की पुस्तक 'नवभारत का न्याय दर्शन-सिद्धांत, संरचना और परिवर्तन' देश की कानून एवं न्याय व्यवस्था की राह को आसान बनाने का एक अनुभवजन्य दस्तावेज है।

लेखक ने पुस्तक में नवभारत के न्याय दर्शन की यात्रा को नौ अध्यायों में क्रमबद्ध प्रस्तुत किया है। सबसे पहले 'परिवर्तन का काल' में 1860 से 2023 तक कानून की यात्रा, औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति और नए आपराधिक कानूनों की पृष्ठभूमि बताई गई है। इसके बाद 'भारतीय न्याय परंपरा' के अंतर्गत ऋग्वेद के 'ऋत', रामराज्य, दंड और लोकमर्यादा, महाभारत के धर्मसंकट तथा मनुस्मृति-याज्ञवल्क्य की विधि-व्यवस्था, कौटिल्य के अर्थशास्त्र एवं राज्य दंडनीति के माध्यम से भारतीय न्याय-बोध की ऐतिहासिक जड़ों को तलाशा गया है। अगले अध्याय में ब्रिटिश कानूनों की मानसिकता और औपनिवेशिक उद्देश्य को मैकाले और 1860 की आइपीसी के संदर्भ में समझाया गया है। इसके बाद 2023 में बने तीन नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के बारे में विस्तार से बताया गया है। अगले अध्याय में लेखक कानून परिवर्तन को केवल विधिक बदलाव न मानकर उसके सामाजिक प्रभाव-महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, माब लिंचिंग, आतंकवाद, संगठित अपराध तथा गरीब-किसान-मजदूर की न्याय तक पहुंच से जोड़ते हैं। आगे प्रशासन और राजनीति के संदर्भ में पुलिस, न्यायालय, लंबित मुकदमों, न्यायिक प्रक्रिया और कानून के क्रियान्वयन की चुनौतियों पर विचार किया गया है। विश्व तुलना वाले अध्याय में अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की न्याय प्रणालियों के संदर्भ में भारतीय व्यवस्था को समझने का प्रयास किया गया है। अंततः भविष्य दर्शन नामक अध्याय में तकनीक, डिजिटल साक्ष्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बदलती सामाजिक आवश्यकताओं के बीच भविष्य और विकसित भारत की न्याय व्यवस्था की संभावनाओं की चर्चा की गई है।

भारत की सभ्यता में न्याय का अर्थ केवल अपराध और दंड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यहां न्याय का संबंध मानव गरिमा, सामाजिक संतुलन और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़कर विकसित हुआ है, लेकिन अंग्रेजी शासनकाल में न्याय की हमारी अवधारणा विकृत हो गई, क्योंकि उसका सारा जोर भारतीयों पर शासन करने और कठोर दंड देकर हतोत्साहित कर पराधीन बनाए रखने पर था। इसीलिए कानून की धाराएं दमनकारी और न्याय तंत्र की प्रक्रियाओं को जटिल बनाया गया कि आम भारतीय जन उसे समझ न पाएं और उसी में उलझे रहें। यह विकृति कमोबेश आज भी बनी हुई है। लंबित मुकदमों का अंबार भी कहीं न कहीं इसी की देन है। यह पुस्तक इसी व्यवस्था को बदलने की वकालत करती है।

## बौद्ध सिद्धांतों का विवेचन

आकांक्षा अवस्थी



**पुस्तक :** बौद्ध धम्म : उद्भव एवं विकास
**लेखक :** कैलाश चन्द्रा
**प्रकाशन :** डायमंड बुक्स
**मूल्य :** 350 रुपये

परिवर्तन जीवन का अटल सत्य है। प्राचीन भारत के इतिहास में सामाजिक, धार्मिक और नैतिक जीवन में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड, असमानता, छुआछूत और कृतियों के विरुद्ध परिवर्तन की गहरी आवश्यकता अनुभव की जा रही थी। इसी आवश्यकता ने भारतीय समाज में अनेक संप्रदायों और जन आंदोलन को जन्म दिया, जिनका उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जो समानता, नैतिकता और मानवीय गरिमा पर आधारित हो। इन सामाजिक आंदोलन में से दो ही ऐसे थे, जो व्यापक जन समर्थन प्राप्त कर सके और कालांतर में सुदृढ़ परंपराओं के रूप में स्थापित हुए-बौद्ध धम्म और जैन संस्कृति। इन दोनों धाराओं ने कर्म, अहिंसा, आत्मसंयम और नैतिक आचरण को सामाजिक जीवन का आधार बनाने का प्रयास किया। विशेषतः बौद्ध धम्म ने जनसामान्य की समस्याओं को केंद्र में रखकर एक व्यावहारिक और अनुभव आधारित मार्ग प्रस्तुत किया।

लेखक कैलाश चन्द्रा की पुस्तक बौद्ध धम्मः उद्भव एवं विकास का मूल संदेश यह है कि मनुष्य स्वयं अच्छाई की ढाल बनकर बुराई से संघर्ष कर सकता है। पुस्तक में बौद्ध धम्म के उद्भव से पूर्व भारतीय समाज की संरचना कैसी थी और बुद्ध अथवा उनके समकालीन विद्वानों को एक नए मार्ग की आवश्यकता क्यों अनुभव हुई, इसे स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। साथ ही बुद्ध की शिक्षाओं के वास्तविक, मौलिक और मानवीय स्वरूप को समझाने का भी प्रयास किया है। धम्म के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और मानवता का जो संदेश बुद्ध ने दिया, वह विश्व में शांति और सह अस्तित्व की स्थापना के लिए आज भी अत्यंत आवश्यक है। पुस्तक बुद्ध के जीवन से प्रारंभ होकर बौद्ध धम्म के उदय, उसके विकास, व्यापक प्रसार और भारतीय दर्शन पर पड़े उसके गहरे प्रभावों का आलोचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करती है।

जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न छिन जाने से ममता बनर्जी की राजनीतिक वापसी मुश्किल हो गई है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव नतीजे विपक्षी दलों के लिए एक बड़ा झटका है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

ताऊ जी को दे दिया अब मुंहतोड़ जवाब,
नहीं सहेगा देश अब अमेरिका का दाब।
अमेरिका का दाब करो जो चाहे मर्जी,
होगी अब नाकाम तुम्हारी धमकी फर्जी।
अब का भारतवर्ष नहीं है सीधी 'काऊ',
हम हैं नंदी सांड समझ लो तुम भी ताऊ!
-ओम प्रकाश तिवारी

## दारा शिकोह की सामासिक जीवन-दृष्टि



यतीन्द्र मिश्र




**पुस्तक:** दारा शिकोह : द फकीर एंड द थ्रोन आफ थार्न्स
**लेखक:** अमित रंजन
**प्रकाशक:** पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया
**मूल्य:** 799 रुपये

दारा शिकोह (1615-1659) मुगल इतिहास का वह नाम है, जिसकी पहचान केवल शाहजहां के ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी के रूप में करना उसके व्यक्तित्व की व्यापकता को सीमित कर देता है। वह एक जिज्ञासु अध्येता, सूफी विचारों से गहरे प्रभावित साधक, कला और साहित्य का अनुरागी तथा विभिन्न धार्मिक परंपराओं के बीच संवाद की संभावना तलाशने वाला राजकुमार था। संस्कृत ग्रंथों, उपनिषदों और सूफी परंपरा में गहरी रुचि उसके बौद्धिक संसार को सामने लाती है और भारत की उस सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ती है, जिसमें अलग-अलग आस्थाओं में आध्यात्मिक साम्य खोजने की उत्कंठा थी। उसके लिए ज्ञान किसी एक परंपरा की सीमा में बंधा विषय नहीं था। इतिहास में बाबर से लेकर औरंगजेब तक के शासकों पर जितना लिखा गया, दारा प्रायः उत्तराधिकार संघर्ष में औरंगजेब से पराजित राजकुमार और उसकी त्रासद परिणति तक सीमित दिखाई देता है। उसकी विद्वत्ता, आध्यात्मिक खोज, अनुवाद-कार्य और सांस्कृतिक दृष्टि इस राजनीतिक कथा के पीछे छूट गए। अमित रंजन की पुस्तक 'दारा शिकोहः द फकीर एंड द थ्रोन आफ थार्न्स' इस विस्मृति को अपना प्रश्न बनाती है। लेखक दारा की जीवन-कथा को कालानुक्रमिक रेखा में रखने के बजाय उसके विचारों, जिज्ञासाओं, संबंधों, प्रसंगों, आध्यात्मिक संसार और ऐतिहासिक स्मृतियों के सहारे उसे समझते हैं।

दारा के गुरु, नंगे फकीर और कलंदर सरमद का शक्तिशाली चरित्र पुस्तक की शुरुआत में ही पाठक का ध्यान खींचता है। दारा की हार, चांदनी चौक में उसकी अपमानजनक परेड और उस पर जनता की तीखी प्रतिक्रिया इसकी प्रमुख कड़ियां हैं। सिख गुरुओं से उसके संवाद, उसकी उदारता, नादिरा बेगम, राणा दिल, रोशनआरा, जहांआरा जैसे पात्रों से दारा के व्यक्तित्व के विविध पक्ष उभरते हैं। भतीजी जेब-उन-निसा का दारा से गहरा स्नेह था।

दारा ने बनारस के पंडितों के सहयोग से संस्कृत ग्रंथों के फारसी अनुवाद की एक महत्वपूर्ण परंपरा को आगे बढ़ाया। 'सिर्र-ए-अकबर' जैसी महत्वपूर्ण कृति के अलावा उपनिषदों के फारसी अनुवाद ने उन्हें पश्चिमी बौद्धिक दुनिया तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मार्ग बनाया। लियोनार्ड कोहेन की पंक्तियों से अध्यायों की शुरुआत पुस्तक की विशिष्ट शैली का प्रमाण है।

## पवनसुत का आत्मीय आख्यान




**पुस्तक:** रामदूत : हनुमान का आत्माख्यान
**लेखक:** त्रिलोक नाथ पांडेय
**प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन प्रा. लि.
**मूल्य:** 399 रुपये

रामकथा भारतीय साहित्य और लोकमानस की ऐसी अक्षय धारा है, जो युगों से निरंतर प्रवाहित होते हुए प्रत्येक युग में अपने भीतर नए अर्थ और नए भावों को उजागर करती रही है। इस श्रद्धेय कथा-परंपरा में हनुमान जी का चरित्र अपनी अनन्य भक्ति, विनम्रता, सेवा-भाव और अदम्य पराक्रम के कारण विशेष महत्व रखता है। वे प्रभु श्रीराम के परम भक्त और दूत होने के साथ भक्ति में विनय, सेवा में समर्पण और कर्तव्य में पराक्रम के अनुपम आदर्श हैं।

हनुमान जी के विराट व्यक्तित्व और प्रभु श्रीराम के प्रति निष्काम समर्पण को केंद्र में रखकर त्रिलोक नाथ पांडेय की 'रामदूतः हनुमान का आत्माख्यान' रामकथा को एक आत्मीय और विशिष्ट दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इसका सबसे आकर्षक पक्ष इसका आत्मकथात्मक विन्यास है, जिसमें हनुमान जी की दृष्टि से रामकथा के परिचित प्रसंगों को उनके अनुभवों और भावनाओं के साथ प्रस्तुत किया गया है। हनुमान जी के जीवन और उनके अनुभवों की कथा आगे बढ़ते हुए उस महत्वपूर्ण प्रसंग तक पहुंचती है, जब उनकी पहली भेंट राम और लक्ष्मण से होती है। उन्हें व्याकुल देखकर हनुमान का हृदय करुणा से भर उठता है। ब्राह्मण-वेश में भगवान राम से संवाद के बाद उन्हें ज्ञात होता है कि वे अयोध्या के राजकुमार राम हैं और सीता का अपहरण हो चुका है। सूर्यदेव के संकेतों और हनुमान के अंतर्मन के भावों के माध्यम से लेखक ने इस प्रसंग को आध्यात्मिक संवेदना दी है। आगे हनुमान राम-लक्ष्मण की सुग्रीव से भेंट कराकर मैत्री और सहयोग का सेतु बनते हैं, जो अंततः औपचारिक मैत्री-संधि में परिणत होता है।

प्रस्रवण पर्वत का प्रसंग राम के बड़प्पन और हनुमान के प्रति उनके सम्मान को उजागर करता है। यह संवाद राम के उस उदात्त व्यक्तित्व को सामने लाता है, जो प्रेम को बंधन नहीं, सम्मान और उत्तरदायित्व का रूप देता है। सीता की खोज के बाद हनुमान जब उनका चूड़ामणि लेकर राम के पास लौटते हैं, तो दृश्य भावुक हो उठता है। चूड़ामणि को हृदय से लगाकर राम का सीता और दशरथ की स्मृतियों में डूबना तथा रावण के विरुद्ध युद्ध का संकल्प लेना लेखक ने अत्यंत सजीवता से उकेरा है।

हनुमान जैसे सर्वज्ञात चरित्र को केवल चमत्कारों और शक्ति के सहारे देखने के बजाय उनके विचार, भावनाओं, संबंधों और निर्णयों की दृष्टि से मानवीय धरातल पर प्रस्तुत करता उपन्यास।

## त्योहारी सीजन में 2.5 लाख अस्थायी नौकरियां सृजित होंगी

**मुंबई:** त्योहारी सीजन के दौरान देश में 2-2.5 लाख अस्थायी और गिग नौकरियां सृजित होने की संभावना है। वैश्विक टेक्नोलाजी एंड डिजिटल टैलेंट समाधानप्रदाता एनएलबी सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में बताया कि इसमें वार्षिक आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। ई-कामर्स, क्विक कामर्स, खुदरा, लाजिस्टिक्स, हास्पिटालिटी, यात्रा और उपभोक्ता सेवा कारोबार के लिए त्योहारी सीजन सबसे अधिक मांग वाला समय होता है। (प्रेट्र)

2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए ज्यादा वित्तीय अनुशासन, ज्यादा पूंजी आकर्षित करने वाले सुधारों और बेहतर मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताओं की जरूरत है।

– उदय कोटक, दिग्गज बैंकर



# उपभोक्ता वस्तु लोन: शून्य ब्याज के आकर्षण से बचें, इन बातों का ध्यान रखें

आज बड़ी संख्या में लोग उपभोक्ता वस्तुएं जैसे- फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और स्मार्टफोन लोन पर लेते हैं। इसको कंज्यूमर ड्यूरेबल्स लोन (उपभोक्ता वस्तु लोन) भी कहा जाता है। ऐसा कर्ज लेने वालों में नए उपभोक्ताओं या पहली बार लोन लेने वालों की बड़ी संख्या होती है। कई सारी कंपनियां उपभोक्ता वस्तुओं पर शून्य ब्याज या बिना ब्याज लोन का आफर देती हैं। इस प्रकार के लोन बड़ी आसानी से मिल जाते हैं। हालांकि, कई बार ऐसे लोन पर चुकाई गई राशि कंपनी का आफर से अधिक हो सकती है। उपभोक्ता वस्तुओं पर लोन लेते समय ध्यान रखने योग्य बातें बता रहे हैं **मनोज कुमार...**





### अतिरिक्त लागत के बारे में जानें

उपभोक्ता वस्तु बेचने वाली कंपनियां कई बार बिना ब्याज समान मासिक किस्त (ईएमआइ) की पेशकश करती हैं। ऐसे मामलों में सामान खरीदने वाले उपभोक्ता को कोई ब्याज नहीं देना पड़ता है, बल्कि निर्माता और व्यापारी खरीद के समय ब्याज को सब्सिडी के तौर पर उधार देने वाले बैंक या वित्तीय संस्थान को देते हैं। लेकिन उपभोक्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लेनदेन में कोई अतिरिक्त लागत तो नहीं है। बिना ब्याज वाले ईएमआइ प्रस्ताव में उपभोक्ता से प्रोसेसिंग फीस या सामान पर मिलने वाली छूट को खत्म करके ब्याज की वसूली की जा सकती है। ऐसे में लोन लेने से पहले प्रोसेसिंग फीस, सुविधा शुल्क, लागू कर और पूर्व-भुगतान फीस की अच्छी तरह पड़ताल कर लेनी चाहिए।

### लोन देने वाले संस्थान की जांच करें

जानकारों का कहना है कि उपभोक्ताओं को इस प्रकार की वस्तुओं पर लोन देने वाले संस्थान की पड़ताल अच्छे से करनी चाहिए। उपभोक्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोन देने वाला संस्थान आरबीआइ के पास पंजीकृत बैंक या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) हो। यदि उधार देने वाला बैंक या एनबीएफसी आरबीआइ के पास पंजीकृत नहीं है तो वह आपके डाटा के साथ खिलवाड़ कर सकता है जिससे आपकी वित्तीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। साथ ही लोन देने वाले बैंक या एनबीएफसी को केवल आवश्यक डिजिटल डाटा की सहमति प्रदान करें।




### जरूरत पर ही करें खरीदारी

विशेषज्ञों का कहना है कि पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली में प्रवेश के लिए उपभोक्ता वस्तु लोन एक बेहतर विकल्प है। ऐसे लोन की समय पर अदायगी के जरिये एक उपभोक्ता अपना अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बना सकता है। लेकिन कई बार ऐसे में लोन में छिपी हुई लागत होती है जो इसको काफी महंगा बना देती है और पुनर्भुगतान में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में जरूरत पड़ने पर ही उपभोक्ता वस्तुएं लोन पर खरीदें। यदि जरूरी न हो तो ऐसी खरीदारी को स्थगित करना अधिक समझदारी भरा फैसला हो सकता है।



### 40% से अधिक न हो कुल ईएमआइ

कई बार लोग पहले से ही ईएमआइ चुका रहे होते हैं और नई उपभोक्ता वस्तुएं लोन पर लेने की योजना बनाते हैं। तमाम वित्तीय सलाहकारों का मानना है कि किसी भी व्यक्ति पर उसकी कुल आय का 40 प्रतिशत से अधिक ईएमआइ नहीं होना चाहिए। ऐसे में लोन पर उपभोक्ता वस्तु लेने से पहले अपनी पुरानी ईएमआइ का ध्यान रखना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि नया लोन लेने के बाद कुल ईएमआइ 40 प्रतिशत से अधिक न हो।




### खाते में पर्याप्त पैसा हो

ऐसे लोन के मामले में अधिकांश बैंक या वित्तीय संस्थान उपभोक्ताओं को आटो-डेबिट (खाते से अपने आप पैसा कटना) का विकल्प देते हैं। समय पर मासिक किस्त के भुगतान के लिए अपने संबंधित बैंक खाते में पर्याप्त पैसा रखें। यदि किसी कारणवश आटो-डेबिट विफल हो जाता है तो 24-48 घंटे के भीतर मैन्युअल भुगतान करके बैंक या वित्तीय संस्थान को सूचित करें। अगले क्रेडिट-ब्यूरो रिपोर्टिंग चक्र से पहले बकाया चुकाने से शुल्क और क्रेडिट स्कोर के नुकसान को सीमित किया जा सकता है।

जागरण इन्फो

# रिवार्ड प्वाइंट्स आपकी संपत्ति नहीं

एक बड़े बैंक ने अपने प्रीमियम क्रेडिट कार्ड के नियम बदल दिए हैं। आगे से ये कार्ड सिर्फ उन ग्राहकों के पास रहेगा, जो या तो जमकर खर्च करते हैं या बैंक के साथ बड़ी 'रिलेशनशिप वैल्यू' बनाए रखते हैं। बाकी सबका कार्ड बंद या डाउनग्रेड कर दिया जाएगा। इस पर प्रतिक्रिया गजब की रही है। इनमें सैकड़ों मैसेज तक लंबे-लंबे थ्रेड, सुबूत के तौर पर घुमाए जा रहे रिलेशनशिप मैनेजर के ईमेल के स्क्रीनशाट और आरबीआइ में शिकायत करने की बातें शामिल हैं। इस गुस्से का कुछ हिस्सा जायज है। अगर कोई बैंक सालाना फीस वसूल ले और साल पूरा होने से पहले ही ग्राहकों से कहे कि आप इस क्लब के लायक नहीं हैं, तो उसने एक ऐसे वादे के पैसे लिए हैं जिससे वो अब पीछे हट चुका है।



धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

**बोनस**

**मैं आपको** इस बारे में लिखना नहीं चाहता। मुझे जिस बात ने हैरान किया, वो थी इसमें लगाई जा रही मेहनत। अगर आप वो थ्रेड पढ़ें, तो आपको ऐसा स्तर मिलेगा जो किसी अच्छी निवेश रिसर्च टीम के लायक है। लोगों ने अपने खर्च को ट्रैक करने के लिए एक्सेल शीट बना ली हैं। उन्हें पता है कि कौन-कौन सी श्रेणी गिनी जाती है और सेटलमेंट कैसे किसी ट्रांजेक्शन को अगले वित्त वर्ष में धकेल सकता है। उन्होंने सारी बारीक शर्तें पढ़ी हैं और समझी भी हैं। ये उस सवाल पर लगातार चलने वाला आंकड़ों से भरा विश्लेषण है, जो उनके लिए बहुत अहम है।

अब इन्हीं लोगों में से किसी एक से पूछिए कि उनके म्यूचुअल फंड का खर्च अनुपात क्या है या उनका पोर्टफोलियो इक्विटी और फिक्स्ड इनकम में कैसे बंटा है। मैंने ऐसे प्रयोग किए हैं और मुझे जवाब पता है। इसकी वजह बेवकूफी या आलस नहीं है। क्रेडिट कार्ड का प्रोग्राम एक ऐसे गेम की तरह बनाया जाता है जिसका फायदा फौरन मिलता है। तब आपको लगता है कि आपने कुछ जीत लिया। निवेश में ऐसा कोई रोमांच नहीं है। इस हफ्ते नतीजा देने वाले गेम और 20 साल में नतीजा देने वाले गेम में से चुनने को कहा जाए, तो लोग तेज गेम चुनेंगे। वित्तीय उद्योग यह बात अच्छी तरह जानता है।

सुस्त गेम का हिसाब लगाना भी फायदे का काम है। 50 लाख के पोर्टफोलियो पर साल का 0.5 प्रतिशत लेने वाले फंड और 1.5 प्रतिशत लेने वाले फंड के बीच का फर्क पहले ही साल में 50,000 है। चूंकि ये रकम कभी निवेश ही नहीं होती, इसलिए हर अगले साल ये फासला बढ़ता जाता है। दो हफ्ते की वो मेहनत, अगर अपने फंड की लागत और एसेट एलोकेशन पर लगाई जाए, तो वो उन सारे रिवार्ड प्वाइंट्स से ज्यादा कीमती है जो आप जिंदगी भर में कमाएंगे।

बैंक के खुद के नोटिस में कार्डधारकों से कहा गया कि ये कार्ड एक प्रोडक्ट नहीं, बल्कि एक रिश्ते का आईना है। बात बिल्कुल सही है और दिक्कत भी बिल्कुल यही है। रिश्ता वो चीज है जिसे सामने वाला कभी भी खत्म कर सकता है। तो इनमें से असल में आपका क्या है? प्वाइंट, टियर, लाउंज एक्सेस और रिलेशनशिप स्टेटस आपकी संपत्ति नहीं हैं।

म्यूचुअल फंड में आपकी यूनिट और किसी कंपनी में आपके शेयर आपके हैं। आपको कभी ऐसा ईमेल नहीं आएगा कि पर्याप्त सक्रियता न बनाए रखने के चलते आपको बाहर कर दिया गया है। कोई स्कीम मर्ज हो सकती है या बंद हो सकती है, लेकिन पैसा आपका ही रहता है और आपके पास लौट आता है। वैल्यू घटेगी-बढ़ेगी, लेकिन वो बाजार का चलना है, किसी बैंक का आपसे हक छीनना नहीं।

# टाटा संस की लिस्टिंग पर क्यों अड़ा है आरबीआइ

## शेयर बाजारों में लिस्टिंग के बाद टाटा संस की फंडिंग और निवेश के तरीके पर होगी ज्यादा निगरानी

- टाटा संस के लाइसेंस सरेंडर आवेदन को खारिज कर चुका है केंद्रीय बैंक
- एसपी समूह ने भी किया लिस्टिंग का समर्थन, विरोध में सिर्फ नोएल टाटा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** आरबीआइ टाटा संस को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध (लिस्टिंग) कराने पर क्यों अड़ा हुआ है, यह सवाल गुरुवार की बोर्ड बैठक और शुक्रवार को शापूर मिस्त्री की चिट्ठी के बाद और तीखा हो गया है। समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पांच साल का नया कार्यकाल मिलता नजर आ रहा है। नोएल टाटा अकेले विरोध में खड़े रहे और शापूरजी पलोनजी (एसपी) समूह के चेयरमैन शापूर मिस्त्री ने पत्र जारी कर लिस्टिंग को अब नैतिक अनिवार्यता बता दिया है। इससे साफ है कि समूह का सबसे बड़ा आंतरिक विवाद यही है, जबकि आरबीआइ के 11 सितंबर के रुख से ही साफ हो गया है कि अपर लेयर एनबीएफसी होने और ग्रुप कंपनियों में निवेश के कारण अप्रत्यक्ष पब्लिक फंड मिलने के कारण टाटा संस का शेयर बाजार में उतरना अनिवार्य है।

इस पूरे प्रकरण की शुरुआत सितंबर 2022 में तब हुई, जब आरबीआइ ने टाटा संस को अपर लेयर एनबीएफसी और कोर निवेश कंपनी के रूप में चिह्नित किया था। अपर लेयर एनबीएफसी की श्रेणी में वो कंपनियां शामिल है जिनकी परिसंपत्तियों का आकार एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है और जो देश के वित्तीय ढांचे के लिए महत्वपूर्ण हैं। आरबीआइ के नियमों के मुताबिक, ऐसी कंपनियों को तीन साल के भीतर शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना अनिवार्य है।

**तरुण रक्ताला** पक्षसंघटनेमध्ये स्थान देण्याचा विचार काँग्रेसमध्ये केला जात आहे. त्यासाठी राष्ट्रीय स्तरावर बदल करण्याचा निर्णय राहुल गांधींनी घेतला आहे. ताज्या दमाचे नवे राष्ट्रीय सचिव नियुक्त केले जाणार असून त्यासाठी गेल्या आठवड्यामध्ये सुमारे १३० जणांच्या मुलाखती घेण्यात आल्या. राहुल गांधी, प्रियंका गांधी आणि के. सी वेणुगोपाल यांनी सर्व उमेदवारांचं म्हणणं जाणून घेतलं. मुलाखतींचं सत्र आता पूर्ण झालं आहे. त्यातून काही जणांची राष्ट्रीय सचिव म्हणून नियुक्ती केली जाऊ शकते. त्यांना राष्ट्रीय महासचिव तसंच राज्य प्रभारींच्या देखरेखीखाली काम करावं लागेल. राज्यांशी नियुक्त महासचिव आणि सचिव संपर्क ठेवत असतात. ही काँग्रेसची कामाची पद्धत आहे. काही दिवसांमध्ये नवे राष्ट्रीय सचिव दिसू शकतील. विद्यमान राष्ट्रीय सचिवांशीही या तिघांनी चर्चा केली. त्यांना जबाबदारी दिलेल्या राज्यांमध्ये काँग्रेसची स्थिती काय हे जाणून घेतलं. त्यांना चार-पाच प्रश्न विचारले गेले. थेट उत्तरं द्या, असंही सांगण्यात आलं. त्यातील एक प्रश्न महत्त्वाचा आहे. काँग्रेसने केलेली एक चूक सांगा आणि ती सुधारण्यासाठी काय केलं पाहिजे हेही सांगा, असा प्रश्न या राष्ट्रीय सचिवांना विचारला गेला. काँग्रेसने संघटना सृजन मोहीम राबवली. बूथ स्तरापासून जिल्हा आणि राज्य स्तरापर्यंत संघटना बळकट करण्यासाठी ही मोहीम राबवली जात आहे. त्याअंतर्गत जिल्हाप्रमुख नियुक्त केले जात आहेत. या मोहिमेचं मूल्यमापनही या राष्ट्रीय सचिवांच्या भेटीतून केलं गेलं. भाजपप्रमाणे काँग्रेसही आता बूथस्तरावरील मजबुतीकरणाची भाषा करू लागला आहे.

एक्स से

हम तालिबान को उनके घिनौने अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराते रहेंगे। हम अफगान औरतों और लड़कियों के लिए इंसाफ लेकर रहेंगे और जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव को मिटवाकर ही मानेंगे- मलाला यूसुफजई /नोबेल विजेता





# अशांत दुनिया में शांति दिवस



**बदलती और बदहाल होती विश्व-व्यवस्था ने बेजारी और क्षेत्रीय संघर्षों को विस्तार दे दिया है। इस समय दुनिया को पचास से अधिक सशस्त्र संघर्ष गरमा रहे हैं। इनमें से कई तो युद्ध की श्रेणी में आते हैं। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस से ऐन पहले दुखी मन से आपको प्लेटो का कथन याद दिलाना चाहता हूं, 'शांति सिर्फ दो युद्धों के बीच का अंतराल है'। हम शायद उस अंतराल को पीछे छोड़ आए हैं।**

आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

**शशि शेखर**

**आजकल**

युद्ध लौट आए हैं। दो महायुद्धों से उकताई इंसानियत ने इनसे बचाव के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाएं जतन से गढ़ी थीं। इस विरल वक्त में वे खुद अपनी अस्तित्वहीनता की मुनादी कर रही हैं। सवाल उठता है, इन दिनों को इतिहास अपनी पोथियों में कहां और कैसे दर्ज करेगा? शायद वहीं, जहां सत्तानायकों की धूर्तताएं और आम आदमी की निरीहताएं दर्ज हैं।

दूसरे विश्व युद्ध से ऐन पहले भी सशक्त देशों के सत्ताधीश इसी प्रकार बेलगाम हो चले थे। सन् 1936-39 के बीच रोम-बर्लिन संधि, कम्युनिस्ट विरोधी संधि (एंटी कॉमिण्टर्न पैक्ट), म्यूनिख समझौता और मोलोटोव-रिबेंट्रोप समझौते के जरिये नया वैश्विक निजाम बनाने के नाम पर 'लीग ऑफ नेशंस' की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। अमेरिका तो पहले से ही इससे अलग था, अब हिटलर और मुसोलिनी जैसे तानाशाह उसे हर दिन आघात पहुंचाने में लगे थे। सनद रहे, लीग की स्थापना पहले महायुद्ध के बाद इस नीयत से की गई थी कि वह आगे ऐसे हालात पनपने ही नहीं देगा।

लीग की नाकामी का आलम यह था कि सन् 1930 की अमेरिकी मंदी से नाराज जापानी सम्राट हिरोहितो ने मंचूरिया पर कब्जा जमा लिया था। इटली इथियोपिया पर चढ़ दौड़ा था और हिटलर चेकोस्लोवाकिया पर आधिपत्य के लिए आस्तीनें चढ़ा रहा था। तंग जेब वाले इंग्लैंड और फ्रांस इस उद्धत तानाशाह को रोकने के लिए मिन्नतें कर रहे थे। म्यूनिख समझौते के तहत चेकोस्लोवाकिया के सुडेटनलैंड को जर्मनी को देने पर वे राजी भी हो गए थे, मगर हिटलर रुका कहां?

कोई आश्चर्य नहीं, इस समझौते के ऐन बाद विंस्टन चर्चिल ने तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री चेम्बरलेन से कहा था- 'आपको युद्ध और अपमान में से एक को चुनना था, आपने अपमान चुना और अब आपको युद्ध भी मिलेगा।' चर्चिल गलत न थे, ठीक एक साल बाद जंग शुरू हो गई थी। उस दौरान हिटलर डींग हांकता था- 'हमारे दुश्मनों के पास कीड़े-मकोड़े जैसे नेता हैं, मैंने उन्हें म्यूनिख में ही परख लिया था। विजेता से कभी नहीं पूछा जाएगा, उसने सच बोला था या नहीं।'

क्या आज वैसे हालात नहीं हैं?

रूस और यूक्रेन साढ़े चार वर्षों से सींग लड़ाए हुए हैं। गाजा पर इजरायल का अत्याचार अभी खत्म नहीं हुआ है। इजरायल और अमेरिका की जोड़ी ने छह महीने पहले ईरान पर यह सोचकर हमला किया था कि वे चंद दिनों में वहां के राजपाट में मनमाफिक परिवर्तन करा सकेंगे, पर ईरान इस बार तैयार बैठा था। इस हमले के जवाब में ईरानी ड्रोन और प्रक्षेपास्त्रों ने खाड़ी में मौजूद 20 से अधिक अमेरिकी सैन्य अड्डों को जबरदस्त क्षति पहुंचाई। रबर की तरह खिंचती इस लड़ाई से अमेरिका का गोला-बारूद चुक चला है। नतीजतन, पेंटागन ने दक्षिण कोरिया और जापान से अपने प्रक्षेपास्त्र एवं अन्य आवश्यक सैन्य संसाधन इस क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिए हैं। इससे सियोल और टोकियो में हड़कंप मच गया है। अगर उत्तर कोरिया दक्षिण पर और चीन जापान पर हमला कर दे, तो उन्हें कौन बचाएगा? खाड़ी के देशों और यूरोप की तरह उन्होंने भी अपनी सामरिक सुरक्षा अमेरिका के हवाले कर रखी थी। प्रायश्चित स्वरूप ये देश अमेरिकी छाते से निकलकर अजीबो-गरीब संधियां कर रहे हैं।

जन्मजात विकलांगता का शिकार मक्का समझौता इनमें से एक है।

इस सबसे बाखबर ट्रंप और उनके बेशर्म मंत्रिगण बयान दे रहे हैं कि हमने ईरान को तबाह कर दिया है, हम जीत गए हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान भी यही दावा पेश कर रहे हैं। इस लड़ाई में कौन जीता, कौन हारा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। इस जंग ने समूची दुनिया में नई धड़ेबंदी को जन्म दे दिया है। अमेरिकी अखबार लिख रहे हैं कि चीन और रूस ईरान के बहाने हमसे छाया युद्ध लड़ रहे हैं। यह वही छाया



युद्ध है, जिसका ईजाद शीतयुद्ध के जमाने में अमेरिका ने किया था। भू-राजनीति में शिकारियों का खुद शिकार हो जाना कोई नई बात नहीं है।

नतीजतन, कुछ हफ्तों से अमेरिकी मिसाइलें और बम ईरान की धरती से मुंह मोड़े हुए हैं। ईरान भी अब सीधे नहीं लड़ रहा। उसने हूती, हिजबुल्लाह और इराकी मिलिशिया के जरिये मैदान-ए-जंग का विस्तार कर दिया है। उसके पाले-पोसे हूतियों ने यमन के तटीय क्षेत्रों और बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास के दो रणनीतिक द्वीपों पर कब्जा जमा लिया है। धनी-मानी सऊदी अरब इन लड़ाकों से खौफजदा है। पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात की तरह उसका तेल निर्यात बुरी तरह बाधित हो गया है। दुनिया का 12 फीसदी व्यापार और 30 फीसदी कंटेनर ट्रैफिक इसी संकरे समुद्री रास्ते से गुजरता है। ईरान के प्रभुत्व वाला होर्मुज जलडमरूमध्य पहले से ही संकट के साए में है। होर्मुज से दुनिया की करीब 20 फीसदी ऊर्जा सामग्री गुजरती है।

यही वजह है कि विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर सौ डॉलर प्रति बैरल के खतरनाक निशान से ऊपर चली गई हैं। लंदन की बॉल्टिक एक्सचेंज के मुताबिक, इन हालात से त्रस्त पोत संचालकों ने तेलवाही जहाजों के भाड़े में 10 लाख डॉलर प्रतिदिन तक की बढ़ोतरी कर दी है। भारत जैसे विकाशसील देश की बात तो छोड़ दें, विश्व की तीन सबसे बड़ी आर्थिक ताकतें अमेरिका, चीन और जापान तक भयंकर दबाव में आ गए हैं। जापान का 90 फीसदी तेल होर्मुज से होकर गुजरता है। मजबूरन, वह जतन से जमा किए अमेरिकी बॉण्ड बेचने को बाध्य हो गया है।

अमेरिका का हाल देखिए, साख बचाने को वह अपने ही बॉण्ड वापस खरीदने पर मजबूर हो गया है। ईंधन महंगा होने के कारण धरती की इस जन्नत में खाद्य और जरूरी सामानों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। महंगाई की इस मार से अमेरिकियों को बचाने के लिए सेंट्रल बैंक तीन बरस बाद ब्याज दरें बढ़ाने पर मजबूर हो गया है। अन्य मुल्कों के लिए भी यह अच्छी खबर नहीं है।

इस अफरा-तफरी से नाराज केंटकी के रिपब्लिकन सांसद थॉमस मैसी ने संसद में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ पर महाभियोग चलाने का प्रस्ताव रखा है। महंगाई और युद्ध के बढ़ते दायरे की वजह से ट्रंप लगातार आलोचनाओं के घेरे में हैं। भारत सहित तमाम देशों पर सौ फीसदी टैरिफ ठोकने का उनका दांव भी उल्टा पड़ता दिख रहा है। क्या संयोग है? जून 1930 में अमेरिकी संसद ने स्मूट-हॉली टैरिफ ऐक्ट लागू किया था। इसके तहत 20 हजार से अधिक विदेशी वस्तुओं पर रिकॉर्ड आयात शुल्क थोप दिया गया था। दुनिया के तमाम मुल्कों ने उसे जस का तस जवाब दिया था। नतीजतन, मंदी का शिकार अमेरिका महामंदी की चपेट में आ गया था। क्या यह महादेश उस पुरानी कहानी को दोहराने जा रहा है?

बदलती और बदहाल होती इस विश्व-व्यवस्था ने बेजारी और क्षेत्रीय संघर्षों को विस्तार दे दिया है। इस समय दुनिया को पचास से अधिक सशस्त्र संघर्ष गरमा रहे हैं। इनमें से कई तो युद्ध की श्रेणी में आते हैं। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस से ऐन पहले दुखी मन से आपको प्लेटो का कथन याद दिलाना चाहता हूं, 'शांति सिर्फ दो युद्धों के बीच का अंतराल है'।

हम शायद उस अंतराल को पीछे छोड़ आए हैं।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

---

**जीना इसी का नाम है**

**चीनू क्वात्रा**
समाजसेवी एवं पर्यावरणविद्

# काश! हर जलाशय को एक चीनू मिल जाता

**सितंबर 2017 में एक शाम चीनू दादर समुद्री तट पर टहल रहे थे। उन्होंने देखा कि समुद्री लहरों के साथ बहकर किनारे आ गए गणपति प्रतिमा के खंडित अंश कचरों के बीच पड़े हुए थे। उन्हें ठेस पहुंची। जिनको दस दिनों तक पूजा, विसर्जन के बाद क्या उनसे नाता टूट गया?**

लगभग डेढ़ अरब की आबादी वाले हिन्दुस्तान में आज भी करोड़ों लोग गरीबी से लड़ रहे हैं। सरकारें उन्हें इसकी खाई से बाहर निकालने की लगातार कोशिशें करती हैं, तरह-तरह की योजनाएं चलाती हैं, मगर दूसरी तरफ लाखों भारतीय हर साल जल-जनित रोगों की चपेट में आ जाते हैं। कई तो अपनी जान गंवा बैठते हैं। इन बीमारियों के कारण अनगिनत परिवार फिर से गरीबी की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में, चीनू क्वात्रा जैसे लोगों की अहमियत समझ में आती है।

आज से 37 साल पहले ठाणे, मुंबई के एक खुशहाल परिवार में जन्मे चीनू का शुरुआती बचपन सुविधाओं के बीच बीता, मगर किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते परिवार की वित्तीय स्थिति बेहद खराब हो गई। जब वह दसवीं में थे, तब स्थिति इतनी बिगड़ गई कि परिवार पालने के लिए मां को ढाबा चलाना पड़ा। कुछ महीने ऐसे आए, जब मां के पास बच्चों की स्कूल फीस देने तक के पैसे नहीं थे, मगर तब स्कूल अपने होनहार छात्र चीनू के साथ खड़ा रहा। उनकी पढ़ाई नहीं रुकी। परिश्रम के बावजूद मां की आंखों की बेबसी चीनू को बेधती थी, मगर वह कर भी क्या सकते थे? हां! स्कूल से आते ही वह ढाबे के जूठे बर्तन धोने में जुट जाते और ग्राहकों के घर तक टिफिन पहुंचा आते।

गरीबी के एहसास ने किशोर चीनू को एक संवेदनशील आदमी के रूप में तराशा। 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका नया पड़ाव 'मुलुंड कॉलेज ऑफ कॉमर्स' बना। चीनू बचपन से फौजी बनना चाहते थे, मगर ऐसा हो न सका। तब उन्होंने सोचा कि वर्दी में देश-सेवा करने का मौका नहीं मिला, तो क्या हुआ, बगैर वर्दी के भी समाज और देश की सेवा की जा सकती है। कॉलेज के कुछ दोस्तों के साथ मिलकर वह अक्सर आस-पास के इलाके की साफ-सफाई में जुट जाते थे। इससे उन सबको बहुत खुशी मिलती। ग्रेजुएशन के बाद चीनू ने एमबीए की डिग्री भी हासिल की और उन्हें मार्केटिंग की नौकरी भी मिल गई।

जिंदगी अब ऐसे पड़ाव पर आ गई थी, जहां उनके पास यह भरोसा था कि वह मां, भाई और परिवार की आर्थिक मदद कर सकते हैं। साल 2014 की बात है। वर्षों की मोहब्बत को अब जिंदगी का स्थायी हिस्सा बनाने के बारे में चीनू फैसला करने जा रहे थे, तभी एक सड़क दुर्घटना में वह चल बसी। इस हादसे ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। वह अवसाद के शिकार हो गए थे। तीन बार उन्होंने खुद को खत्म करने की कोशिश की। आखिरकार, मां ने ही यह संबल थमाया- मरने वाले के साथ मर जाना सबसे आसान काम होता है, बहादुरी तो तब है, जब उसकी मोहब्बत को सीने में जिंदा रखते हुए जियो! दूसरों के दर्द बांटो।

लगभग उन्हीं दिनों रिश्ते की एक बहन ने ठाणे में प्री-



प्राइमरी स्कूल खोला था। उन्होंने चीनू से इसरार किया कि वह उनके स्कूल के लिए मार्केटिंग करें। इस सिलसिले में चीनू का स्कूल आना-जाना शुरू हुआ। कुछ दिनों में उन्होंने गौर किया कि चार और सात साल की दो बच्चियां खूब सारा मेकअप थोपकर स्कूल के गेट पर आ बैठती हैं और स्कूल आने वाले बच्चों को बड़ी हसरत से देखा करती हैं। चीनू और उनकी बहन जब इन बच्चियों के अभिभावक से मिलने पहुंचे, तो उन्हें यह जानकर बेहद दुख हुआ कि वे अनाथ थीं और एक बार डांसर रिश्तेदार के यहां रह रही थीं। जब चीनू की बहन ने इन बच्चियों को निःशुल्क पढ़ाने का इरादा दिखाया, तो वह रिश्तेदार भी इसके लिए सहर्ष तैयार हो गई, क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि ये बच्चियां उस गलीज पेशे का हिस्सा बनें। चीनू ने उसी समय ऐसे अनाथ बच्चों के लिए काम करने का इरादा बांधा।

साल 2017 में उन्होंने 'खुशियां फाउंडेशन' की शुरुआत की। इसके साये तले वह कई तरह के काम कर रहे हैं, जिनमें बेसहारा गरीब बच्चों को भोजन-शिक्षा और छत मुहैया कराने के साथ-साथ समुद्री तटों की साफ-सफाई के काम शामिल हैं। पिछले नौ साल में लाभार्थी गरीब बच्चों की संख्या 2,000 से ऊपर पहुंच गई है। इसी तरह, गणपति महोत्सव के समय मुंबई अपने इस सपूत को शिद्दत से याद करता है। दरअसल, सितंबर 2017 में एक शाम चीनू अपने कुछ दोस्तों के साथ दादर समुद्री तट पर टहल रहे थे, तभी उन्होंने गौर किया कि गणपति प्रतिमा के खंडित अंश समुद्री लहरों के साथ बहकर किनारे पर आ गए थे और वे तमाम तरह के कचरों के बीच पड़े हुए थे। उन्हें ठेस पहुंची। जिनको दस दिनों तक पूजा, जिनकी आराधना की, विसर्जन के बाद क्या उनसे नाता टूट गया?

चीनू ने सोचा कि जब पूजा के लिए सब एकजुट हो सकते हैं, तो उन समुद्री तटों की सफाई के लिए क्यों नहीं हो सकते, जहां बप्पा का विसर्जन किया जाता है? अगली सुबह ही वह अपने 12 दोस्तों के साथ दादर बीच पर थे। किसी ने उन्हें कचरा वाला कहा, तो किसी ने सफाई वाला समझा, उन्हें इससे क्या फर्क पड़ना था? चीनू और उनके साथियों को सफाई करते देख पास के कॉलेज के कई छात्र उनसे आ जुड़े। इस मुहिम ने 'बीच वॉरियर्स' की नींव रखी। 12 लोगों से शुरू हुआ वह काफिला नौ वर्षों बाद अब 2,000 सेनानियों का हो गया है और ये सेनानी आज मुंबई के चार समुद्री तटों को उनकी नैसर्गिक आभा लौटा रहे हैं। हर शनिवार ये इस काम

**12 लोगों से शुरू हुआ 'बीच वॉरियर्स' का वह काफिला नौ वर्षों बाद आज 2,000 सेनानियों का हो गया है और ये सेनानी आज मुंबई के चार समुद्री तटों को उनकी नैसर्गिक आभा लौटा रहे हैं। हर शनिवार ये इस काम को अंजाम देते हैं। पिछले नौ वर्षों में इन्होंने 4,000 टन कचरा समुद्र में जाने से रोका है।**

को अंजाम देते हैं। पिछले नौ वर्षों में इन्होंने 4,000 टन कचरा समुद्र में जाने से रोका है।

अब जब बप्पा की विदाई के दिन करीब आ रहे हैं, तो चीनू मुंबइकरों से अपील कर रहे हैं कि वे अगले शनिवार, यानी 26 सितंबर को उनकी मुहिम का हिस्सा बनें और विसर्जन के बाद समुद्र तटों से गणपति प्रतिमा के अवशेषों की सफाई कर अपनी आस्था को गरिमामयी रूप दें। भारत के हर जल स्रोतों को चीनू जैसे वॉरियर्स की जरूरत है।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

---

**वो लम्हा**

**सचिन नाग**
प्रथम एशियाड स्वर्ण विजेता भारतीय



# गंगा और बनारस ने बनाया तैराक

**तब बेताबी बनारस में भी भरपूर थी। गंगा जी के एक घाट पर जनसभा चल रही थी। वहां जोश में सराबोर भारतीयों के बीच दस वर्षीय बांग्लाभाषी बालक भी था। अचानक पुलिस ने धावा बोल दिया, भगदड़ मच गई। उस बालक को जब कुछ न सूझा, तो वह दौड़कर गंगा जी में कूद गया। लगा तैरने।**

वह गुलामी का त्रासद दौर था। कोई भारतीय अपने सागर तट से एक मुट्ठी नमक भी उठाता, तो अंग्रेज पुलिस उसे उठा ले जाती थी। ऐसे अन्याय के विरुद्ध ही सविनय अवज्ञा आंदोलन का बिगुल बजाया गया। साल 1930 की गर्मियों में सख्त कानून तोड़ते हुए मोहनदास करमचंद गांधी ने नमक बनाने की शुरुआत की और पूरा देश नमक बनाने व कानून तोड़ने को बेताब हो गया।

तब यह बेताबी बनारस में भी भरपूर थी। गंगा जी के एक घाट पर जनसभा चल रही थी। वहां जोश में सराबोर भारतीयों के बीच दस वर्षीय बांग्लाभाषी बालक भी था। तभी अचानक पुलिस ने धावा बोल दिया, भगदड़ मच गई। बालक को जब कुछ न सूझा, तो वह दौड़कर गंगा जी में कूद गया। लगा तैरने। उसके बड़े भाई स्वतंत्रता के लिए जेल जा चुके थे, पर यह बालक जेल जाना नहीं चाहता था, तो वह पुलिस की पकड़ से बचने के लिए तैरता जा रहा था। तैरते-तैरते वह ऐसे स्थान पर पहुंचा, जहां से एक तैराकी स्पर्द्धा शुरू होने वाली थी। छिपने के लिए वह बालक तैराकों के बीच जा खड़ा हुआ। जब बाकी तैराक गंगा जी में कूदे, तो वह भी कूद गया। उसे लगा कि अगर वह मुकाबले में पीछे रहा, तो उसे पहचान लिया जाएगा, तो वह पूरी ताकत से तेज तैरने लगा।

नतीजा यह कि स्पर्द्धा के बाद जब वह गंगा जी से निकला, तो सब चकित रह गए कि एक बालक तीसरे स्थान पर आया है। बालक की प्रशंसा का शुभारंभ हुआ कि यह चपल तैराक बचपन में बड़ों के दांत खट्टे कर रहा है, तो बड़ा होकर न जाने क्या करेगा? फिर क्या था, पूरे बनारस में तेज तैराकों में उसकी गिनती होने लगी। आकस्मिक तैराकी ने बालक के जीवन को बदल दिया। गंगा जी में कोई भी तैराकी प्रतियोगिता होती, तो उसे विशेष रूप से बुलाकर लोग अद्भुत तैराकी का आनंद लेने लगे।

कुछ ही वर्ष बाद देश के मशहूर तैराक जैमिनी दास अपने तैराकों की टीम के साथ कोलकाता से वाराणसी आए। बनारस के बालक ने प्रतियोगिता में कोलकाता के तैराकों को बहुत आसानी से पछाड़ दिया। अपनी टीम के सर्वश्रेष्ठ तैराकों के हारने से हैरान जैमिनी दास ने पूछा, 'यह किशोर तैराक कौन है?' उन्हें बनारसवासियों ने बड़े गर्व से बताया, 'इस बनारसी तैराक का नाम सचिन नाग है।' जैमिनी दास ने ज्यादा वक्त जाया न किया। वह बहुत प्रयास से सचिन नाग को प्रशिक्षण के लिए कोलकाता ले गए। सचिन कोलकाता में जैमिनी दास के ही घर रहने लगे और स्थानीय क्लब में तैराकी व वाटर पोलो के अभ्यास में लग गए।

बनारस ने कोलकाता को निराश नहीं किया। पुख्ता प्रशिक्षण के बाद सचिन नाग ने 19 की उम्र में 1 मिनट 4 सेकंड समय के साथ 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्द्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली और 2 मिनट 29 सेकंड समय के साथ 200 मीटर फ्री-स्टाइल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अगले ही वर्ष देश के नंबर वन तैराक दिलीप मित्रा को पछाड़कर नया रिकॉर्ड रच दिया। प्रतिभा कुछ इस तरह निखरी कि जिस भी स्पर्द्धा में वह उतरते, अव्वल आते। तब देश आजाद होने वाला था और सचिन ओलंपिक में भाग लेने के सपने देख रहे थे, पर कोलकाता में दंगे के हालात बन गए। एक दिन वह प्रशिक्षण से लौट रहे थे और एक गोली उनके दाहिने पैर में आ लगी, हड्डी टूट गई। पांच महीने अस्पताल में रहे, मगर न दृढ़ता पर आंच आई और न सपना टूटा। डॉक्टरों ने कह दिया, फिर तैराकी में दो साल लग जाएंगे। तब सचिन कोलकाता से फिर घर बनारस लौट आए। यहां उनकी सेवा शुरू हुई। कुछ कुशल स्थानीय मालिश वालों ने बहुत नफासत से उनके पैरों को मजबूत करना शुरू किया और एक दिन घाट से नीचे उतार दिया। गंगा जी मानो सचिन नाग की प्रतीक्षा कर रही थीं।

अब इतिहास में दर्ज है, 8 मार्च 1951 को वह मौका आया, जब दिल्ली में पहली बार एशियाई खेलों का आगाज हुआ। दिग्गज विदेशी तैराकों को पछाड़कर सचिन नाग ने 100 मीटर फ्री-स्टाइल स्पर्द्धा में स्वर्ण जीत लिया। यह एशियाड में भारत का पहला स्वर्ण था। वहां मौजूद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू प्रोटोकॉल तोड़कर दौड़ पड़े और सचिन नाग को गले लगा लिया। भाव विभोर प्रधानमंत्री ने अपनी कोट की जेब से लाल गुलाब निकालकर सचिन नाग को बड़े प्यार से सम्मानित किया।

आज भी अनमोल है वह पदक, जो एशियाई खेलों में तैराकी स्पर्द्धाओं में भारत का एकमात्र स्वर्ण है। अपने समय में खेल-प्रतिकूल परिवेश और अनेक अभावों से जूझते हुए भी सचिन नाग (1920-1987) देश के तैराकों के प्रकाश स्तंभ रहे। आरती साहा से नफीसा अली तक भारतीय तैराकों की नई पीढ़ी को उन्होंने तैयार किया। देर से ही सही, 2020 में उन्हें मरणोपरांत ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अचरज नहीं, जब भी एशियाई खेल होते हैं, सचिन नाग की बहुत याद आती है।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

---

# हिंदी का सपना मनी मनी

**तिरछी नजर**

**सुधीश पचौरी** हिंदी साहित्यकार



जब से यह खबर आई है कि हिंदी के कविकुल भूषण और कवियों के कवि को '21 लाख' मिला है, तभी से 'मेरा मन डोले मेरा तन डोले' हो रहा है। अधिकांश लेखक बधाइयां दे रहे हैं। मैं चार बार दे चुका हूं। सोचता हूं, जैसे उनके दिन फिरे, अपने भी फिरें। आज उन्हें 21 लाख मिले हैं, कल एक करोड़ मिलें। कारण, वह हिंदी साहित्य के 'पाइड पाइपर' (चमत्कारी पुरुष) हैं। वह रास्ता दिखाते हैं, हमारे जैसे मूषक पीछे-पीछे दौड़े चले आते हैं।

वह हीरो हैं, हम जीरो हैं। वह नवोन्मेषी हैं, नवाचारी हैं। हमेशा दूर की कौड़ी लाते हैं। अवसर की जैसी सटीक पहचान उन्हें है, बड़े-बड़े अचूक अवसरवादियों को भी नहीं। अवसर आया, तो लपक लिए; अवसर आया, तो लौटा दिए। पहले लपककर नाम कमाया, फिर लौटाकर। हम जैसे फुकरों को जब कुछ मिला ही नहीं, तो क्या लौटाएं?

पहली बधाई दी, तो सोचा कि सर जी से धन्यवाद मिलेगा। जब नहीं मिला, तो दूसरी बधाई दी। तब भी धन्यवाद न आया, तो तीसरी 'गुलदस्ता विद हाथ-जोड़ू इमोजी' भेजी। इसके बाद भी धन्यवाद न मिला, तो प्रशस्ति में टिप्पणी लिख भेजी। फिर भी कुछ न आया, तो मन को समझाया- *मन रे तू काहे ना धीर धरे?* ऐसे अवसरों पर धन्यवाद देने की फुरसत ही किसे होती है? बंदा धन्यवाद दे कि बधाइयां गिने? ऐसे मौकों पर बड़े लोग वीतराग हो जाते हैं।

अपनी हिंदी का मन तो 'मनी' में बसता है। इसीलिए इस बार हिंदी में वह विचारधारात्मक सवाल उतने जोर से नहीं उठा, जैसे उठा करता था और विचारधारात्मक संघर्ष का कारण बन जाता था। ईर्ष्यादग्ध आत्माएं पूछने लगती थीं कि इस पैसे का दाता कौन है? इतना पैसा कहां से आया? वह किसी कसाले का है या मसाले का? किसी सोरोस का है कि टूलकिट का? पाप का है कि पुण्य का? मेहनत का है कि तोहमत का? इस पैसे का रंग क्या है? काला कि सफेद?

बहरहाल, ऐसे मार्मिक सवालों का जवाब मुझे महाभारत के वन पर्व के यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में मिला- *धर्मस्य तत्वं निहितम् गुहायाम् महाजनो येन गतः स पंथाः*, अर्थात धर्म का मर्म गुफा में निहित है। धर्म के मर्म की खोज में इधर-उधर भटकने से बेहतर है कि मनुष्य उसी मार्ग पर चले, जिस पर श्रेष्ठजन चलते हैं। आज के अनेकार्थी युग में इसका एक अर्थ इस प्रकार भी हो सकता है कि इस कलियुग में असली अर्थ तत्व किसी महाजन की तिजोरी में निहित रहता है। उसके लिए इधर-उधर अटकने-भटकने की जगह हे हिंदी लेखक, तू हमेशा सही, यानी 'पॉलिटिकली करेक्ट' मार्ग पर चल। उसी पर तुझे तेरा उचित अर्थ मिलेगा।

यूं भी अपने जैसे गरीब रथयात्री को उचित 'अर्थ' मिलता भी तो कैसे? हमने तो अपना भाव यूं ही गिरा रखा है। ऐसे में, कोई दाता हमें लिफ्ट क्यों दे? शहर में किसी ने अचानक हिंदी-साहित्य की सेवा के लिए बुला लिया, तो दौड़ लिए और एक गमला, सौ-पचास रुपये वाले अंगवस्त्रम् या अंगोछे में हिंदी साहित्य की सेवा करके खुश हो लिए।

बचपन में ही हिंदी के साहित्यिक कीट के काटे किसी मोटे आसामी ने दिल्ली से बाहर के शहर में अपने दादाजी/ नानाजी/ दादीजी/ नानीजी की स्मृति में आयोजित साहित्य समारोह के लिए बुला लिया, तो टैक्सी किराया प्लस पांच-दस हजार तक का अर्थ प्राप्त हुआ। इसी में गर्वोन्नत हो गए, लेकिन लाख-दो लाख के दर्शन आज तक न हुए।

इसीलिए, जब अपने कविकुल गुरु को 21 लाख मिलने की खबर आई, तो हम भी लाइन में लग लिए। सच कहूं, हिंदी की गरीबी हटे, तो हिंदी बने। हिंदी का सपना 'मनी-मनी'। अपना भी सपना मनी-मनी। सबका सपना मनी-मनी। अपना तो कुलगीत ही है- अपना सपना मनी-मनी और साहित्य गीत है- कभी तो मिलेगी, कहीं तो मिलेगी, एक करोड़ की मंजिल राही!

---

**कटाक्ष**

**राजेंद्र धोड़पकर**



अपने लेखन में बेबाक और समाज की कड़वी सच्चाइयों को उजागर करने वाले मंटो ने भारत-विभाजन के दर्द, हिंसा और अमानवीयता को अपनी कहानियों में बेहद प्रभावी ढंग से चित्रित किया है। पाखंड, दमित इच्छाओं और वेश्यावृत्ति जैसे वर्जित माने जाने वाले विषयों पर उन्होंने जमकर लिखा। कड़वी सच्चाई बयां करने के कारण उन पर भारत और पाकिस्तान, दोनों ही जगहों पर मुकदमे हुए, लेकिन वे डरे नहीं और बाइज्जत बरी भी हुए। उनकी लिखी 'टोबा टेक सिंह', 'खोल दो', 'ठंडा गोश्त' और 'बू' जैसी कहानियां विश्व साहित्य में मील का पत्थर हैं। पेश है सआदत हसन मंटो (11 मई 1912-18 जनवरी 1955) की चर्चित 'इश्किया कहानी' से एक अंश...

# इश्किया कहानी



इलस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

**प्रेम-कथा-13**



■ सआदत हसन मंटो

**जमील** की जब दूसरी कोशिश भी बार-आवर साबित न हुई, तो वो दो महीने तक खामोश रहा। इस दौरान में उसने इश्क में गिरफ्तार होने की कोई नई कोशिश नहीं की, लेकिन इसके बाद उसको एक दम दौरा पड़ा और उसने एक हफ्ते के अंदर-अंदर पांच-छह लड़कियां अपनी इश्क की बंदूक के लिए निशाने के तौर पर मुंतखब कर लीं, पर नतीजा वही ढाक के तीन पात। सिर्फ चार लड़कियों के मुतअल्लिक मुझे उसकी इश्किया मुहिम के बारे में इल्म है।

पहली ने जो उसकी दूर-दराज की रिश्तेदार थी, अपनी मां के जरिये उसकी मां तक ये अल्टीमेटम भिजवा दिया कि अगर जमील ने उसको फिर बुरी नजर से देखा, तो उसके हक में अच्छा नहीं होगा।

दूसरी गौर से देखने पर चेचक के दागों वाली निकली। तीसरी की छठे-सातवें रोज एक कसाई से मंगनी हो गई। चौथी को उसने एक लंबा इश्किया खत लिखा, जो उसकी मौसी की बेटी अज्रा के हाथ आ गया। मालूम नहीं किस तरह। पहले जमील उसका मजाक उड़ाया करता था, अब उसने उड़ाना शुरू कर दिया। इतना कि जमील की नाक में दम आ गया।

जमील ने मुझे बताया, 'सआदत! ये अज्रा जिसे हम बेवकूफी की हद तक सादा-लौह समझते हैं, सख्त जालिम है, सब समझती है। जिस लड़की को मैंने खत लिखा था और गलती से अपनी मेज की दराज में रख कर ये सोचने में मशगूल था कि वो इसका क्या जवाब लिखेगी, ये कमबख्त जाने कैसे ले उड़ी। अब उसने मेरा नात्का बंद कर दिया। बाज औकात ऐसी तल्ख बातें करती है कि मुझे रुलाती है और खुद भी रोती है। मैं तो तंग आ गया हूं।'

उससे बहुत ज्यादा तंग आकर उसने अपने इश्क की मुहिम और तेज कर दी। अब की उसने चौदह लड़कियां चुनीं, मगर अच्छी तरह गौर करने के बाद उनमें से सिर्फ एक बाकी रह गई। दस उसके मकान से बहुत दूर रहती थीं, जिनको हर रोज हतमी तौर पर देखने के मुतअल्लिक उसका दिल गवाही नहीं देता था। दो ऐसी थीं, जिनका खानदानी होने के बारे में उसे शुबहा था। बारह हुईं, तेरहवीं ने एक दिन ऐसी बुरी तरह घूरा कि उसके औसान खता हो गए।

चौदहवीं जो कि चौदहवीं का चांद थी, मुल्तफित हो जाती, मगर वो कमबख्त कम्युनिस्ट थी। जमील ने सोचा कि इसका इल्तिफात हासिल करने के लिए वो जरूर कम्युनिस्ट बन जाता, खादी के कपड़े पहन कर मजदूरों के हक में दस-बारह तकरीरें भी कर देता, मगर मुसीबत ये थी कि उसके वालिद साहब रिटायर्ड इंजीनियर थे, उनकी पेंशन यकीनन बंद हो जाती। यहां से ना-उम्मीदी हुई, तो उसने सोचा कि इश्कबाजी फुजूल है, शराफत यही है कि वो किसी से शादी कर ले। इसके बाद अगर तबीयत चाहे, तो अपनी बीवी की मोहब्बत में गिरफ्तार हो जाए। चुनांचे उसने मुझे इस फैसले से आगाह कर दिया। तय ये हुआ कि वो अपनी अम्मी जान और अपने अब्बा जान से बात करे। बहुत दिनों की सोच-विचार के बाद उसने इस गुफ्तुगू का मुसव्वदा तैयार किया... सबसे पहले उसने अपनी अम्मी से बात की। वो खुश हुईं... इधर-उधर अपने अजीजों में उन्होंने जमील के लिए मौजूं रिश्ता ढूंढ़ने की कोशिश की, मगर नाकामी हुई।

पड़ोस में खान बहादुर साहब की लड़की थी, एम.ए.। बड़ी जहीन और तबीयत की बहुत अच्छी, मगर उसकी नाक चपटी थी। खाला की बेटी हुस्न आरा थी, पर बेहद काली। सुगरा थी, मगर उसके वालिदैन बड़े खसीस थे। जहेज में जितने जोड़े जमील की मां चाहती थी, उससे वो आधे देने पर भी रजामंद नहीं थे। अज्रा का तो कोई सवाल ही पैदा नहीं होता था।

जमील की मां ने बड़ी कोशिशों के बाद रावलपिंडी के एक मुअज्जज और मुतमव्वल खानदान की लड़की से बातचीत तय कर ली। जमील अपनी नाकाम इश्कबाजियों से इस कदर तंग आ गया था कि उसने अपनी मां से ये भी नहीं पूछा कि शक्ल-ओ-सूरत कैसी है। वैसे उसने अपने जिंदा तसव्वुर में इसका अंदाजा लगा लिया था और मुफस्सल तौर पर सोच लिया था कि वो उसकी मोहब्बत में किस तरह गिरफ्तार होगा।

**उसने अपने इश्क की मुहिम तेज कर दी। अब की उसने चौदह लड़कियां चुनीं, मगर अच्छी तरह गौर करने के बाद उनमें से सिर्फ एक बाकी रह गई। दस उसके मकान से बहुत दूर रहती थीं, जिनको हर रोज हतमी तौर पर देखने के मुतअल्लिक उसका दिल गवाही नहीं देता था।**

ये सिलसिला काफी देर तक जारी रहा। मैं खुश था कि जमील की शादी हो रही है। उसके मर्ज-ए-मुतअल्लिका ब इश्क का एक फकत यही वाहिद इलाज था। छह महीने गुजर गए। आखिर रावलपिंडी के उस मुअज्जज और मुतमव्वल खानदान, जिसका नाम गालिबन शरीफा था, उसकी मंगनी हो गई। इस तकरीब पर उसे ससुराल की तरफ से हीरे की अंगूठी मिली, जो वो हर वक्त पहने रहता था। इस पर उसने एक नज्म भी लिखी, जिसका कोई शेर मुझे याद नहीं। एक बरस तक सोचता रहा कि उसे अपनी दुल्हन को कब अपने यहां लाना चाहिए। आदमी चूंकि आजाद और रौशन खयाल किस्म का था, इसलिए उसकी ख्वाहिश थी कि मां-बाप से अलाहिदा अपना घर बनाए। ये कैसा होना चाहिए, उसमें किस डिजाइन का फर्नीचर हो, नौकर कितने हों, माहवार खर्च कितना होगा, सास के साथ उसका क्या सुलूक होगा, इन तमाम उमूर के बारे में उसने काफी सोच-विचार की। नतीजा ये हुआ कि लड़की वाले तंग आ गए। वो चाहते थे कि रुखसती का मरहला जल्द अज जल्द तय हो।

जमील इस बारे में कोई फैसला न कर सका, लेकिन उसकी अम्मी ने एक तारीख मुकर्रर कर दी। कार्ड वार्ड छप गए। वलीमे की दावत के लिए जरूरी सामान का बंदोबस्त कर लिया गया। उसके वालिद बुजुर्गवार शेख मुहम्मद इस्माईल साहब रिटायर्ड इंजीनियर बहुत मसरूर थे, मगर जमील बहुत परेशान था, इसलिए कि वो अपने बनने वाले घर का आखिरी नक्शा तैयार नहीं कर सका था।

रुखसती की तारीख 9 अक्तूबर मुकर्रर की गई थी। 8 अक्तूबर की शाम को बहुत देर तक, मेरा खयाल है रात के दो बजे तक, उस आने वाले हादिसे के मुतअल्लिक तबादला-ए-खयाल करते रहे, लेकिन किसी नतीजे पर न पहुंचे। आखिर तय ये हुआ कि जो होता है, होने दिया जाए।

और ये हुआ कि 9 अक्तूबर की सुबह को मुंह अंधेरे जमील मेरे पास सख्त इज्तिराब और कर्ब के आलम में आया और उसने मुझे ये खबर सुनाई कि उसकी मौसी की लड़की अज्रा ने जो बेवकूफी की हद तक सादा-लौह थी, खुदकुशी कर ली है, इसलिए कि उसको जमील से वालिहाना इश्क था। वो बर्दाश्त न कर सकी कि उसके महबूब-ओ-माबूद की शादी किसी और लड़की से हो। इस जिम्न में उस ने जमील के नाम खत लिखा, जिसकी इबारत बहुत दर्दनाक थी। मेरा खयाल है कि ये तहरीर यादगार के तौर पर उसके पास महफूज होगी।

**(साभार : रेख्ता)**

## पुस्तकें आई हैं



**सिरे से खारिज**
(व्यंग्य-संग्रह)

लेखक : अनूप मणि त्रिपाठी
प्रकाशक : लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज
मूल्य : ₹250

**धर्म**, राजनीति और भ्रष्टाचार व्यंग्य के प्रिय विषय हैं। इसे यों भी कह सकते हैं कि ये विषय व्यंग्य के लिए खाद-पानी का काम करते हैं और व्यंग्यकार इनसे पैदा हुई फसल को जमकर काटते हैं। इसके मायने यह नहीं हैं कि व्यंग्यकारों के पास विषयों की कमी है। विषय तो उनके पास दिनोदिन ऐसे बढ़ रहे हैं, जैसे देश की आबादी। मानो ये भी ऊपर वाले की देन है। बहरहाल, यहां 'सिरे से खारिज' को बिना खारिज किए नोटिस में लिया जा सकता है। इस व्यंग्य-संग्रह में पच्चीस व्यंग्य हैं। इनमें परमपिता से चुटकी भी ली गई है, तो दशानन रावण की कल्पित कहानियां भी हैं। हवा में फड़कते शब्द हैं, तो कुत्ता बनने में भलाई समझती सोच भी है। इनमें संवेदनाओं के दौड़ते घोड़े हैं, तो साथ ही जीवन की त्रासदी के बीच करुणा और व्यंग्य-विनोद भी है।



**संपूर्ण समाधान**
(अध्ययन)

लेखक : राजेंद्र गोयनका
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य : ₹400

**कोई** भी विचार, कोई भी समाधान अंतिम नहीं होता। उसमें सुधार की पर्याप्त संभावनाएं रहती हैं। यह गुंजाइश ही मानव सभ्यता को विकास का रास्ता दिखाती है। पुस्तक 'संपूर्ण समाधान' देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ-साथ प्रमुख समस्याओं पर भी विचार और सुझाव रखती है। इसमें कृषि, महंगाई, गरीबी-उन्मूलन, रोजगार, उद्योग व व्यापार, कर नीति, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, न्यायपालिका एवं कानून-व्यवस्था, शिक्षा, भ्रष्टाचार, जनलोकपाल तथा सांप्रदायिक सौहार्द जैसे बुनियादी और महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श है। देश में विभिन्न क्षेत्रों में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इस पर विस्तार से लेखक ने अपना दृष्टिकोण रखा है।



**पंगा**
(कहानी-संग्रह)

लेखिका : दिव्या माथुर
प्रकाशक : शिवना प्रकाशन, सीहोर (म.प्र.)
मूल्य : ₹500

'**राजश्री** के चेहरे पर एक युद्ध जारी था, जिसे शारदा जी देख पा रही थीं और मदद करने की स्थिति में होते हुए भी असहाय थीं, क्योंकि वह युद्ध का कारण नहीं जानती थीं।' हर इंसान अपने जीवन में एक युद्ध लड़ रहा है। कभी दूसरों से, तो कभी अपने आप से। 'तमन्ना' ऐसे ही एक युद्ध की कहानी है। इस युद्ध में एक तरफ राजश्री की तमन्ना है, तो दूसरी तरफ शारदा की और इन दोनों के बीच निखिल की अपनी तमन्ना है। यह कहानी एक आम मध्यवर्गीय परिवार के सुख-दुख, इच्छाओं को ईमानदारी से सामने रखती है। 'अंतिम तीन दिन', 'पंगा', 'दुल्ला-किलब', 'बोझ' इस संग्रह की अन्य उल्लेखनीय कहानियां हैं। लेखिका चूंकि ब्रिटेनवासी हैं, इसलिए इन कहानियों में वहां के समाज और संस्कृति का भी चित्रण है।

# बंटवारा और थोआ खालसा की बर्बर यादें

**1947 का बंटवारा सिर्फ नक्शे पर खींची गई लकीर नहीं थी। यह करोड़ों दिलों, साझी तहजीब और सदियों पुरानी यादों की निर्मम हत्या थी। पुस्तक '1947 : विभाजन के शेष सवाल' इतिहास के अनेक अनसुलझे और असहज पहलुओं की परतें उघाड़ती है। रावलपिंडी से 31 किमी. दूर थोआ खालसा गांव की औरतों पर हुआ बर्बर अत्याचार मानव सभ्यता के नाम पर कलंक है। प्रस्तुत है इस पुस्तक से एक अंश...**

**पुस्तक अंश**

**अमृता प्रीतम** और सआदत हसन मंटो की 'पिंजर' और 'खोल दो' कहानियां विभाजन की त्रासदी के उस पहलू को सामने लाती हैं, जो बेहद दिल दहलाने वाला था। इन कहानियों में पागलपन के उस दौर में औरतों के साथ हुई ज्यादतियों को चित्रित किया गया है। उस समय सरहद के आर-पार अनगिनत महिलाओं के साथ कई तरह की हिंसा की गई। महिलाओं का अपहरण और बलात्कार किया गया। उनकी जबरन शादी, जबरन धर्म परिवर्तन और हत्या की गई।

इस वहशीपन की शिकार हिंदू, मुसलमान और सिख औरतें समान रूप से हुईं। जालिमों ने महिलाओं को विकृत भी किया। उनके स्तन काट दिए गए थे। उन्हें नग्न करके सड़कों पर घुमाया गया था और उनके शरीर पर 'दूसरे' समुदाय के धार्मिक प्रतीकों को उकेरा गया था। अपनी पुस्तक 'स्टर्न रेकनिंग' में मशहूर लेखक जी. डी. खोसला लिखते हैं कि जालिमों ने युवतियों का उनके रिश्तेदारों के सामने बलात्कार किया था। बेशक, इस तरह की क्रूर घटनाएं बताती हैं कि बंटवारे के समय महिलाओं को ज्यादा जुल्म झेलना पड़ा था।

अभागी औरतों को उनके अपने घरों के मर्दों ने आत्महत्याएं करने के लिए मजबूर किया या सम्मान के नाम पर उन्हें मार डाला गया। ऐसी महिलाएं भी थीं, जिन्होंने अपनी इच्छा से अपनी 'पवित्रता' को बनाए रखने के लिए आत्महत्या की थी और बाद में उन्हें 'शहीद' के रूप में महिमामंडित किया गया था। रावलपिंडी के थोआ खालसा गांव में करीब 90 महिलाओं ने कुएं में छलांग लगा दी थी। लगभग सभी औरतें सिख थीं।

'द स्टेट्समैन' में 15 मार्च, 1947 को छपी अपनी रिपोर्ट में इस रोंगटे खड़ी करने वाली घटना की तुलना सती प्रथा से की गई थी। रावलपिंडी से 31 किमी. दूर है थोआ खालसा गांव। यह गांव पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से 35 किमी. दक्षिण-पूर्व में स्थित है। कहा जाता है कि 18वीं सदी में करम सिंह नाम के एक सिख जागीरदार ने यह गांव बसाया था। इसके अलावा सन् 1874 में, प्रसिद्ध सिख धर्मशास्त्री निहाल सिंह ठाकुर ने थोआ खालसा आकर दुख भंजनी नामक एक डेरे की स्थापना की थी, जो बाद में एक गुरुद्वारे में बदल गया था। वहां उन्होंने अपनी मृत्यु तक कीर्तन और समाज सेवा का काम जारी रखा। सन् 1940 के दशक तक थोआ खालसा गांव पूरी तरह आबाद हो गया और यहां करीब 500 घर बस गए। यहां गुरुद्वारे भी बन गए।

रैनबैक्सी फार्मा के फाउंडर चेयरमैन भाई मोहन सिंह ने मुझे 1994 में अपने राजधानी के औरंगजेब रोड के बंगले में एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि सन् 1947 के सांप्रदायिक दंगों से पहले तक रावलपिंडी में हिंदू-सिख और मुसलमान अमन के साथ रहते थे। रावलपिंडी और इसके आसपास के गांवों में 6 मार्च, 1947 की शाम को सिखों और हिंदुओं को धमकाते हुए दंगाई थोआ खालसा में घुस गए। अगले दिन यानी 7 मार्च को हजारों लोग थोआ खालसा पर टूट पड़े। उन्होंने घरों को लूटना शुरू कर दिया। पहले तो थोआ खालसा के मुसलमानों ने गांव के सिखों को दंगाइयों से बचाया, लेकिन दंगाइयों की संख्या बढ़ने की वजह से उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए। इसी भीड़ ने औरतों की अस्मत लूटनी शुरू कर दी।

मशहूर लेखिका उर्वशी बुटालिया ने सीमा के आर-पार औरतों के साथ हुए जुल्मों पर वर्षों तक अध्ययन किया है। उन्होंने अपनी किताब 'द अदर साइड ऑफ साइलेंस' में बंटवारे के दौरान औरतों पर हुए अत्याचारों का मार्मिक वर्णन किया है। उन्हें थोआ खालसा घटना की तीन बची औरतों में से एक बसंत कौर से मिलने का मौका भी मिला था।



**1947 विभाजन के शेष सवाल**
(इतिहास)

लेखक : विवेक शुक्ला
प्रकाशक : प्रवासी प्रेम पब्लिशिंग, साहिबाबाद
मूल्य : ₹390

## रोजनामचा

### साप्ताहिक भविष्यफल
(20 सितंबर से 26 सितंबर 2026)



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)**
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। माता की सेहत में सुधार होगा। संतान की सेहत का ध्यान रखें। पढ़ाई के कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष (21 अप्रैल-20 मई)**
मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पढ़ाई के कार्य तथा लेखनादि कार्यों में व्यस्तता रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लेखनादि कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन (21 मई-21 जून)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन से बचें। संतान सुख में वृद्धि होगी।

**कर्क (22 जून-23 जुलाई)**
मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र से भेंट हो सकती है। मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि भी होगी।

**सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)**
मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी नए कारोबार में निवेश कर सकते हैं।

**वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)**
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी।

**धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)**
मन प्रसन्न तो रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। माता की सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)**
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार की सेहत के प्रति सचेत रहें। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)**
मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ सकता है। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मीन (19 फरवरी-20 मार्च)**
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे।

### वर्ग पहेली : 8457



**बाएं से दाएं**
3. अनादर; अपमान; मान हानि (5)
6. दम न रहना; निर्जीव होना; मृत होना (3,2)
7. पारा; महादेव; शिव (5)
10. टुकड़े करना; बांटना; विभाग करना (4,3)
13. दलनायक; मुखिया; राष्ट्र अध्यक्ष; गणेश; शिव (5)
17. देशवासी; अपने इलाके का रहने वाला (5)
18. कठोर होना; करारा होना; सख्त होना (3,2)

**ऊपर से नीचे**
1. जो निवारण के योग्य न हो; अटल; जिसका कोई विकल्प न हो; अवश्यंभावी; जरूरी; बाध्यकारी (4)
2. ज्योतिषी; गणना करने वाला; गणित्र; लेखपाल (3)
3. एक प्रकार की आतिशबाजी; कंधार का विशेष फल; दाड़िम (3)
4. तैयार होना; समझना; स्वीकार करना (3)
5. नामजदगी; नाम लिखा जाना; पंजी में लिखा जाना (4)
8. अलग होना; खिसकना; दूर होना; टलना; स्थगित होना (4)
9. कूटनीति; राजदूतों का कार्य (4)
11. आंकड़ों का संसाधन करने वाला उपकरण; कंप्यूटर (4)
12. तुल्यता; बराबरी (4)
14. नाश करने वाला; मारने वाला; समाप्त करने वाला (3)
15. बोलना; प्रकट करना; सूचना देना; सुनाना; आदेश (3)
16. आमद; प्राप्ति; माल की आमद (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 8456 का उत्तर



### सुडोकू : 8411
*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 7 | | | 1 | | 8 | | | 3 |
| | | | | 3 | | | | |
| | 9 | | | | | | 6 | 4 |
| 4 | | 1 | | | | 5 | | 7 |
| 5 | 8 | | | | | | 9 | |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | 9 | | 7 | |

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं. 8410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 7 | 9 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 |

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

20 सितंबर, रविवार, **शक संवत्** : 29 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 04 आश्विन मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 08 रबि-उल्सानी, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद शुक्ल नवमी तिथि सायं 05.52 मिनट तक। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, सौभाग्य योग अपराह्न 03.23 मिनट तक पश्चात शोभन योग, कौलव करण। चंद्रमा धनु राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। शरद ऋतु। सायं 04.30 मिनट से सायं 06 बजे तक राहुकालम्। श्री श्रीचंद नवमी (उदासीन संप्रदाय)। श्री भागवत सप्ताह पाठारंभ।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

स्वास्थ्य लाभ के लिए कुछ उपयोगी वास्तु उपाय :

- बीमार व्यक्ति को दवा की पहली खुराक भगवान शिव को स्मरण करके दें। सोमवार को अपनी श्रद्धानुसार शिव मंदिर में कुछ भेंट अर्पण करें। पूर्णिमा के दिन शिव मंदिर में जाकर शंकर भगवान से अपने परिवार के उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करें। उसके बाद अपनी सामर्थ्यनुसार अन्न या मिठाई का दान जरूरतमंदों को दें। किसी भी सोमवार या पूर्णमासी को किसी असहाय रोगी की दवाई देकर सहायता करें। किसी अस्पताल में अपनी सामर्थ्य के अनुसार कुछ धन दान करें। मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान जी का सिंदूर रोगी के मस्तक पर लगाएं। अशोक के पेड़ के नीचे या पास में बैठकर शांत मन से प्रार्थना करना सकारात्मक परिणाम देता है।

# गणपती बाप्पा, भक्तांच्या भक्तीवर भरवसा नाय काय..?

**अतुल कुलकर्णी**
संपादक, मुंबई

**गणपती बाप्पा,**
**साष्टांग दंडवत.**

तुझे महाराष्ट्रातल्या घराघरात भव्य आगमन झाले आहे. तुझ्या स्वागताला कुठेही फारसे डीजे वाजताना दिसले नाहीत. तुला डीजे आवडत नाही का? असो. डीजेचे जे काही व्हायचं ते होईल. आम्ही इतक्या प्रेमाने तुला घरी आणतो. तुझी पूजा करतो. तुझ्यासाठी छान छान मोदक करतो. प्रत्येक जण आपल्या क्षमतेनुसार तुझ्या अवतीभवती डेकोरेशन करतो. ज्याला जसे जमेल तसे तुझ्या भोवती तुला प्रसन्न वाटावे, छान वाटावे म्हणून प्रत्येक जण सजावट करतो. कुठे फुलांची आरास, कुठे दिव्यांचा लखलखाट, कुठे छोटासा गणपती आणि कुठे भव्य मंडप. फरक फक्त डेकोरेशनमध्ये आहे, तुझ्यावरील भक्तीमध्ये नाही. आम्ही सकाळ-संध्याकाळ पूजा करतो. मोदक करतो. तुझ्यासाठी उपवास करतो. दहा दिवस घरात तुझी मनापासून सेवा करतो; पण तरीही आम्हाला सांगितलं जातं की, लालबागला जाऊन दर्शन घेतलं की बाप्पा जास्त प्रसन्न होतो! हे खरं आहे का, बाप्पा? मनात आलेले प्रश्न तुला नाही विचारायचे तर कोणाला विचारणार..?? की, बाप्पा, तुझा भक्तांच्या भक्तीवर भरवसा नाही का?

का? लालबागला जाऊन तुझे दर्शन घेतले की तू प्रसन्न होतोस, असे सगळे जण सांगतात. तू आमच्याशी पक्षपात तर करीत नाहीस ना..? त्या लालबागला व्हीआयपी रांग वेगळी... थेट गाड्या आत घेऊन जाणाऱ्यांची रांग वेगळी... जनरल रांग वेगळी... जनरल रांगेतले लोक आठ तास, दहा तास तसेच उभे असतात. व्हीव्हीआयपी रांगेतले लोक येतात, दर्शन घेऊन निघूनही जातात. तुझ्या दरबारातही आता 'फास्ट ट्रॅक' सीस्टिम सुरू झाली की काय? ज्यांच्याकडे चारचाकी गाडी त्यांना फास्ट ट्रॅक ठीक आहे. मात्र, आमच्यासारखे दुचाकीवर, सायकलवर आणि दोन पायांवर चालणारे ते कसे फास्ट ट्रॅकवर येणार..? तिकडे येणारे भक्त वेगळे आणि घराघरात तुझी पूजा करणारे भक्त वेगळे असे काही आहे का..?? त्यामुळे आम्हाला प्रश्न पडलाय की बाप्पा, तुझा भक्तांच्या भक्तीवर भरवसा नाही का?

बाप्पा, आमच्यासारख्या सामान्य भक्तांनी काय करायचं? तुझ्यावर श्रद्धा ठेवायची की आधी एखादी ओळख शोधायची? आणि दर्शनाला आलेल्या भक्तांचं आणखी एक रूप दिसतंय. तुझ्यापुढे हात जोडण्याआधी मोबाइल बाहेर! तुझ्याकडे पाहण्याआधी कॅमेरा ऑन! आरती सुरू झाली की कुणी व्हिडीओ काढतोय, कुणी सेल्फी घेतोय, कुणी रील बनवतोय. तुझ्या दर्शनाला येणारे तुझ्यासोबत स्वतःचा सेल्फी काढण्यासाठी येतात की फिन्स्टावर रिळा बनवायसाठी येतात हेच कळत नाही... बाप्पा, हे रिलवाले तुझं दर्शन घ्यायला येतात की तुझ्या नावाने स्वतःचं दर्शन जगाला घडवायला?



काही जणांना तुझ्यापेक्षा स्वतःचा फोटो महत्त्वाचा वाटतोय. तुझ्यासमोर उभं राहून डोळे मिटण्याऐवजी कॅमेऱ्यात डोळे उघडे ठेवून कोण किती 'लाइक्स' मिळवतोय, याचीच जास्त काळजी! बाप्पा, तुझ्या घरी येण्यासाठी भक्ती पुरेशी नाही का..? सामान्य भक्ताने तासन्तास रांगेत उभं राहणं हीच त्याची परीक्षा आहे का..? व्हीआयपीला कमी वेळ आणि सामान्य भक्ताला जास्त वेळ यात भक्तीचा नेमका हिशेब कोणता? आणि सर्वात महत्त्वाचं... तू घराघरात असताना तुझ्या दर्शनासाठी लालबागलाच यावं लागतं का..? की बाप्पा, खरं सांग... तुझा भक्तांच्या भक्तीवर भरवसा नाही का?

बाप्पा, काही प्रश्न पडलेत... खरी भक्ती मोठ्या मंडपात, लांब रांगेत, व्हीआयपी पासमध्ये असते की तुझ्यासाठी घरात काबाडकष्ट करणारी आई तुझ्यासाठी जो नैवेद्य बनवते त्यात असते..?? येणाऱ्या भक्तांना एक क्षणही डोके न टेकू देताच पुढे ढकलून देणाऱ्या मंडपात भक्ती असते की त्याच गर्दीत मुलाचा हात घट्ट धरून तुला नमस्कार करणाऱ्या आई-बाबांमध्ये असते..?? तुझ्या सोन्याच्या पायावर डोके टेकून स्वतःच्या सिनेमाचे, राजकारणाचे दान मागणाऱ्या भक्तामध्ये ती असते की खांद्यावर लहान मुलांना घेऊन तुझे रूप डोळे भरून पाहणाऱ्या मध्यमवर्गीय कुटुंबात असते..?? गाड्यांचा ताफा घेऊन, तुझ्या दरबारात, तुझ्या दारासमोर उभे राहणाऱ्या श्रीमंत माणसांमध्ये भक्ती जास्त असते की चार ट्रेन बदलून, दहा तास तुझ्या रांगेत उभे राहणाऱ्या भक्तांमध्ये ती जास्त असते..?? तुला निरोप देताना चिमुकली मुलं तुला घट्ट बिलगून ढसाढसा रडतात... त्यांची भक्ती निरागस असते की तुला निरोप देताना तुझ्या तराफ्यावर उभे राहून कमरेवर हात ठेवून फोटोग्राफरला पोज देणाऱ्या भक्तांमध्ये असते..?? देवा मला पाव असे म्हणायला आई शिकवते, तेव्हा चिमुकली मुलं 'देवा मला वडा आणि पाव दोन्ही दे' असे म्हणतात. या निरागसतेत खरी भक्ती असते की लाखोंची वर्गणी गोळा करून आम्हीच कसे दानधर्म करतो असे म्हणून मिरवणाऱ्यांमध्ये खरी भक्ती असते..? बाप्पा, खरं सांग... तुझा भक्तांच्या भक्तीवर भरवसा नाही का?

बाप्पा, आमची भक्ती साधी आहे, कधी अपुरी आहे, कधी चुकतेही; पण ती खोटी नाही. आम्ही तुला दाखवण्यासाठी नाही, जगण्यासाठी मानतो. तुझ्यासमोर फोटो काढण्यासाठी नाही, मन मोकळं करण्यासाठी उभे राहतो. म्हणून बाप्पा, आमच्यावर विश्वास ठेव. आम्ही तुझ्या दर्शनासाठी गर्दी करू; पण तुझी मर्जी मिळवण्यासाठी नाही... तर तू जवळ असल्याची जाणीव व्हावी म्हणून. आम्ही आरती करू, आजूबाजूच्या अंधारात तुझा प्रकाश राहावा म्हणून... लालबागचे दर्शन तू व्हीआयपीसाठी ठेव...आमची तक्रार नाही... तू मात्र आमच्यासाठी आमच्या घरातच, आमच्या जवळ तुझा सहवास आम्हाला अनंत काळ मिळू दे... बाप्पा, खरं सांगू, आमचा तुझ्यावरच भरवसा हाय..! गणपती बाप्पा, मोरया...

**तुझाच, बाबूराव**

---

स्थित्यंतर

# प्राध्यापक निवडीसाठी आता हवी एआय-सक्षम पारदर्शक व्यवस्था

**डॉ. राजन वेळूकर**
माजी कुलगुरू, मुंबई विद्यापीठ

**प्राध्यापकाची** निवड म्हणजे केवळ एका व्यक्तीला नोकरी देणे नव्हे. आज निवडलेला शिक्षक पुढील वीस-पंचवीस वर्षांत हजारो विद्यार्थ्यांना घडवणार आहे. त्या विद्यार्थ्यांमधून उद्याचे संशोधक, उद्योजक, प्रशासक, शिक्षक आणि जबाबदार नागरिक घडणार आहेत. त्यामुळे शिक्षक निवडीतील चूक ही केवळ प्रशासकीय चूक नसते; तिची सामाजिक किंमत अनेक वर्षे मोजावी लागू शकते. म्हणूनच शिक्षक निवडप्रक्रियेचे अंतिम ध्येय 'जवळपास शून्य-त्रुटी' (नीअर झीरो एरर) व्यवस्थेकडे जाण्याचे असले पाहिजे.

महाराष्ट्र शासनाने अनुदानित महाविद्यालयांतील शिक्षक भरती अधिक वस्तुनिष्ठ आणि पारदर्शक करण्यासाठी शैक्षणिक पात्रता, संशोधन, नेट-सेट-जेआरएफ, प्रकाशने, संस्थेची क्रमवारी आणि मुलाखत अशा विविध घटकांवर आधारित गुणदान पद्धतीचा विचार केला आहे. मुलाखतीचे सीसीटीव्ही रेकॉर्डिंग करून ते सुरक्षित ठेवण्याची व्यवस्थाही पारदर्शकतेच्या दिशेने स्वागतार्ह पाऊल आहे.

शिक्षक भरतीत आर्थिक व्यवहार किंवा अन्य गैरप्रकार होतात, असे ठामपणे म्हणण्यासाठी पुरावा आवश्यक आहे. मात्र, निवड झालेले आणि न झालेले उमेदवारही खासगीत अशा शक्यता बोलून दाखवतात, ही धारणा दुर्लक्षित करता येणार नाही. गैरव्यवहाराइतकीच गैरव्यवहाराची व्यापक शंकाही संस्थेवरील विश्वासाला धक्का देऊ शकते. मात्र, प्रश्न असा आहे, कॅमेरा जे घडते ते रेकॉर्ड करू शकतो; पण जे घडते ते न्याय्य आहे, याची खात्री तो देऊ शकतो का? म्हणून आता प्रक्रिया केवळ रेकॉर्ड करण्याऐवजी ती अधिक निष्पक्ष बनवण्याची गरज आहे. एआय युग आपल्याला ती संधी देते.

## देशाचे भविष्य कोणाच्या हातात देत आहोत ?

अंतिम स्तरावर अनुभवी तज्ज्ञाला कृत्रिम बुद्धिमत्तेच्या साहाय्याने केलेल्या मूल्यमापनापेक्षा स्वतंत्र किंवा वेगळे मत नोंदवण्याचा अधिकार असला पाहिजे. मात्र, हा अधिकार अमर्याद स्वेच्छाधिकार नसावा. कोणत्या निकषाच्या आधारे, उमेदवाराच्या कोणत्या उत्तरावर किंवा निरीक्षणावर, कोणत्या शैक्षणिक तत्त्वाच्या अथवा व्यावसायिक अनुभवाच्या आधारे हे वेगळे मत नोंदवले आहे आणि त्याचा अंतिम निवडीवर काय परिणाम झाला, याचे सविस्तर लेखी कारण देणे बंधनकारक असावे. हे कारण कायमस्वरूपी डिजिटल लेखापरीक्षण नोंदवहीचा भाग व्हावे.

**ही व्यवस्था 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता विरुद्ध मानव' अशी नाही; ती 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता आणि मानवी प्रज्ञा' अशी आहे. शेवटी आपण एका प्राध्यापकाची निवड करत नाही, तर हजारो विद्यार्थ्यांच्या भविष्यात कोणाला प्रवेश देत आहोत, विद्यार्थ्यांच्या माध्यमातून देशाचे भविष्य कोणाच्या हातात देत आहोत याचा निर्णय घेत असतो.**

### निवडीसाठी अशी असावी चार-स्तरीय एआय-सक्षम फनेल

१ पहिल्या स्तरावर उमेदवाराची शैक्षणिक पात्रता, संशोधन, विषयज्ञान आणि प्रमाणित इतर कामगिरीचे तंत्रज्ञानाधारित मूल्यमापन व्हावे. शक्य तेथे नाव, जात, लिंग किंवा इतर ओळख लपवून उमेदवाराला सुरक्षित डिजिटल कोड देण्यात यावा. मूल्यमापन व्यक्तीच्या ओळखीचे नव्हे, तर तिच्या गुणवत्तेचे व्हावे.

२ **दुसऱ्या स्तरावर 'उमेदवार किती शिकला आहे?' याबरोबरच 'तो किती प्रभावीपणे शिकवू शकतो?' हे तपासले पाहिजे. उमेदवाराने तयार केलेले अध्यापन डिझाईन, बहुविद्याशाखीय दृष्टिकोन, नावीन्यपूर्ण अध्यापनपद्धती, तंत्रज्ञानाचा अर्थपूर्ण वापर आणि विद्यार्थ्यांमध्ये जिज्ञासा निर्माण करण्याची क्षमता स्वतंत्र तज्ज्ञांकडून तपासता येईल.**





३ तिसऱ्या स्तरावर उमेदवाराने प्रत्यक्ष विद्यार्थ्यांसमोर ४५ मिनिटांचा वर्ग घ्यावा. त्याचे विषयज्ञान, संवादकौशल्य, कठीण संकल्पना सोप्या करण्याची क्षमता, विद्यार्थ्यांना सहभागी करून घेणे आणि त्यांच्यात प्रश्न व विचार निर्माण करण्याची ताकद तपासली जावी. विद्यार्थ्यांचा गोपनीय डिजिटल अभिप्रायही योग्य मर्यादित मूल्यमापनाचा भाग करता येईल.

४ **चौथा स्तर असेल एआय-असिस्टेड अडाप्टिव्ह स्ट्रक्चर्ड इंटरव्ह्यू. पूर्वनिर्धारित कॉम्पिटन्सी फ्रेमवर्कच्या आधारे एआय स्क्रीनवर प्रश्न निर्माण करेल. प्रत्येक उमेदवाराचे प्रश्न वेगळे असू शकतील; परंतु त्यांची काठिण्य पातळी, बौद्धिक आव्हान आणि तपासली जाणारी कौशल्ये व क्षमता जवळपास समान असतील. उमेदवाराच्या उत्तरानुसार एआय पुढचा प्रश्न विचारू शकेल. निवड समिती उत्तरांचे पूर्वनिर्धारित मूल्यांकनावर स्वतंत्रपणे मूल्यमापन करेल आणि संपूर्ण प्रक्रिया सीसीटीव्हीमध्ये नोंदवली जाईल.**

**एक अत्यंत महत्त्वाचा नियम असावा :** शेवटचा स्तर पूर्ण होईपर्यंत कोणालाही उमेदवाराचे आधीच्या कोणत्याही स्तरावरील गुण कळणार नाहीत. अंतिम मुलाखतीतील तज्ज्ञांनाही पहिले तीन स्तरांचे गुण दिसणार नाहीत आणि एका तज्ज्ञाला दुसऱ्या तज्ज्ञाने दिलेले गुणही कळणार नाहीत. सर्व स्तर पूर्ण झाल्यानंतरच 'बंदिस्त गुणांकन प्रणाली' उघडून पूर्वनिर्धारित भारांकानुसार अंतिम गुण तयार होतील. त्यामुळे अँकरिंग, हालो इफेक्ट आणि पूर्वग्रहांचा प्रभाव मोठ्या प्रमाणात कमी करता येईल.



ऐसा उस देश में हो रहा है, जहां सिद्धांतों और दर्शनों की सूची कभी पूर्ण रूप से तैयार नहीं की जा सकती है। पतंजलि, गौतम बुद्ध, बाणभट्ट और कालिदास समेत अनगिनत रचनाकार हैं। मगर पिछले पांच-छह दशकों से नेहरू और गोलवलकर के बीच स्वघोषित पैरोकार बनकर बौद्धिक वर्ग प्रतिस्पर्धा करता रहा है। ऐसा करने से न तो नेहरू का नुकसान हुआ और न ही गोलवलकर का। हां, बौद्धिकता का ह्रास जरूर हुआ। यह प्रवृत्ति नेहरूवादियों और वामपंथियों ने शुरू की। जी भरकर गोलवलकर पर कीचड़ उछाला गया। स्वाभाविक है, प्रत्युत्तर के लायक नेहरू ही थे।

इसने विश्वविद्यालय परिसरों एवं राजनीतिक गलियारों के बीच भाषा, भाव-भंगिमा और तर्क सहित सभी स्तरों पर अंतर समाप्त कर दिया। इसका एक और दुष्परिणाम हुआ- बुद्धिजीवियों में राजनीति के प्रति आकर्षण जरूरत से ज्यादा बढ़ गया। पहले भी थोड़ा-बहुत था, पर जब बौद्धिकता से समझौते का प्रश्न उठा, तब बौद्धिकों ने राजनीति को त्याग दिया। माखन लाल चतुर्वेदी इसके उदाहरण हैं। स्वतंत्रता संग्राम में दर्जनों बार उनके घर पर साम्राज्यवादियों ने छापा डाला था। उन्होंने जेल से 'पुष्प की अभिलाषा' कविता लिखी। स्वतंत्रता के बाद वे मध्य प्रदेश में कांग्रेस में सक्रिय हुए। मगर उन्हें अपमान का सामना करना पड़ा। आदर्श और यथार्थ के बीच के अंतर का प्रत्यक्ष अनुभव लेकर उन्होंने राजनीति को अलविदा कह दिया।

आंचलिक पत्रकारिता के जनक फणीश्वरनाथ रेणु ने भी यही किया। हमारे समाज में ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं। देश की राजनीति में एक अवसर आया, जब इसने श्रेष्ठता को गले लगाया। संविधान सभा महान विभूतियों की जुटान थी, चाहे गांधीवादी हों, समाजवादी हों या दक्षिणपंथी, सभी ज्ञान और अनुभवों का संगम थे। इसलिए विमर्श, संवाद, वाद-विवाद और पात्रता पर जब सवाल उठता है, तो सभी लोग संविधान सभा को ही याद करते हैं। यह राजनीति और बौद्धिकता का सुखद, मगर संक्षिप्त मांगलिक काल था।

पूरी दुनिया की सभ्यता इस बात की साक्षी है कि बौद्धिकता का ह्रास उसे संकीर्णताओं, हिंसात्मक प्रवृत्तियों, अराजक जीवन शैलियों और तर्कहीनता की ओर ले जाता है। साहित्य और समाजशास्त्र ही उसे इस सब से बचाता है। इसका कितना महत्त्व है, इसे इस उदाहरण से समझा जा सकता है- राजा पेएसी (प्रदेशी) अधर्म का प्रचारक था। उसके विवेक और आचरण में धर्म का स्थान नहीं था। जैन धर्म के संस्थापक पार्श्वनाथ की परंपरा में केशी कुमार श्रमण ने राजा से संवाद किया। वे आध्यात्मिक ज्ञान और चिंतन आधारित स्वाध्याय से लबालब थे। पेएसी आत्मा के अस्तित्व को नकारता था और भौतिकवाद को अंतिम सत्य मानता था। उसने आत्मा के अस्तित्व को जानने के लिए वह प्रयोग कर रखा था, जो आज के समय में डंकल मैकडोगल ने किया है। उदाहरण के तौर पर प्राणदंड से पूर्व और बाद में चोर का वजन लिया और उसमें कोई अंतर नहीं था। एक चोर को लोहकुंभी में बंद कर शीशे से ढक दिया। मृत्यु के बाद उसमें कोई छेद नहीं दिखा, जहां से आत्मा के बाहर निकलने की पुष्टि हो सके। मगर कुमार श्रमण उस राजा को धर्म की राह पर लाने में सफल रहे।

साधारणतया यह अपेक्षा की जाती है कि अगली पीढ़ी अपने पहले की पीढ़ी से अधिक बौद्धिकता-संपन्न होगी। मगर परिस्थितियां इसके विपरीत हैं। विचार में परिवर्तन के लिए सैकड़ों पुस्तकों, विविध प्रकार के संवादों और रचनात्मक विमर्शों की आवश्यकता होती है। भौतिकता की आहट बीसवीं सदी के मध्य में सुनाई पड़ने लगी थी। तब भारत के बुद्धिजीवी पीढ़ियों के लिए बौद्धिक ऊर्जा लगाने लगे। 1924 में दक्षिणा रंजन शास्त्री की 'भारतीय भौतिकवाद पर चार्वाक दृष्टि' 1940 में गायकवाड़ ओरिएंटल श्रृंखला में जयराशि भट्ट ने तत्वोप्लवसिंह नामक दार्शनिक ग्रंथ की रचना की, जो नास्तिकवाद के एकपक्षीय दर्शन पर था। देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय ने 'लोकायत दर्शन' (1956) लिखा।

जब नवउदारवाद असामाजिकता, धन पशुता, कामाचार और अराजक जीवन शैली की ओर दुनिया को ले जा रहा है, तब भी बौद्धिक वर्ग 'नेहरू-गोलवलकर' के बीच ही शतरंज खेलने में लगा है। समुदाय और परिवार पर घोर भौतिकवाद तथा व्यक्तिवादी संस्कृति के ग्रहण का असर दिखने लगा है। मगर पूरी दुनिया का बौद्धिक समाज अघोषित रूप से 'नीतिमूलक संप्रदाय' का हिस्सा बना हुआ है। यह संप्रदाय किसी सिद्धांत को प्रतिष्ठित नहीं होने देता है। सिर्फ चलती-फिरती भाषा में एक-दूसरे पर प्रहार करता है। न्याय दर्शन में संवाद के तीन प्रकार हैं- वाद, जल्प और वितंडा। सबसे हीन स्तर का वितंडावाद है। इसमें अपना कोई सिद्धांत नहीं होता है। दूसरे पर दोषारोपण कर केवल दोष ढूंढ़ा जाता है। ऐसे बौद्धिक साये में मानसिक क्रांति लाने की कल्पना करना भी जुर्म है। तब स्वेच्छाचार, कामाचार और अराजक जीवन का पनपना स्वाभाविक है। सवाल है कि हम सिर्फ अपनी बौद्धिक विरासत पर कितना और कब तक इठलाते रहेंगे?

# छवि की राजनीति



## बाखबर

**सुधीश पचौरी**

> एक दिन 'अंकल सैम जी' जागे और रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसद शुल्क लगाने की घोषणा कर दिए, ताकि रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को ज्यादा न चला सके। कई विशेषज्ञ कहते रहे कि यह सब भारत और चीन के खिलाफ 'शुल्क आतंक' है।

'ब्रिक्स' की बल्ले-बल्ले... भारत की हल्ले-हल्ले..! मोदी-पुतिन की झप्पियां, मोदी-जिनपिंग का हाथ मिलाना और मोदी-पेजेश्कियान की मुस्कियां... ये छवियां दिनों तक याद रहेंगी..! एक लंबा चौड़ा घोषणा-पत्र... कि आतंकवाद के खिलाफ कोई नरमी नहीं... कोई समझौता नहीं... कि युद्ध नहीं, शांति की जरूरत, किसी देश की दादागीरी स्वीकार नहीं..! तीन दिन तक लगातार ब्रिक्स सम्मेलन की चमक। मीडिया हुआ बावला... कस के मारे अमेरिका और पाक पर कटाक्ष कि ये बना दुनिया के तीन अरब लोगों का संयुक्त मोर्चा... अमेरिकी दादागीरी को आईना... डालर के विकल्प की मांग, जिसके तहत 'ब्रिक्स' के सदस्य देश आपस में अपनी-अपनी मुद्रा में कारोबार कर सकते हैं और डालर की दादागीरी से मुक्त हो सकते हैं! उधर, जब ब्रिक्स में कुछ निंदनीय न मिला, तो निशाना बने 'छोले-भटूरे...' कि विदेशी मेहमानों को शाकाहारी ही क्यों परोसा! भोजन की राजनीति पर चर्चा दो दिन जारी रही, लेकिन तीसरे दिन के बाद निपट गई।

फिर एक दिन खबर आई कि फिल्म 'हनुमान अंश' ने 'धुरंधर' के भी रिकार्ड को तोड़ा... दो करोड़ का खर्चा और कुछ ही दिनों में दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई..! 'हनुमांन अंश' के निर्देशक बताते रहे कि किस तरह से 'नीम करौली बाबा' सभी को 'हनुमान चालीसा' का पाठ करने को कहा करते थे... और पाठ करके उसका अर्थ करते दिखे। कई पंडित बताते रहे कि 'हनुमान अंश' ने बड़े बजट की फिल्मों की ऐसी की तैसी कर दी और सबने कहा कि जो फिल्म जनता के दिल की कहानी कहती है, वही हिट होती है।

इसके बरक्स खबर आई 'उमर खालिद' पर बने वृत्तचित्र को दिखाने और न दिखाने के विवाद की..! देखा! अपना समाज कितना 'बहुलतावादी' है कि सबके अपने-अपने हीरो हो सकते हैं।

फिर एक दिन एलान हुआ कि भाजपा शासित इक्कीस राज्यों में आगामी दिनों में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू होगा। इसके बाद तो चैनलों की बहसें भिड़ंतों में बदलनी ही थी और बदलीं भी। सत्ता कहिन कि विकास के लिए यूसीसी जरूरी, लेकिन विपक्ष के कुछ नेता कहिन कि पहले संसद में पास कराते, फिर लागू करते। ये पिछले दरवाजे से क्यों करते हैं? सत्ता प्रवक्ता कहिन कि 'एक देश एक कानून जरूरी'। आगे संसद में भी आ जाएगा, लेकिन आप तो तब भी विरोध करेंगे।

फिर आई यूपीआइ सेवा पर 'शुल्क' लगाने की बात और विरोध में सारा विपक्ष एक साथ लामबंद कि यह तो आम लोगों को लूटना है। पहले मुफ्त रखकर लोगों को यूपीआइ का चस्का लगाया और जब लोगों को आदत हो गई तो 'शुल्क' लगा दिया। यह लोगों की 'खुली लूट' नहीं तो और क्या है..! सत्ता कहिन कि व्यक्ति से व्यक्ति के लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं, लेकिन दुकान से खरीद-फरोख्त पर 0.4 फीसद शुल्क लगेगा, जिसे दुकानदार देगा। विपक्ष कहिन कि दुकानदार इसका बोझ ग्राहक पर ही तो डालेगा..!

कई चर्चक यह भी कहिन कि यह सरकार भी पंगा लेने से बाज नहीं आती। एक तो पहले ही इतनी महंगाई और बेरोजगारी, ऊपर से ये शुल्क, लेकिन सरकार कहे कि यूपीआइ के लिए सरकार अब भी 20,000 करोड़ से अधिक की 'सबसिडी' देती है। शुल्क से सरकार का बोझ कुछ ही कम होगा।

फिर एक दिन 'अंकल सैम जी' जागे और रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसद शुल्क का नियम पारित करा लिए, ताकि रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को ज्यादा न चला सके। कई विशेषज्ञ कहते रहे कि यह सब भारत और चीन के खिलाफ 'शुल्क आतंक' है। बहरहाल, अगर रूस ने यूरोप को तेल आपूर्ति बंद कर दी, तो यूरोप तो ठंड से मर जाएगा। तब 'अंकल सैम' क्या करेंगे? कुछ कहिन कि भारत को इस गीदड़ भभकी के आगे नहीं झुकना है। एक देशभक्त कहिन कि जब भारत 'व्यापार समझौते' पर अब तक नहीं झुका, तो अब क्या झुकेगा?

इसके बाद एक खबर बनाई प्रधानमंत्री मोदी के 76वें जन्मदिवस ने। इस अवसर पर एक ओर 'जेन-जी पीढ़ी' द्वारा बाइक रैली निकाली गई। साथ ही बताया गया कि इस अवसर पर 100 शहरों में 'आशीर्वाद के दीये' जलाए जाएंगे। इसके बाद कहीं तीस लाख दीये जलाए गए तो कहीं बीस लाख। कहीं दस लाख... तो कहीं दो लाख दीये भी जलाए गए!

इस अवसर पर एक चैनल चर्चा में एंकर से लेकर बहुत से चर्चक 'ब्रांड मोदी' को 'डिकोड' करने में लगे रहे। एक कहिन कि जो ब्रांड वक्त के हिसाब से अपने को ढालने की क्षमता रखते हैं, वही जिंदा रहते हैं। 'ब्रांड मोदी' ऐसा ही है। उदाहरण के लिए 20 जुलाई के बाद जब 'जेन-जी' के धरने का दबाव बना, तो तुरंत मोदी अपनी रील बनाकर स्वयं इंस्टाग्राम पर आकर जेन-जी पीढ़ी को संबोधित करते दिखे। ब्रांड मोदी ऐसा ही लचीला है। एक ने कहा कि उनमें अपनी रूढ़ छवि को छोड़ने की जिद है, इसीलिए वे दूसरों से अलग हैं।

इंडियन एक्सप्रेस समूह
जनसत्ता सरोकार
साहित्य
तीन
जनसत्ता | 20 सितंबर, 2026

# मनटोरा और चिरई

कहानी

बसंत राघव

जेठ की तपती धूप और उमस में सक्ती स्टेशन के प्लेटफार्म पर बैठे यात्री बार-बार गमछे से चेहरे पोंछ रहे थे। तभी लाउडस्पीकर पर स्थानीय बोली में घोषणा हुई, 'यात्री मन धियान देहू...बिलासपुर-रायगढ़ पैसेंजर थोरिक बेरा मा प्लेटफारम नंबर एक मा आवत हे...।' ट्रेन ढाई घंटे विलंब से चल रही थी। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकी, सुस्त पड़ा स्टेशन देखते-देखते मेले में बदल गया। लोग सामान समेटकर उठ खड़े हुए। कोई बच्चों को खींच रहा था, कोई सामान संभाल रहा था। प्लेटफार्म के बाहर गांव की महिलाएं बांस की टोकरियों में ताजी साग-सब्जियां सजाकर बैठी थीं। सब्जियों पर गांव की मिट्टी की गंध बसी थी। गाड़ी रुकते ही खीरा-ककड़ी बेचने वाली कुछ महिलाएं प्लेटफार्म पर दौड़ीं, लपककर खिड़कियों के पास जा पहुंचीं, 'ले ले बाबू! एकदम बाड़ी के टोरे ताजा हे!'

मनटोरा सिर पर सब्जियों के भारी बोरे लादे भीड़ से जूझ रही थी। सांवला चेहरा पसीने से लथपथ था। माथे की मैरून गोल बिंदी उसके थके चेहरे पर सहज गरिमा बिखेर रही थी। डिब्बे के दरवाजे पर खड़े कुछ आवारा लड़के आती-जाती लड़कियों को घूर रहे थे। मनटोरा पर नजर पड़ी तो एक ने दूसरे के कान में कुछ कहा और दोनों ठठाकर हंस पड़े। मनटोरा ने उनकी ओर देखा तक नहीं। तभी ट्रेन की सीटी बजी। गाड़ी सरकने लगी। अचानक एक भयावह चीख पूरे डिब्बे में गूंज उठी। दस-बारह यात्री दरवाजे की ओर दौड़े। मनटोरा ने सहारे के लिए लोहे के हैंडल पर हाथ रखा ही था कि सिर पर रखा बोरा खिसक गया। उसे बचाने के लिए दोनों हाथ उसकी ओर बढ़े और हैंडल पर पकड़ छूट गई। वह बोरे को कसकर पकड़े डिब्बे के मुहाने से आधी बाहर लटक गई। उसी क्षण दो युवकों ने उसे बोरे समेत पूरी ताकत से भीतर खींच लिया। जरा-सी देर होती तो वह चलती ट्रेन से नीचे गिर जाती। वह दरवाजे के पास फर्श पर आ गिरी। कुछ देर वह हांफती रही। सामने बैठे बूढ़े व्यक्ति ने चिंता से कहा, 'अरे बेटी! अभी नीचे गिर जाती तो? अपनी जान से हाथ धो बैठती! और फिर इन बोरों की क्या कीमत रह जाती?' मनटोरा कुछ नहीं बोली। बूढ़े की बात में उसकी जान की चिंता थी, लेकिन वह जानती थी कि उन बोरों में सिर्फ सब्जियां नहीं, उसके घर का चूल्हा और बच्चों की भूख भी बंधी थी। मनटोरा ने बोरों को टटोला, ढीली रस्सी कसकर बांधी और उन्हें सीट के नीचे खींचकर छिपा दिया। एक कोना फिर भी बाहर झांकता रहा। टीटीई के भय से वह बोरों के सामने तनकर खड़ी हो गई। कुछ यात्रियों की नजरें उसके चेहरे पर नहीं, फटे ब्लाउज से झांकते शरीर पर थीं। उसने पल्लू थोड़ा और खींच लिया और बाहर देखने लगी। तभी दो रेलवे पुलिस के जवान डिब्बे में चढ़े। खाकी वर्दी देखते ही उसकी सांस अटक गई। तीन महीने पहले की घटना आंखों के सामने तैर गई। वही खरसिया स्टेशन था। थोड़े-से पैसों के लिए टिकट बाबू के सामने वह हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाई थी, 'साहब, गरीब लोगन हन...लइका-



**हरी सब्जियां प्लेटफार्म पर इस तरह बिखर गई थीं, जैसे उसके भाग्य के अनगिनत टुकड़े हो गए हों। बोरा फट गया था, हरी मिर्च बिखर गई, टमाटर दूर तक लुढ़क गए।**

बच्चामन भूख मर जाहीं...।' लेकिन दया नहीं उपजी। गाड़ी चलने लगी तो टिकट बाबू के इशारे पर एक रेलवे पुलिस के जवान ने उसकी दिनभर की मेहनत से भरे सब्जियों के बोरे चलती रेलगाड़ी से नीचे फेंक दिए। हरी सब्जियां प्लेटफार्म पर इस तरह बिखर गई थीं, जैसे उसके भाग्य के अनगिनत टुकड़े हो गए हों। बोरा फट गया था; हरी मिर्च बिखर गई, टमाटर दूर तक लुढ़क गए और ककड़ियां पटरी के किनारे जा गिरीं।

आज फिर खाकी वर्दी देखकर वह खिड़की की ओर सरक गई। शरीर को इस तरह समेट लिया, मानो रेलगाड़ी के लोहे में ही समा जाना चाहती हो। ठीक वैसे, जैसे घायल चिड़िया शिकारी को देखकर सूखे पत्तों के पीछे सांस रोककर छिप जाती है। लेकिन पुलिसकर्मी की नजर सीधे उसके बोरों पर जा टिकी। 'ये किसके बोरे हैं रे?' 'साहब... मेरे हैं।' 'कहां ले जा रही हो?' 'साहब... रायगढ़... सब्जी बेचने।' 'रोज आती-जाती हो?' 'साहब...आती-जाती हूं।' 'महीना बंधा हुआ है?' मनटोरा चुप रही। उसने आंचल की गांठ खोली और दस-दस रुपए के दो नोट निकालकर बढ़ा दिए। सिपाही ने पूछा, 'टिकट है?' उसने मुड़ा-तुड़ा टिकट दिखाया। 'चालान कटेगा।' मनटोरा समझ गई। उसने दस रुपए का एक और नोट उसकी हथेली पर रख दिया। दोनों सिपाही पैसे जेब में ठूंसकर अगले डिब्बे की ओर बढ़ गए। रायगढ़ आने तक थकान से उसकी आंखें बंद होने लगीं। एक अधेड़ यात्री ने कंधा हिलाकर जगाया। वह हड़बड़ाकर उठी, दोनों बोरे उठाए और ट्रेन से नीचे उतर गई।

प्लेटफार्म पर चलते हुए वह मन ही मन हिसाब लगाने लगी। पुलिसवालों को तीस रुपए, रेल का किराया अठारह रुपए। कुल अड़तालीस रुपए। अच्छा हुआ टीटीई नहीं मिला, वरना सामान के नाम पर चालीस रुपए और ऐंठ लेता। बाजार में आढ़तियों ने उसकी सब्जियां कौड़ियों के भाव तौल दीं। हरी मिर्च, ककड़ी, बैंगन और टमाटर ताजे थे, लेकिन उसकी मेहनत का मूल्य ताजगी से नहीं, उसकी विवशता से तय होना था।

संध्या को घर लौटी तो तीनों बच्चे दौड़कर आए। सबसे छोटी बेटी सुकवारो ने आंचल पकड़कर पूछा, 'दाई! मोर बर खिलउना?' मनटोरा कुछ नहीं कह सकी। उसने सुकवारो को छाती से लगा लिया। आंसू बेटी के बालों में समा गए। रात में खाट पर बैठी वह दूर से आती रेलगाड़ी की 'घड़-घड़' सुनती रही। आज वह आवाज रेलगाड़ी की नहीं, उसके अपने सीने की धड़कन जैसी लग रही थी। 'कहां जाओगी, मनटोरा? आगे क्या करोगी?'

उसने मन ही मन कहा, 'अब नहीं जाऊंगी रायगढ़, चाहे भूखे रहना पड़े...।' लेकिन गरीबी संकल्पों की भाषा नहीं समझती। इतवार की सुबह पेट की आग ने फिर वही सवाल सामने ला खड़ा किया, 'खाएंगे क्या?' तभी उसकी नजर आंगन के ऊपर से उड़ती एक छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। उसने पंख फैलाए, एक क्षण हवा में ठिठकी और दूर निकल गई। मनटोरा के भीतर कुछ फड़फड़ाया, 'काश! मेरे भी पंख होते! वह उड़ जाती, बहुत दूर...ऐसी जगह, जहां न टिकट बाबू होता, न खाकी वर्दी और न बाजार के आढ़तियों के पंजे।'

अगले ही क्षण बच्चों के चेहरे सामने आ गए। पेट की आग ने उसके सपनों के पंख जला दिए थे। मनटोरा उठी। उसने आंचल में पांच, दस और पचास रुपए के नोटों की छोटी सी गांठ बांधी। गांव की बाड़ी से खरीदी सब्जियां बोरे में भरीं। बोरा सिर पर रखा। एक पल दरवाजे पर ठिठकी, आंखों के लोर पोंछे और चल पड़ी। दूर कहीं रेलगाड़ी की सीटी सुनाई दी। स्टेशन पास आता गया। वही प्लेटफार्म, वही आवाजें, वही धक्का-मुक्की, वही वर्दीवाले और वही बाजार, जहां गरीब की मेहनत का भाव कोई और तय करता था।

मनटोरा ने एक बार ऊपर देखा। आसमान साफ था। चिड़िया कहीं दिखाई नहीं दी। शायद बहुत दूर उड़ गई थी, या अपने घोंसले में लौट गई थी। रेल की सीटी फिर गूंजी। मनटोरा भीड़ में समा गई।

समय सूचक

# बेरोजगारी बनाम दोपहर का भोजन

जनसत्ता सरोकार

एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार दोपहर के भोजन पर जुटता है और हिंदी साहित्य को ऐसी कहानी मिल जाती है, जहां भूख की भाषा देश के हालात से संवाद करती है। क्या महीने की आय खत्म होने से पहले घर का राशन तो खत्म नहीं हो रहा है? पति के पास नौकरी नहीं है, संतान बेरोजगार है लेकिन भूख सभी सदस्यों को लगती है। अमरकांत की कहानी दोपहर का भोजन का रचनाकाल 1955 के आसपास का है। लेकिन आज सात दशक बाद भी यह कहानी निम्न मध्यवर्गीय परिवार की थाली के आसपास घूमने लगती है।

'दोपहर का भोजन' कहानी की मुख्य किरदार सिद्धेश्वरी है। वह अपने पति मुंशी चंद्रिका प्रसाद और बेटों रामचंद्र, मोहन और प्रमोद के बीच अभाव को इस तरह संभालती है कि परिवार के सभी सदस्यों में एक-दूसरे के प्रति सहृदयता बची रहे। सिद्धेश्वरी मुंशी चंद्रिका प्रसाद को बताती है कि कैसे उनका बेटा उनकी तारीफ कर रहा था तो दोनों बेटों को भी ऐसे ही दिलासा देती है। घर में इतना ही राशन है कि सिर्फ चूल्हा जलने, खाना बनाने और खाना खाने की औपचारिकता पूरी होती है। खाना सबने खाया है, लेकिन पेट किसी का भी नहीं भरा है। भूखे सभी हैं, लेकिन शिकायत कोई नहीं कर रहा है। हर सदस्य की भूख दूसरे की परवाह कर रही है। अमरकांत भूख का ऐसा मनोविज्ञान रचते हैं जहां बिना कटुता के अभाव को अभावमुक्त भाव से महसूसा जा सकता है।



अमरकांत

दोपहर के भोजन का रचनाकाल यानी 1950 का दशक निम्न मध्यवर्ग बेरोजगारी, कम आमदनी और सीमित संसाधनों से जूझ रहा था। ऐसे में दोपहर के भोजन के समय घर में सभी सदस्यों का जुटान बेरोजगारी का भी प्रतीक है। घर के सदस्यों के पास रोजगार है तो वे सुबह अपने साथ खाने का डिब्बा लेकर जाते हैं। उनके पास दोपहर के भोजन के लिए घर वापसी का वक्त नहीं होता है।

# होलू बना पेड़

बाल कथा

दिविक रमेश

कुछ दिनों से होलू को एक और बात अच्छी लग रही थी। सुबह-सुबह उठने की। शुरू में तो अच्छी नहीं लगती थी। उसे तो बस उसी समय उठना पसंद था जब स्कूल के लिए तैयार होकर दौड़ना होता। करे भी क्या। रात देर तक तो मोबाइल ही देखते रहना होता था। मम्मी-पापा कहते भी कि ज्यादा मोबाइल नहीं देखना चाहिए। पर उसके पास कोई न कोई बहाना होता। जल्दी सोने को कहा जाता तो बस यह कह कर टाल देता 'सो रहा हूं न! बस कुछ देर और!' इस बारे में तो वह अपने दोस्त लू लू की बात भी नहीं सुनता था।

एक दिन लू लू को एक पत्रिका में मोबाइल के नुकसान पर कविता मिली। उसने पत्रिका चुपके से होलू के बस्ते में रख दी। एक दिन अचानक होलू ने दिशा ग्रोवर की कविता पढ़ी, जो मोबाइल की विनती पर थी। कविता में मोबाइल कह रहा था, 'अरे मुझे भी दे दो /थोड़ा सा आराम/दिनभर सबका साथ निभाता/कितने करता काम।' कविता पढ़ कर होलू ने सोचा कि वह तो बेचारे मोबाइल को जरा भी आराम नहीं करने देता। बस उसने मोबाइल को आराम करने का समय देना शुरू कर दिया। रात में ठीक समय पर सोना भी शुरू कर दिया। सुबह जल्दी भी उठने लगा। अब तो वह खुद चाहता है सुबह उठना। मम्मी-पापा के साथ पार्क में जाना।

पर होलू का दिमाग तो होलू का है। फिर कुछ नया सोचने लगा। इस बार घास और आसपास के पेड़ों के बारे में। उसने सोचा कि घास हमारी तरह बोल पाती तो क्या कहती। हम तो उस पर कितना चलते हैं। दौड़ते भी हैं। उसे दर्द भी तो होता होगा। शायद रोती भी हो। पेड़ भी पता नहीं क्या सोचते होंगे। वे भी अगर हमारी तरह बोल पाते तो कितना मजा आता न! होलू ने यह भी सोचा। अगर पेड़ बोल पाते। हमारी तरह। तो वह पूछता। उनके फल लेने पर उन्हें कैसा लगता है। कहीं दुख तो नहीं होता। सोचते-सोचते उसे लगा। पापा को शायद पता हो, तो चल पड़ा पापा की ओर। थोड़ी दूर पर ही तो बैठे थे।

पापा के पास पहुंच कर होलू बोला, 'मैं एक बात बताना चाहता हूं। पर पहले वादा करो कि सुन कर वैसा नहीं कहोगे कि मुझे धत्त तेरे की, कहना पड़े। किसी को बताएंगे भी नहीं।' 'अरे! बता तो सही। नहीं कहूंगा किसी को।' पापा ने प्यार से मुस्कुराते हुए कहा। 'अगर घास हमारी तरह बोल पाती। तो अपना दर्द बताती न? हम उस पर कितना-कितना चलते हैं। दौड़ते भी हैं। और हम पेड़ों के फल तोड़ लेते हैं। उन्हें भी दुख होता होगा न? अगर वे भी बोल पाते। हमारी तरह। तो बताते न?' होलू ने एक सांस में अपनी बात कह दी।

सुन कर पापा चुप से हो गए। उन्हें होलू पर बहुत प्यार आया। होलू को भी लगा। पर क्यों, यह नहीं पता चला। होलू बोला, 'पापा मेरा सोचना आपको अच्छा नहीं लगा क्या?' नहीं होलू, वह तो बहुत अच्छा लगा। इतना अच्छा कि मेरी बोलती ही बंद हो गई। मैं खुशी के मारे चुप हो गया।' पापा ने प्यार से टपकते शब्दों में कहा। होलू खुश हुआ।

पापा ने कहा, 'सबसे पहले तो यह समझ लो। अगर घास बोल पाती हमारी तरह तो तुम्हारा धन्यवाद करती। रोज-रोज उससे मिलने आने के लिए। वह कहती, तुम्हारे आने से उसका अकेलापन खत्म होता है। तुम खेलते हो तो साथ-साथ वह भी खेलती है। तुम्हें बिना बताए। तुम्हें खुश देखकर उसे भी खुशी होती है। हां, यह जरूर कहती कि उसका ध्यान जरूर रखो। उसे गंदा न करो। माली दादा को उसका ध्यान रखने को कहते रहो।' होलू को पापा की बात इतनी अच्छी लगी कि एक बार को तो चुप ही हो गया। फिर संभला। और बोला, 'पापा, घास को मैं दादी कहूं। जो बात आपने घास की बताई है न, वैसा ही सब तो तो दादी भी कहती है न! दादी को भी तो अकेला रहना अच्छा नहीं लगता।' पापा की मुस्कान खिल गई। बोले 'और सुन होलू। हम सबको अपने फल देकर पेड़ों को भी बहुत



**पापा को होलू पर इतना प्यार उमड़ा कि अपनी ओर खींच कर उसे छाती से ही लगा लिया। बोले, 'जानते हो होलू। तुम अभी बहुत छोटे हो। बड़े होकर तुम बहुत अच्छे इंसान बनोगे। पता है क्यों? क्योंकि तुमने घास और पेड़ को भी अपना-सा समझ कर सोचा। अपने ढंग से उनके दर्द को महसूस करने की कोशिश की।'**

अच्छा लगता है। बहुत सुख मिलता है उन्हें। वे बोल पाते तो यही बताते। जब फल मिलने के बाद वे हमें खुश देखते हैं तो उन्हें बहुत-बहुत अच्छा लगता है। चाहने लगते हैं कि और फल दें। कहते ले लो, जितने चाहे फल ले लो। सब तुम्हारे हैं। दूसरों के काम आकर हमें सबसे बड़ा सुख मिलता है। बस हमारा बुरा कोई न करे। हमें काटे नहीं।'

होलू ने खुश होकर कहा, 'पापा कभी-कभी मैं भी पेड़ बन जाता हूं न। उस दिन जब मैंने भोलू को अपने खाने में से कुछ खाना दिया था तो उसने भी मुझे पेड़ समझा होगा न? उसके पास उस दिन खाना नहीं था। अब मैं ज्यादा-ज्यादा पेड़ बनूंगा पापा। पूरा पेड़ तो नहीं। पर अपनी चीजों में से कुछ चीजें उनको भी दूंगा जिनके पास वे नहीं होंगी।' पापा को होलू पर इतना प्यार उमड़ा कि अपनी ओर खींच कर उसे छाती से ही लगा लिया। बोले, 'जानते हो होलू। तुम अभी बहुत छोटे हो। बड़े होकर तुम बहुत अच्छे इंसान बनोगे। पता है क्यों? क्योंकि तुमने घास और पेड़ को भी अपना-सा समझ कर सोचा। अपने ढंग से उनके दर्द को महसूस करने की कोशिश की।'

होलू ने थोड़ा नटखट बनते हुए कहा, 'पर पापा, घास और पेड़ तो बोले ही नहीं। आप ही घास और पेड़ बनकर बोले न! जब मैं उनके बोलने के बारे में सोच रहा था तो लगा था कि कहीं सब हंसे न? मेरी सोच जानकर। और मुझे धत्त तेरे की न कहना पड़ जाए। पापा हंसे और बोले, 'धत्त तेरे की। मैंने क्या कर दिया। तुझे बचा लिया।' होलू काफी देर तक हंसता रहा।

# राजनीति में अविवाहित

जनसत्ता सरोकार

'अविवाहित होने के नाते मुझे मजबूरी में सबसे छोटे भाई आनंद कुमार को साथ रखने की जरूरत पड़ी जो मेरी पूरी निगरानी में पार्टी की अहम जिम्मेदारियों को लंबे समय से निभा रहे हैं। लेकिन इसका लाभ अब उनके परिवार के लोग भी उठाएं तो यह पार्टी व मूवमेंट के हित में सही नहीं होगा।' बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती का यह उद्गार राजनीति में स्त्री, विवाह और संतति के विरोधाभासों को उजागर करता है।

भारतीय राजनीति में मायावती एक मिसाल हैं। कांशीराम की स्थापित विचारधारा को आगे बढ़ाने का जज्बा मायावती में था और वे इस विरासत की उचित हकदार थीं। भारतीय राजनीति में मायावती के उद्भव ने बहुजन और स्त्री दोनों के सशक्तीकरण की नई गाथा कही थी। चाहे स्त्री हो या पुरुष राजनीति का दायरा उन्हें अपने परिवार से निकाल कर विस्तृत दायरे में ले जाता है। राजनीति में दायरे के इस वृहत्तर की मांग के कारण अविवाहित होना भी एक गुण में आ जाता है। मायावती, जयललिता, ममता बनर्जी की परिवारेत्तर विस्तृत स्थिति ने उन्हें एक सम्मोहक छवि दी। कई





मार्गदर्शन

पुरुष राजनेता भी ऐसे रहे, जिन्होंने विवाह नहीं किया, या विवाह के बाद भी अपने परिवार से संपर्क नहीं रखा था तो उन्हें राजनीति के लिए उपयुक्त माना जाता है।

सुसान मोलर ओकिन का कहना है कि परिवार को निजी कहकर राजनीति और न्याय से अलग नहीं किया जा सकता। पारंपरिक लैंगिक भूमिकाएं राजनीति और कार्यस्थल में भी असमानता बनाए रखती हैं। ओकिन का कहना है कि आधुनिक न्यायपूर्ण समाज में विवाह को स्वाभाविक रूप से प्रभुत्व और अधीनता के रिश्ते के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वहीं एनी फिलिप्स के राजनीतिक चिंतन की बात करें तो इसमें निजी और सार्वजनिक जीवन के पारंपरिक विभाजन को चुनौती दी गई है। यानी घर, विवाह, परिवार को केवल निजी मामला मान कर राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह विचार स्त्री राजनेताओं की वैवाहिक स्थिति पर खासा प्रासंगिक है क्योंकि पुरुष नेता के परिवार को अक्सर निजी जीवन माना जाता है, जबकि महिला नेता के विवाह, पति और मातृत्व को सार्वजनिक मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाता है। वहीं हन्ना पिटकिन का मानना रहा है कि जनप्रतिनिधि का मूल्यांकन उसके काम और जनता के हित में उसके कार्य से होना चाहिए। सिर्फ उसकी व्यक्तिगत या सामाजिक पहचान से नहीं। मुकुल केशवन दक्षिण एशियाई राजनीति को स्त्री राजनेता के संदर्भ में देखते हुए एक अहम बात कहते हैं-आम तौर पर भारत जैसे देश में शीर्ष राजनीतिक पद तक पहुंची कई महिलाओं की अविवाहित या किन्हीं अन्य कारणों से एकल रह रही स्थिति को समाज ने एक तरह से राजनीतिक स्वायत्ता से जोड़ दिया होता है। विवाहित राजनेता को कभी-कभी पति के प्रभाव में होने के संदेह से भी देखा जा सकता है।

इन विमर्शों को देखते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती का उद्गार एक बहस की मांग करता है।

# बड़ी होकर 'जो' बनना चाहती हूं

जनसत्ता सरोकार

एक समय ऐसा था जब लड़कियों से यह नहीं पूछा जाता था कि वे बड़ी होकर क्या बनना चाहती हैं? समाज पहले से तय कर चुका होता था कि लड़कियों को किस तरह से बड़े होना है, किस तरह से बोलना है और आइंदा जिंदगी में क्या करना है। लुइसा मे अल्काट के उपन्यास 'लिटिल विमेन' की किरदार 'जो मार्च' अपनी जिंदगी के कैलेंडर के पन्ने समाज की तय तारीखों के हिसाब से नहीं बदलना चाहती है।

जो मार्च उन्नीसवीं सदी के अमेरिका की लड़की है। सिर पर बिखरे हुए बाल, हाथों में कागज का पुलिंदा और मन में एक जिद। जिद अपनी कहानी खुद से लिखने की। जब हाथों में कलम हो तो शब्द भी अपने अनुभव के होने चाहिए। आज से एक सदी पहले की किरदार जो को गुड़ियों से ज्यादा किताबें पसंद हैं। वह तयशुदा अच्छी लड़की के बजाय वैसी आजाद इंसान बनना चाहती है, जिसका सांचा अभी तक बनाया नहीं गया था। यानी जो मार्च को अपनी इच्छित आजादी की कहानी खुद ही लिखनी थी। उसका बागी मन बार-बार सवाल करता है कि उसके आस-पास लड़कों को जितनी आजादी मिली हुई है, उससे लड़कियां वंचित क्यों हैं।

जो से पूछा जाता है कि वह किस तरह की महिला बनना चाहती है तो उसका जवाब होता है कि वह

अमर किरदार



**जो मार्च अपनी पहचान बनाना चाहती है। अपने भीतर की दुनिया को बचाए रखने के लिए वह खूब लिखती है। इसी लिखने की वजह से न वह सिर्फ अपने अंदर की दुनिया को बचाए रखती है बल्कि वह एक नई दुनिया बनाती भी है।**

किसी और की तरह नहीं बल्कि खुद की तरह 'जो' बनना चाहती है। जो गुस्सा भी करती है और कुछ लोगों से उसे ईर्ष्या भी होती है। अपनी बहन एमी से जोरदार लड़ाई करती है तो गुस्से में किसी को आहत करने वाले शब्द भी बोल देती है। जो अपनी तीन बहनों मेग, बेथ और एमी के साथ भी संवाद का आजाद भरा रिश्ता चाहती है। वह अपनी अन्य बहनों की तुलना में बेचैन है। लेखक ने दिखाया है कि आजाद-खयाल बनने की प्रक्रिया के दौरान कोई उसी तरह का व्यवहार कर सकता है जिससे वह खुद मुक्ति पाना चाहता है। जो भी ऐसी हरकतें करती है, लेकिन बाद में वह उस पर सोचती है और खुद को गलत पाने पर अपने सुधार के लिए भी काम करती है।

जो मार्च अपनी पहचान बनाना चाहती है। उसे लेखिका बनना है। अपने भीतर की दुनिया को बचाए रखने के लिए वह खूब लिखती है। इसी लिखने की वजह से न वह सिर्फ अपने अंदर की दुनिया को बचाए रखती है बल्कि वह एक नई दुनिया बनाती भी है। जो मार्च का बुनियादी सवाल यही है कि क्या किसी लड़की को अपनी कहानी खुद लिखने का अधिकार है? इस दौरान प्रेम, शादी, घर-परिवार, जिम्मेदारी को लेकर भी द्वंद्व चलता है। क्या लड़कियों को इन सारी भूमिकाओं से मुठभेड़ करनी है या वो कोई अपनी इच्छित भूमिका भी चुन सकती है?

जो के सामने चुनौती यह भी है कि लेखन की दुनिया आत्मकथा भर नहीं होती है। कोई आत्मकथा तभी लिख पाता है जब वह दुनिया को ठीक से समझ पाता है। आत्मकथा सिर्फ रोजनामचा नहीं होती। यह हर व्यक्ति की समाज से निजी मुठभेड़ होती है।

# तीखा पहाड़ी लहसुन भरपूर औषधीय गुण

आमतौर पर लोग सामान्य लहसुन का उपयोग करते हैं, लेकिन क्या कभी आपने पहाड़ी लहसुन का इस्तेमाल किया है? यह बाजार में बिकने वाले लहसुन से काफी अलग होता है। इसे कश्मीरी या हिमालयी लहसुन भी कहते हैं। पीले मटर जैसे दाने में बंद इस लहसुन का स्वाद तीखा होता है, लेकिन यह औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। इसकी कई विशेषताएं हैं जो सेहत के लिए अच्छी मानी गई है। अपनी गुणवत्ता के कारण पहाड़ी लहसुन महंगा बिकता है। इसे कच्चा खाएं या पका कर, यह हर लिहाज से स्वास्थ्यवर्धक है। खास बात यह कि इस लहसुन से जहां कोलेस्ट्राल नियंत्रित रहता है, वहीं यह हृदय को स्वस्थ रखता है। इससे शरीर में रक्त शर्करा भी काबू में रहती है।

### औषधि का पर्याय

पहाड़ी लहसुन का आयुर्वेद में तो महत्त्व है ही, वहीं पारंपरिक चिकित्सा में इसे देसी नुस्खे के रूप में भी आजमाया जाता रहा है। सामान्य तौर पर इस लहसुन का इस्तेमाल रोग प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत करने, शारीरिक ऊर्जा बढ़ाने और पाचन मजबूत करने के लिए किया जाता रहा है। यह स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को सहजता से दूर कर देता है। यों तीखे स्वाद के कारण इसे भोजन बनाते समय भी इस्तेमाल किया जाता रहा है। दरअसल, इसमें सल्फर युक्त विशेष यौगिक 'एलिसिन' व्यक्ति को रोगाणुओं से मुक्त कर देता है। इसमें खास तरह के तत्त्व फ्लेवोनोइ्स और पालीफेनोल्स तनाव को कम करते हैं। इससे रक्तचाप भी काबू में रहता है। सूजन और जोड़ो में दर्द से निजात पाने के लिए भी पहाड़ी लहसुन का इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें मौजूद सल्फर यौगिक यकृत को भी साफ करता है। इससे विषैले तत्त्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

### ऊर्जा का संचार

पहाड़ी लहसुन का नियमित उपयोग करने से कमजोरी दूर होती है। शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। थकान दूर होने लगती है। इसी के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है। यह लहसुन शरीर में नाइट्रिक एसिड बढ़ा देता है। जिससे नसों में रक्त संचार बेहतर हो जाता है। इसे पुरुषों के लिए खास तौर से शक्तिवर्धक माना गया है। पहाड़ी लहसुन फंगस रोधी होने के साथ जीवाणुरोधी भी होता है। यह दमा रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। इसका सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

### कई रोग में उपयोगी

पहाड़ी लहसुन का अगर नियमित सेवन किया जाए, तो कई बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है। यहां तक कि कैंसर जैसे गंभीर रोग के जोखिम को भी कम करने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इस लहसुन में एक खास यौगिक होता है जो कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है। पहाड़ी

नुस्खे



लहसुन मधुमेह को भी काबू करने में सहायक साबित हुआ है। दरअसल, इसमें मौजूद 'एलिसिन' विटामिन-बी और 'थायमिन' के साथ मिल कर पैंक्रियाज को इंसुलिन उत्पन्न करने के लिए सक्रिय करता है। इससे शरीर को मधुमेह से लड़ने में मदद मिलती है। पहाड़ी लहसुन का उपयोग करने से खांसी और सामान्य सर्दी-जुकाम काबू में रहता है।

# सौंदर्य का मकड़जाल

समाज-संस्कृति

संगीता सहाय

किसी लड़की के जन्म पर घर में सबसे पहले यह देखा जाए कि वह कितनी गोरी है, तो समस्या उस लड़की के रंग में नहीं, समाज की नजर में है। जिस समाज में बेटी की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से पहले उसके चेहरे की चिंता होने लगे, वहां सौंदर्य केवल सौंदर्य नहीं रह जाता। वह सामाजिक मूल्यांकन की कसौटी बन जाता है। रंग, नैन-नक्श और देह की बनावट के आधार पर किसी मनुष्य की कीमत तय करना दरअसल उसके व्यक्तित्व को उसकी त्वचा तक सीमित कर देना है।

हमारे सामाजिक जीवन में रूप को गुण से पहले रखने की परंपरा पुरानी है। 'पहली नजर में रूप दिखाई देता है' जैसी बात कब सामाजिक आग्रह में बदल गई, इसका पता भी नहीं चला। घर-परिवार से लेकर सार्वजनिक आयोजनों तक आकर्षक चेहरे को विशेष महत्त्व मिलता है। फिल्मों, विज्ञापनों और लोकप्रिय संस्कृति ने भी इस धारणा को विस्तार दिया। खासकर स्त्री के मामले में सौंदर्य को पहचान का केंद्रीय हिस्सा बना दिया गया। इससे भ्रम हुआ कि स्त्री की स्वीकार्यता उसके विचार, श्रम और प्रतिभा से पहले उसके रूप पर निर्भर है।

### व्यवस्था के संकेत

विवाह इस मानसिकता का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। लड़की शिक्षित हो, नौकरी करती हो, समझदार और आत्मनिर्भर हो, फिर भी विवाह के समय उसके रंग और रूप का सवाल अचानक प्रमुख हो जाता है। 'गोरी लड़की' की मांग केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं, यह उस सामाजिक व्यवस्था का संकेत है, जिसमें स्त्री को उसके व्यक्तित्व के बजाय एक संभावित पत्नी और बहू के रूप में परखा जाता है। पुरुष के लिए आमतौर पर शिक्षा, रोजगार, आय और सामाजिक स्थिति महत्त्वपूर्ण मानी जाती है, जबकि स्त्री के मूल्यांकन में रूप को असंगत महत्त्व दिया जाता है।



इसका असर बचपन से दिखाई देने लगता है। सांवली बच्ची को धूप से बचने की सलाह मिलती है, रंग निखारने के घरेलू नुस्खे बताए जाते हैं और किशोरावस्था आते-आते क्रीम, प्रसाधन और सौंदर्य उपचार उसके जीवन का हिस्सा बनने लगते हैं। चिंता यह नहीं कि वह क्या पढ़ना चाहती है, किस क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है या उसमें कौन-सी प्रतिभा है, चिंता यह होती है कि बड़ी होने पर उसका विवाह कैसे होगा। इस तरह उसके भीतर यह धारणा धीरे-धीरे बैठा दी जाती है कि उसका सामाजिक भविष्य उसके चेहरे से जुड़ा है।

यहीं सौंदर्य का दबाव आत्महीनता में बदलने लगता है। लड़की अपने व्यक्तित्व की संभावनाओं के बजाय अपनी कथित कमियों पर नजर रखने लगती है। खेल, संगीत, कला, विज्ञान, साहित्य या किसी पेशे में आगे बढ़ने की उसकी आकांक्षाएं पीछे छूट सकती हैं। समस्या यह है कि उसे यह विश्वास दिलाया जाता है कि सुंदर दिखे बिना वह पर्याप्त नहीं है। यह विश्वास उसकी ऊर्जा को आत्मविकास से हटाकर आत्म-संशोधन में लगा देता है।

### बाजार की कसौटी

सौंदर्य का यह दबाव केवल उन स्त्रियों तक सीमित नहीं रहता, जिन्हें प्रचलित मानकों के अनुसार सुंदर नहीं माना जाता। जिन्हें सुंदर कहा जाता है, उनके सामने भी उस सुंदरता को बनाए रखने की जिम्मेदारी खड़ी कर दी जाती है। उम्र बढ़ना, शरीर में बदलाव या चेहरे पर झुर्रियां आना स्वाभाविक प्रक्रियाएं हैं, मगर बाजार और सामाजिक अपेक्षाएं इन्हें 'दोष' की तरह पेश करती हैं। इस तरह सौंदर्य लगातार निभाई जाने वाली भूमिका अधिक बन जाता है।

दरअसल, बाजार पहले व्यक्ति को उसकी किसी कथित कमी का अहसास कराता है, फिर उसके समाधान के नाम पर उत्पाद बेचता है। कभी 'गोरा होने' का दावा सामने था, अब 'ग्लो', 'ब्राइटेनिंग' और 'इवन टोन' जैसे शब्द हैं। शब्दावली आधुनिक हुई है, लेकिन मूल संदेश नहीं बदला। आप जैसे हैं, उससे बेहतर दिख सकते हैं और आपको कुछ खरीदना होगा।

फिल्म और फैशन उद्योग ने सौंदर्य की कुछ निश्चित छवियों को लोकप्रिय बनाया, तो सोशल मीडिया ने उन्हें हर व्यक्ति के निजी जीवन में पहुंचा दिया। संपादित तस्वीरों ने ऐसी सुंदरता को सामान्य बनाया है, जो वास्तविक जीवन में संभव ही नहीं। अब तुलना केवल दूसरों से नहीं, उनकी डिजिटल छवियों से होती है। परिणामस्वरूप चेहरे, शरीर और उम्र को लेकर असंतोष बढ़ता है। यह असंतोष बाजार के लिए ईंधन है।

अपने रूप-रंग और शरीर की देखभाल करना गलत नहीं है। साफ-सुथरा रहना, अच्छे कपड़े पहनना, स्वस्थ रहना या व्यक्तित्व को संवारना स्वाभाविक मानवीय इच्छाएं हैं। समस्या तब पैदा होती है जब व्यक्तिगत पसंद सामाजिक दबाव में बदल जाए। अपने चेहरे से प्रेम करना अलग बात है और अपने चेहरे से इसलिए असंतुष्ट रहना कि समाज उसे पर्याप्त सुंदर नहीं मानता। पहली स्थिति आत्मस्वीकृति है, दूसरी सामाजिक दबाव का परिणाम।

> ***बहस** सौंदर्य के पक्ष या विपक्ष में नहीं, उसके मानकों और सत्ता को लेकर होनी चाहिए। आखिर गोरा रंग ही सुंदर क्यों माना जाए? किसी मनुष्य की सामाजिक कीमत शरीर की बनावट से तय करने का अधिकार किसे है? इन सवालों के जवाब जानें बिना सौंदर्य के नाम पर असमानता को समझना मुश्किल है।*

### सत्ता के पैमाने

इसलिए बहस सौंदर्य के पक्ष या विपक्ष में नहीं, उसके मानकों और सत्ता को लेकर होनी चाहिए। आखिर गोरा रंग ही सुंदर क्यों माना जाए? किसी मनुष्य की सामाजिक कीमत शरीर की बनावट से तय करने का अधिकार किसे है? इन सवालों के जवाब जानें बिना सौंदर्य के नाम पर असमानता को समझना मुश्किल है। परिवर्तन की शुरुआत परिवार से होनी चाहिए। बेटी को यह बताने की जरूरत नहीं कि उसका रंग कैसे बदलेगा, उसे यह बताना है कि उसकी क्षमता की कोई सीमा नहीं। बच्चों को आईने में अपनी कमियां तलाशने के बजाय अपनी संभावनाएं पहचानना सिखाना होगा। शिक्षा का उद्देश्य भी ऐसी दृष्टि विकसित करना होना चाहिए, जो व्यक्ति को बाहरी आवरण से आगे देखने की क्षमता दे।

किसी समाज की प्रगतिशीलता का पैमाना यह नहीं कि उसकी स्त्रियां कितनी सुंदर हैं, बल्कि यह है कि उन्हें सुंदर दिखने के लिए कितना विवश किया जाता है। चेहरा समय के साथ बदलता है, मगर विचार की शक्ति बनी रह सकती है। इसलिए जरूरत आईने को तोड़ने की नहीं, उस नजर को बदलने की है, जो मनुष्य को पहले चेहरा और बाद में इंसान समझती है। असली मकड़जाल सौंदर्य में नहीं, सौंदर्य के नाम पर बनाई गई उस मानसिकता में है, जो मनुष्य की पूरी पहचान को उसके चेहरे तक समेट देना चाहती है।

# अधूरी बात पर प्रतिक्रिया से करें परहेज

जीवन शैली

आज के व्यस्तता भरे जीवन और तेज सूचना के दौर में किसी भी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की आदत आम हो गई है। सोशल मीडिया, मोबाइल संदेश और इंटरनेट ने सूचनाओं के प्रसार को इतना तेज कर दिया है कि लोग पूरी बात जाने-समझे बिना ही अपनी राय बना लेते हैं। कई बार किसी घटना, बयान या संदेश का केवल एक हिस्सा सामने आता है और उसी के आधार पर प्रतिक्रिया शुरू हो जाती है। इसका असर आमने-सामने के संवाद पर भी दिखाई देने लगा है। किसी व्यक्ति की बात को अगर संदर्भ से अलग करके समझ लिया जाए, तो उसका अर्थ पूरी तरह बदल सकता है। बाद में जब पूरी सच्चाई सामने आती है, तब पछतावा ही हाथ लगता है। अधूरी जानकारी पर दी गई प्रतिक्रिया न केवल व्यक्ति के लिए परेशानी पैदा कर सकती है, बल्कि परिवार, समाज और संस्थाओं के बीच भी गलतफहमी बढ़ा सकती है।

### सूचना की सच्चाई

परिवार या मित्रों के बीच किसी अधूरी बात को सच मानकर तल्ख टिप्पणी करने या नाराज होने से विश्वास कमजोर हो सकता है। कई बार छोटी-सी गलतफहमी लंबे समय तक चलने वाले विवाद का कारण बन जाती है। सोशल मीडिया ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। यहां किसी सूचना तस्वीर या वीडियो को बिना जांचे साझा करना बहुत आसान है। मगर एक गलत सूचना कुछ ही मिनटों में हजारों लोगों तक पहुंच सकती है। उसके बाद उसे वापस लेना या सही जानकारी लोगों तक पहुंचाना कठिन हो जाता है।

### धैर्य की जरूरत

गुस्सा, दुख, डर या उत्साह की स्थिति में व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो सकती है। वह प्रतिक्रिया के रूप में ऐसी टिप्पणी कर सकता है, जिसे वापस लेने के बाद भी उसका असर बना रह सकता है। इसलिए भावनात्मक स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य से पूरी बात को सुनना, जानना और उस पर विचार करना ही समझदारी है। आमने-सामने के संवाद में यदि किसी बात पर भ्रम हो, तो उसे दूर करने की कोशिश की जानी चाहिए। किसी आभासी मंच पर सूचना के बाद प्रतिक्रिया देने से पहले उसके स्रोत की जांच करनी चाहिए। यहीं नहीं, किसी व्यक्ति की कही बातों या सूचना के संदर्भ को समझना भी आवश्यक है।



> ***कई** बार संवाद के दौरान दूसरे की बात सुनते हुए हमारे मन में प्रतिक्रिया के अंश उभरने लगते हैं। यानी सामने वाला अभी अपनी बात पूरी भी नहीं कर पाता कि हमारे भीतर उत्तर तैयार हो जाता है।*

### जिम्मेदार व्यवहार

आज के समय में सूचना पाना जितना आसान है, सही सूचना को पहचानना उतना ही महत्त्वपूर्ण है। पूरी बात सुनकर या सच जानने के बाद संतुलित प्रतिक्रिया देना ही हमारी समझदारी और व्यक्तित्व को दर्शाता है। कई बार परस्पर संवाद के दौरान दूसरे की बात सुनते हुए हमारे मन में प्रतिक्रिया के अंश उभरने लगते हैं। यानी सामने वाला अभी अपनी बात पूरी भी नहीं कर पाता कि हमारे भीतर उत्तर तैयार हो जाता है। हम उसके संदेश को ठीक से नहीं सुन रहे होते, बल्कि अपनी प्रतिक्रिया पर विचार कर रहे होते हैं। किसने क्या कहा, किस परिस्थिति में कहा और उसका आशय क्या था- इन सवालों के जवाब जानना जरूरी होता है। भ्रम की स्थिति में कई बार चुप रहना भी जिम्मेदार व्यवहार होता है।

# मुंह में सफेद छाले जब बन जाए घाव

सेहत

मुंह में छाले बन जाएं, तो ये काफी तकलीफ देते हैं। शुरुआत में साधारण से लगने वाले ये छाले जब लापरवाही के कारण अल्सर में बदल जाते हैं, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में मरीज न तो ठीक से बोल पाता है और न ही कुछ खा-पी पाता है। गौर करें तो कई बार छाले होठों के नीचे बन जाते हैं। कभी-कभी कुछ लोगों को तालू, मसूड़े और जीभ पर भी छाले हो जाते हैं। आम तौर पर इन छालों से किसी दूसरे को संक्रमण नहीं होता। फिर भी सावधानी बरतनी चाहिए और स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। अगर छाले यौन संक्रमण से नहीं बने हैं, तो ये गंभीर नहीं होते। उदर संबंधी रोगों के कारण भी मुंह में छाले बन जाते हैं। ये सामान्य छाले होते हैं और अपने आप कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं। अगर दिक्कत ज्यादा हो, तो चिकित्सक से जरूर परामर्श करना चाहिए।

### जोखिम का दायरा

मुंह के छाले बिगड़े नहीं, इसलिए समय रहते इन पर ध्यान देना चाहिए। ये छाले जब अल्सर यानी घाव बन जाते हैं, तो मरीज के लिए स्थिति गंभीर हो जाती है। यह एक ऐसा नासूर बन जाता है जिसे ठीक होने में वक्त लगता है। सवाल है कि मुंह में अल्सर बनते क्यों हैं। कई बार देखा गया है कि खाना खाने के दौरान सहसा गाल का अंदरुनी हिस्सा दांत से कट जाता है और वहां से खून बहने लगता है। अगर यह ठीक न हो, तो तुरंत उपचार कराना चाहिए। कुछ छाले पीले या सफेद रंग के दिखाई देते हैं। गौरतलब है कि 'ओरल लाइकेन' भी अल्सर है। इसमें यह सफेद घाव जैसा दिखता है। कभी-कभी मुंह में कोशिका बढ़ने से भी छाले बन जाते हैं। ये भूरे या सफेद रंग के होते हैं। तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने से भी ये हो सकते हैं।



निचले दांत के पीछे और जीभ के नीचे कुछ लोगों को 'एरिथ्रोप्लाकिया' हो जाता है। ये ऐसे छाले हैं जिनमें कैंसर का जोखिम रहता है। तंबाकू उत्पादों के सेवन से यह स्थिति पैदा होती है। सफेद या लाल रंग में दिख रहे घाव कई बार ठीक नहीं होते। कोई छाला हफ्ते-दस दिन में ठीक नहीं हो रहा हो, तो तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

### गंभीर होते लक्षण

सवाल यह कि इसकी नौबत आती ही क्यों है। दरअसल, यह मुख स्वास्थ्य पर ध्यान न देने का परिणाम होता है। मुलायम टूथब्रश का इस्तेमाल न करने से मसूड़े छिल जाते हैं। अंदर के गाल में भी खरोंच लग जाती है। यह इसलिए होता है, क्योंकि ज्यादातर लोग अपने ब्रश जल्दी बदलते नहीं हैं। कभी-कभी दांतों तले जीभ या अंदरुनी गाल का हिस्सा कटने पर लोग गौर नहीं करते और छोटे जख्म कभी-कभी अल्सर में बदल जाते हैं। यों किसी एलर्जी की वजह से भी छाले बन सकते हैं। अगर छाले किसी विषाणु के कारण बने हैं, तो ये अल्सर में भी बदल सकते हैं।

### सजगता ही बचाव

छाले की गंभीरता को कम करने के लिए एहतियात बरतें। सबसे पहले तो मुख स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। अगर बुखार की वजह से छाले बन जाएं, तो व्यक्तिगत चीजें साझा नहीं करनी चाहिए। छाले वाली जगह की साफ-सफाई जरूरी है। इसलिए खाना खाने के बाद अच्छी तरह कुल्ला अवश्य करें। वहां चिकित्सक की सलाह से 'एंटीसेप्टिक जेल' लगाएं। मुंह को स्वच्छ रखें। सुबह-शाम दांतों और जीभ की सावधानी से सफाई करें। गुनगुने पानी में थोड़ा-सा नमक डाल कर कुल्ला करें। रात में सोने से पहले कुल्ला अवश्य करना चाहिए। मिर्च-मसालों से बना आहार नहीं लेना चाहिए। पेट में गर्मी की वजह से छाले बने हों, तो पर्याप्त पानी पीना अच्छा रहता है।

*(यह लेख सिर्फ सामान्य जानकारी और जागरूकता के लिए है। उपचार या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए विशेषज्ञ की मदद लें।)*

# बनाना आसान, खाने में मजेदार

रसोई

## कच्चे केले का परांठा

केला कच्चा हो या पका हुआ, यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। कच्चे केले की सब्जी घरों में अक्सर बनाई जाती है, लेकिन इसके परांठे का जायका और भी बेहतरीन होता है। इसे आम परांठे की तरह ही बनाया जाता है, लेकिन इसमें अमचूर का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे इसका स्वाद चटपटा हो जाता है।



### सामग्री

गेहूं का आटा: 200 ग्राम, कच्चे केले: चार-पांच, हरा धनिया (बारीक कटा हुआ), अदरक: एक इंच, हरी मिर्च: तीन-चार, लहसुन: छह-सात कलियां, अमचूर: एक चम्मच, अजवाइन: एक चम्मच, कसूरी मेथी: एक चम्मच, नमक: स्वादानुसार।

### विधि

सबसे पहले एक थाली में गेहूं का आटा लें और उसमें हल्का सा नमक, अजवाइन तथा तेल डाल कर अच्छी तरह मिला लें। फिर इसे गुनगुने पानी के साथ गूंथे और कुछ देर तक ढक कर रख दें। इस बीच, कच्चे केले को धोकर उसे प्रेशर कुकर में नरम होने तक उबालें। ठंडा होने पर इसके छिलके निकाल दें और अंदर वाले हिस्से को हाथ से अच्छी तरह मसल दें, ताकि इसमें कोई टुकड़ा न रहे। फिर इसमें अदरक और लहसुन का पेस्ट, बारीक कटी हरी मिर्च, अमचूर पाउडर, हरा धनिया और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद गूंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें। अब एक लोई को बेलन की मदद से चपटा कर लें और उस पर कच्चे केले के मिश्रण को चारों ओर बिखेर दें। फिर दूसरी लोई को चपटा करें और उसे ऊपर रखकर बेलन की मदद से धीरे-धीरे दबाते हुए चपटा करें। कोशिश करें कि दोनों चपातियों के किनारों को बेलन से दबाकर आपस में चिपका दें। इसे गरम तवे पर सेंकें और जब एक तरफ से सिंक जाएं, तो उसे पलटकर ऊपर से देसी घी या मक्खन का लेप लगाएं, दूसरी तरफ भी ऐसे ही देसी घी लगाएं। इस तरह सभी परांठे तैयार करें। इन्हें दही, रायता या चटनी के साथ परोसें।

## मेथी पनीर मसाला

पनीर की सब्जी अपने आप में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होती है और अगर इसे हरी मेथी के साथ बनाया जाए, तो इसका जायका मजेदार हो जाता है। हरी मेथी का अपना स्वाद होता है और अगर इसे मलाई के साथ मिलाया जाए, तो इसका कड़वापन भी खत्म हो जाता है।

### सामग्री

पनीर: 250 ग्राम, हरी मेथी: 150 ग्राम, टमाटर: दो, प्याज: एक, काजू: सात-आठ, अदरक: आधा इंच, लहसुन: तीन-चार कलियां, हरी मिर्च: दो, लाल मिर्च पाउडर: एक चम्मच, धनिया पाउडर: आधा चम्मच, नमक: स्वादानुसार।



### विधि

सबसे पहले पनीर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और हरी मेथी के पत्तों को अच्छी तरह धोकर बारीक काट लें। इसके बाद एक कड़ाही में तेल गरम करें और उसमें जीरा डालकर चटकने तक भूनें। अब इसमें कटा हुआ प्याज डालें और हल्का सुनहरा रंग आने तक भूनें। फिर कटा हुआ अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और बारीक कटे हुए काजू इसमें डालें। इन्हें लगातार चम्मच से चलाते हुए कुछ सेकंड तक भूनें। इसके बाद कटे हुए टमाटर डालकर उन्हें धीमी आंच पर नरम होने तक पकाएं। जब यह सारा मिश्रण ठंडा हो जाए, तो इसे मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। अब कड़ाही में फिर से तेल गरम करें और कटी हुई मेथी की पत्तियां डालें। इसे धीमी आंच पर तब तक पकाएं, जब तक ये नरम न हो जाएं। फिर हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालें। अब इसमें पहले से तैयार टमाटर के मिश्रण का पेस्ट मिला दें। फिर इसमें जरूरत के मुताबिक पानी और नमक डालें। इसे धीमी आंच पर तीन-चार मिनट तक उबालें। अब इसमें मलाई डालकर चम्मच से अच्छी तरह मिला लें। फिर पनीर के टुकड़े और गरम मसाला पाउडर डालें। इसे चार-पांच मिनट तक पकाएं और थोड़ा ठंडा होने पर चपाती, नान या परांठे के साथ परोसें।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

